बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 10 मई 2024
वर्ष 34, अंक 103, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज 16

सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका 15


## आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट



**चारधाम यात्रा की भी होगी शुरुआत**

**देहरादून।** अक्षय तृतीया (शुक्रवार को) पर केदारनाथ धाम के कपाट प्रात: शुभ मुहुर्त में खोले जाएंगे। चारधाम यात्रा भी शुरू होगी। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम के मंदिर को फूलों से सजाया गया है। गुरुवार दोपहर बाबा की पंचमुखी उत्सव डोली गौरीकुंड से धाम पहुंच गई। सेना की 6 ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड ने भक्ति धुन के साथ डोली का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# परिवार की पांचों सीटें हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोला और मोहम्मदी की जनसभा में सपा-कांग्रेस पर बोला हमला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/ मोहम्मदी (खीरी)

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोला और मोहम्मदी की जनसभा में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की उम्मीदवारी वाली कन्नौज सीट समेत उनके परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी वाली सभी पांचों सीटें पर सपा की हार सुनिश्चित है। राज्य में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। गोला गोकर्णनाथ के राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन और मोहम्मदी के रामलीला मैदान में धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा के लिए जनसभा करते हुए महाराणा प्रताप को नमन किया। कहा कि पूरे देश में मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। कहा कि सपा की सरकार में आम जनता के लिए, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए इनके पास कोई कार्ययोजना नहीं थी, लेकिन माफिया और अपराधी को अपने गले का हार बनाकर पूरे देश को अराजकता की आग में झोंकने के लिए तैयार रहते थे। सपा की सरकार में दंगा होता था, रोज कर्फ्यू लगता था। अब किसी की आंख दिखाने तक की हिम्मत नहीं है।



### सत्ता में आए तो किसानों का कर्ज करेंगे माफ : अखिलेश



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो किसानों का पूरा कर्जा माफ करेंगे। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी। अग्निवीरों की सरकारी नौकरी होगी। भाजपा संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहती है। अबकी जनता संविधान बदलने वालों को ही बदल देगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा और कस्ता में धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के समर्थन में जनसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कहकर संविधान के पीछे पड़ी है। तिकुनियां कांड का जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री के बेटे ने थार गाड़ी से किसानों व एक पत्रकार को कुचल दिया। किसान दिल्ली पहुंचा तो वहां भी कुचलने का काम किया गया। इसका जनता वोट से जवाब देगी।






# बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों के डूब गए 7 लाख करोड़ रुपये

## सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22 हजार से नीचे

मुंबई, एजेंसी

- आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में आई गिरावट
- विदेशी निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के दबाव से भी बाजार की धारणा हुई प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली और बीएसई के सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक से नीचे चला गया, जिससे निवेशकों को करीब साढ़े सात लाख करोड़ का नुकसान हो गया है। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों वाले बीएसई के सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 अंक लुढ़क कर 72,404.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.21 अंक तक टूटा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र के दौरान यह 370.1 अंक तक लुढ़का था।



जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनाई। हमारा अनुमान है कि अल्पकाल में यह रुख बना रहेगा क्योंकि बाजार 22,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की आज होने वाली नीतिगत बैठक तथा अमेरिका में अगले सप्ताह जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़े से पहले वैश्विक सूचकांकों में मिला-जुला रुख रहा। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने बताया कि संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई।

### सेंसेक्स के टूटने से निवेशकों को नुकसान

नई दिल्ली। सेंसेक्स में तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पहुंच गया था।

## एक नजर

### बीआरएस नेता कविता ने हाईकोर्ट का रुख किया

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की जांच ईडी कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा शुक्रवार को अर्जी पर सुनवाई करेंगी। अधीनस्थ कोर्ट ने छह मई को कविता की बेल याचिका खारिज कर दी थी।

### पटाखा कारखाने में विस्फोट, नौ की मौत

**विरुधुनगर।** शिवकाशी में बृहस्पतिवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट से आग लग गई जिससे पांच महिलाओं सहित नौ श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में एक की हालत बेहद गंभीर है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत का ईडी ने किया विरोध

- सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को हलफनामे के जरिए उच्चतम न्यायालय में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक।

उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक नए हलफनामे में ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक, कानूनी अधिकार भी नहीं है। एजेंसी ने कहा कि उसकी जानकारी के अनुसार कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। यहां तक कि चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार भी यदि हिरासत में हो तो उसे अपने खुद के प्रचार के लिए भी अंतरिम जमानत नहीं दी जाती है।

# प्रयागराज जंक्शन पर मिले 93 बच्चे

प्रयागराज, एजेंसी

- अवैध तरीके से मदरसों में भेजा जा रहा था
- बिहार से सीमांचल एक्सप्रेस से लाया जा रहा था
- बाल तस्करी का शक, नौ लोगों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** आरपीएफ ने बृहस्पतिवार को प्रयागराज जंक्शन से 93 बच्चों को मुक्त कराया। इन बच्चों को सीमांचल एक्सप्रेस के माध्यम से अवैध तरीके से बिहार से लाया गया था और कई स्थानों के मदरसों में ले जाना था। बच्चों की तस्करी के शक में नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है।इससे पहले 26 अप्रैल को अयोध्या से इसी तरह डबल डेकर बस से 99 बच्चे बरामद किए गये थे। इन बच्चों को भी बिहार के अररिया जिले से सहारनपुर के मदरसा ले जाया जा रहा था।

प्रयागराज जंक्शन पर तैनात रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि ट्रेन से उतारने के बाद इन बच्चों को बाल कल्याण समिति में पेश किया गया, जहां उनकी देखरेख और काउंसलिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को ले जा रहे लोगों के पास इन बच्चों को ले जाना का कोई वैध प्रमाण पत्र नहीं मिला और ना ही इन बच्चों के साथ इनके माता पिता या परिवार का कोई सदस्य था। अधिकारी ने बताया कि ये बच्चे बिहार के अररिया के रहने वाले हैं और इनमें से कुछ बच्चों को दिल्ली, कुछ को राजस्थान के नागौर जिला और कुछ को देहरादून ले जाया जा रहा था।

### छह ग्रुप में कर रहे थे यात्रा

सीमांचल एक्सप्रेस में इन बच्चों को बिहार के अररिया स्टेशन से चढ़ाया गया था। इन बच्चों के पास जनरल टिकट मिले। ट्रेन में अलग-अलग छह ग्रुप में यह बच्चे यात्रा कर रहे थे। पूछताछ में पता चला कि बच्चों को जबरन ले जाया जा रहा था। बाल कल्याण समिति को शक है कि बच्चों को अवैध रूप से लाकर भिक्षावृत्ति, मजदूरी जैसे काम कराए जाते हैं।

### बाल संरक्षण आयोग हुआ सख्त

अयोध्या में बच्चों की बरामदगी को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अवैध तरीके से बच्चों का अवागमन रोकने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो के पत्र में बच्चों को अवैध रूप से ले जाकर मजदूरी, शौचालय साफ कराने के लिए मजबूर करने का जिक्र किया गया है।

# प्रेमियों के साथ मिलकर की पति की हत्या, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मलिहाबाद के कुशभरी गांव में बुधवार देर रात हुई वारदात
- मासूम बच्चों के साथ सो रहे युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला

**अमृत विचार :** राजधानी के मलिहाबाद में बुधवार देर रात एक महिला ने अपने दो प्रेमियों के साथ मिलकर पति की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी।

पुलिस के मुताबिक पति अपने तीन मासूम बच्चों के साथ सो रहा था। तभी पत्नी के दोनों प्रेमी घर के अंदर आए। एक ने उसका पैर पकड़ा और दूसरे ने कुल्हाड़ी से गर्दन काट दी। पुलिस पड़ताल में सामने आया कि दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम देते वक्त पत्नी मुस्कुरा रही थी। पुलिस ने गुरुवार को हत्यारोपी पत्नी और उसके दोनों प्रेमियों को गिरफ्तार कर हत्या मे इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

मलिहाबाद के कुशभरी गांव निवासी प्रदीप (35) की शादी रेखा से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी सिमरन 9, शिवांगी 5 और बेटा शिवा 3 साल का है। पुलिस के मुताबिक रेखा का गांव के सोनू पाल से प्रेम संबंध था। सोनू के करीबी मित्र व प्रदीप के पड़ोसी राजू रैदास को इसकी जानकारी थी। लगातार मुलाकात होने के दौरान रेखा का संबंध राजू से भी हो गया। दोनों अक्सर उससे मुलाकात करने के लिए घर के अंदर दाखिल हो जाते थे। इसकी जानकारी प्रदीप को हो गई। प्रदीप ने रेखा को दोनों से दूरी बनाने के लिए कहा। उसने राजू और सोनू को भी हिदायत दी। लेकिन तीनों ने उसकी बातों को अनसुना कर दिया।

### आधी रात को कॉल कर प्रेमियों को बुलाया

डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि पूछताछ में सोनू पाल और राजू रैदास ने कुबूल किया कि घटना को दोनों ने ही अंजाम दिया। प्रदीप को हत्यारोपियों और रेखा के संबंध पर आपत्ति थी। इससे नाराज तीनों ने मिलकर हत्या की साजिश रच डाली। बुधवार रात प्रदीप तीनों बच्चों और पत्नी रेखा के साथ कमरे में सो रहा था। प्रदीप के गहरी नींद में आने के बाद रेखा ने सोनू पाल और राजू को फोन कर कॉल किया। दोनों पहुंचे तो रेखा ने दरवाजा खोलकर उन्हें अंदर दाखिल कराया। पुलिस के मुताबिक गहरी नींद में सोए प्रदीप के पैर को सोनू व रेखा ने कसकर पकड़ा और बाद में राजू ने कुल्हाड़ी से उसका गला काट डाला। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी वहां से चले गए। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि रात तीन बजे घटना की सूचना मिली। घटनास्थल की जांच और पूछताछ से पत्नी पर शक हुआ। उसे थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने सचाई बताई।

## कांग्रेस ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा

**हरियाणा राजनीतिक संकट**

**चंडीगढ़, एजेंसी:** कांग्रेस ने हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर बृहस्पतिवार को राज्यपाल से मिलने का समय मांगा। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अल्पमत वाली सरकार को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के लिए समय मांगते हुए कांग्रेस की ओर से राज्यपाल कार्यालय को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वह राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत करना चाहती है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद और मुख्य सचेतक बीबी बत्रा एवं पार्टी के अन्य नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल 10 मई को राज्यपाल से मिलना चाहता है। तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

## एआई एक्सप्रेस की हड़ताल वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय श्रमायुक्त की मध्यस्थता के बाद बनी बात, बर्खास्त किए गए 25 कर्मचारी बहाल

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों द्वारा सामूहिक अवकाश पर जाने के बाद कंपनी प्रबंधन ने भी सख्त रुख अपना लिया और चालक दल के 25 सदस्यों को गुरुवार को बर्खास्त कर दिया।

श्रम आयुक्त (केंद्रीय) की मध्यस्थता में हुई वार्ता में एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने हड़ताल वापस ले ली। एयरलाइन ने 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद किया है। एयरलाइन में कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के बीमार होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों को रद किया। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय में चालक दल के सदस्यों के प्रतिनिधियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों के बीच बैठक में हड़ताल और बर्खास्तगी पत्र वापस लेने पर सहमति बनी।

### 85 उड़ानें रद कीं

**मुंबई/ नई दिल्ली :** एअर इंडिया एक्सप्रेस ने बृहस्पतिवार को 85 उड़ान रद कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद की जा चुकी हैं।

# हिंदू आबादी घटने पर गरमाई सियासत

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर भाजपा ने जताई चिंता
- तेजस्वी यादव ने कहा- भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पर रिपोर्ट के बाद देश में सियासत गरमा गई है। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले आई है।

भाजपा ने देश में मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और आश्चर्य जताया कि मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली कांग्रेस यदि सत्ता में आती है तो इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिले आरक्षण पर क्या असर पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में हिंदू आबादी कम हो गई। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ भविष्य में आरक्षण के हिस्से में बदलाव करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि इसकी अधिक संभावना है क्योंकि उनमें (मुसलमानों) में कई शादियों का चलन है। वहीं, विपक्षी नेताओं ने भाजपा पर सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाकपा के महासचिव डी राजा और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह रिपोर्ट विवाद उत्पन्न कर वोट हासिल करने का प्रयास है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने की कोशिश कर रही है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एजेंडा है।

### 65 वर्षों में 7.82 प्रतिशत घटी हिंदू आबादी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है जबकि मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे पता चलता है कि देश में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल है।




## एक नजर

### रालोद की राजस्थान कार्यकारिणी भंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के केन्द्रीय नेतृत्व ने गुरुवार को राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष समेत पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व वर्तमान सांसद मलूक नागर को नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। चुनाव के दौरान कार्यकारिणी भंग करने के संबन्ध में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहना है कि पार्टी नेतृत्व का निर्णय है, उस कोई टिप्पणी नहीं है, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

### घर-घर पहुंचाया जाए कांग्रेस का न्याय पत्र : सीपी राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र को घर-घर पहुंचाया जाए। राय गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया विभाग की सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए चुनाव को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण पर काम कर रही है, ऐसे में पार्टी की न्याय पत्र दिये गये गारंटी को मीडिया के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाया जाए। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी व चित्रा निषाद बाथम मौजूद रहीं।

### आचार संहिता उल्लंघन में 133 पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के दौरान अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,48,52,256 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 91,30,890 तथा निजी स्थानों से 57,21,366 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 10,18,331, पोस्टर के 41,73,275, बैनर के 25,51,606 एवं अन्य 13,87,678 मामलों में कार्रवाई की गई।

# पित्रोदा के पीछे पड़ी भाजपा, बचाव में कांग्रेस

## योगी ने कहा- ऐसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को ही मुबारक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की बर्खास्तगी की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सैम पित्रोदा के विवादित बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी प्रतिक्रिया के बाद प्रदेश में भी इसकी गूंज है। भाजपा नेता पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर हमलावर हो गए हैं।

गुरुवार को भाजपा सरकार और संगठन दोनों के नेतृत्वकर्ताओं ने पित्रोदा को लेकर कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़े किए। वहीं, कांग्रेस इस मसले पर बचाव की मुद्रा में है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने जहां उनके बयान को बकवास करार दिया, वहीं दूसरे नेता भी ऐसे बयानों से पल्ला झाड़ रहे हैं।

### देश से माफी मांगे कांग्रेस : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इस मुद्दे पर अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। वे कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयां कर रहे हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। वे लोग उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत को रंग व चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा है।

### इस्तीफा राजनीतिक नाटक मात्र : भूपेंद्र



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भी गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि राहुल गांधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जो कि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा एक राजनीतिक नाटक मात्र है। क्या कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस डैमेज कंट्रोल के लिए है। चौधरी के मुताबिक, अभी तक राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गांधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की।

### पित्रोदा का बयान बकवास : रॉबर्ट वाड्रा



इस बीच पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मीडिया को दी प्रतिक्रिया में पित्रोदा के बयान को बकवास करार दिया है। वाड्रा ने कहा, जब आप इस परिवार (गांधी) से जुड़ जाते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना पड़ता है। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मिस्टर सैम पित्रोदा ने जो भी कहा है, बकवास ही की है। कोई आदमी जो इतना पढ़ा लिखा है, वो कैसे ऐसा बोल सकता है?

### पित्रोदा औपचारिक प्रवक्ता नहीं : पंखुड़ी

बुधवार को अमेठी पहुंची कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी पंखुड़ी पाठक ने भी कहा था कि सैम पित्रोदा हमारे औपचारिक प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने जो भी बयान दिया है, उसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी एक्स पर लिखा था कि उनके बयानों से पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

# जनसंख्या असंतुलन पर गंभीर बहस की जरूरत : चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इसे कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीतियों का परिणाम बताया
- बोले- इंडी गठबंधन के तमाम नेता कर रहे अनर्गल बयानबाजी

**अमृत विचार :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पार्टी मुख्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एक सवाल के जवाब में कहा कि देश में जनसंख्या असंतुलन बड़ा गंभीर विषय है। इस पर गंभीर बहस की जरूरत है। यह असंतुलन कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीतियों का परिणाम है। कांग्रेस की मुहब्बत की दुकान देश को कुछ और ही बनाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि, अब बात आबादी की ही नहीं, हिस्सेदारी की भी है। कांग्रेस ने ओबीसी हिंदुओं के आरक्षण पर डाका डालने का कुत्सित प्रयास शुरू किया है। क्या कांग्रेस अब इन्हें ओबीसी सूची में डालकर अधिक संख्या में आरक्षण की चोरी करवायेगी। कांग्रेस देश के लिए नासूर है, आज सभी को सोचने की जरूरत है, इसीलिए देश में मोदी जी की सरकार जरूरी है।

प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक, इंडी गठबंधन के तमाम नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस का एक नेता देश को तोड़ने की बात करता है, दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग करता है तो कांग्रेस उसे लोकसभा का टिकट देती है।

# संविधान को आंच नहीं आने देंगे : प्रियंका

संवाददाता, रायबरेली

- कांग्रेस महासचिव ने रायबरेली में की नुक्कड़ सभा



**अमृत विचार :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भांव में नुक्कड़ सभा में भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि आज भाजपा संविधान क्यों बदलना चाहती है, क्योंकि वो आपके अधिकारों को कुचलना चाहती है। वो आरक्षण को कुचलना चाहती है। भाजपा आवाज दबाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। उन्होंने राहुल भैया को परेशान किया। उनकी सदस्यता छीनी। उनका घर छीना। लेकिन वो पीछे नहीं हटे। हमारी विरासत शहादत की है। भाजपा चाहे कुछ भी कर ले लेकिन हम संविधान को आंच नहीं आने देंगे। संविधान के लिए हर कुर्बानी को तैयार। नहीं बदलने देंगे भाजपा को संविधान।

इससे पहले प्रियंका गांधी ने मुंशीगंज, रायबरेली स्थित किसान शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद किसानों को याद करते हुए कहा कि 1920-21 के असहयोग आंदोलन के दौरान अवध में किसान आंदोलन छिड़ गया। यह आंदोलन बाबा रामचंद्र और मदारी पासी के नेतृत्व में चला था। आंदोलन के दौरान रायबरेली के मुंशीगंज में भयानक गोलीकांड हुआ।

7 जनवरी 1921 को सई नदी के पुल पर किसानों को घेरकर गोलियों से भून दिया गया था। इसकी सूचना मिलने पर पंडित मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू जी रायबरेली पहुंचे थे और पीड़ित किसानों से मुलाकात की। इस नरसंहार के यह आंदोलन और तेज हुआ तो मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में शहीद किसानों की याद में यहां पर शहीद स्मारक बनाया गया।

## बसपा ने कुशीनगर और देवरिया में उतारे प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा ने अबतक रिक्त चल रही कुशीनगर लोकसभा सीट पर शुभ नारायण चौहान को और देवरिया में संदेश यादव उर्फ मिस्टर को उम्मीदवार बनाया है। इसी के साथ प्रदेश में बसपा प्रत्याशियों की संख्या 79 पहुंच गई है। माल एवेन्यू स्थित केन्द्रीय कार्यालय से यह घोषणा राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने गुरुवार को दो प्रत्याशियों की 14वीं सूची जारी की है। सूची जारी होने के साथ ही स्वामी प्रसाद मौर्या को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर विराम लग गया है। सोशल मीडिया से लेकर राजनीति के गलियारों में स्वामी प्रसाद मौर्या के बसपा में जाने की चर्चाएं चल रहीं थीं।

# सपा व भाजपा के वादे हवा-हवाई : मायावती

संवाददाता, कन्नौज

- बसपा प्रमुख ने पार्टी के लोस प्रत्याशियों के लिए किया प्रचार



**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां गुरुवार को चुनावी जनसभा 5 साल बाद संबोधित की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कहा कि कांग्रेस ने देश को सबसे ज्यादा बर्बाद करने का काम किया। इसके साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी भी हवा-हवाई वादे कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। बसपा केंद्र की सत्ता में आई तो कागजों और वादों में नहीं बल्कि जमीन पर काम दिखेगा।

गुरुवार को मायावती ग्राम तेराजाकेट के तालग्राम रोड स्थित पायका मैदान में फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा के लोकसभा प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि बसपा अपना घोषणापत्र जारी नहीं करती है बल्कि जनता से किए गए वादों को पूरा करती है। यही कारण है कि बसपा के चारों शासनकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, पार्टी ने बेहतर कानून व्यवस्था के साथ सभी को भयमुक्त वातावरण दिया था लेकिन विरोधी दल धर्म, जाति और संप्रदाय के नाम पर जनता को बांट कर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। कहा कि भाजपा, सपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से बांड के नाम पर भारी रकम एकत्र करते हैं, जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। वहीं, बसपा अपने कार्यकर्ताओं और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से धन एकत्र करती है। केंद्र में सरकार बनने पर बसपा अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराएगी। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर परिवारवाद का आरोप लगाया।

# बहुमत दिया तो राम मंदिर बनाया : राजनाथ

## रक्षामंत्री ने प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में कहा, नेताओं के प्रति अब विश्वास का संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने के कारण राजनीति के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के प्रति विश्वास का संकट पैदा हो गया है। लेकिन हम उस दल से हैं, जो कहा वह किया है। इलेक्शन मेनिफेस्टो के एक-एक कथन को हमने पूरा किया है। रक्षामंत्री गुरुवार को गोमती नगर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में बोल रहे रहे थे।



गोमती नगर में मतदाता जागरूकता मंच द्वारा आयोजित प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि संसद के दोनों सदनों में जिस दिन बहुमत प्राप्त होगा, धारा 370 समाप्त कर देंगे। हमने वह कर दिखाया। 1984 से लगातार अयोध्या की धरती पर भव्य राम का मंदिर बनाने की बात कह रहे थे उसे पूरा कर दिया। न्यायालय के आदेश से यह निर्णय हुआ। हमारी नीयत में खोट नहीं है, इसलिए राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला टेंट से निकलकर अपने महल में प्रवेश कर गए। जब लोगों के अंदर दायित्व बोध उत्पन्न होगा तो समझ लीजिए कि रामराज आ गया है।

### संघ ने कभी नहीं की हिंदू-मुसलमान की बात

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं मूलत: आरएसएस का स्वयंसेवक हूं। मुझे किसी भी मंच पर यह बोलने में संकोच नहीं होता है। संघ ने कभी हिंदू-मुसलमान की बात नहीं की। राजनीति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि यह दो शब्दों से मिलकर बना है। राज और नीति। ऐसा राज्य जो समाज को सद्मार्ग की ओर ले जाने का कार्य करे उसे ही हम राजनीति कहते हैं लेकिन यह दुर्भाग्य है कि राजनीति शब्द इन दिनों अपना भाव और अर्थ खो चुका है। उसे पुन: भारत की राजनीति में स्थापित करना है। हम देश बनाने के लिए राजनीति करते हैं। ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं जो धनवान भी हो, साथ ही ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म के जरिए सारे विश्व का नेतृत्व कर सके।

# बहुजन समाज के लिए अंतिम सांस तक लड़ूंगा : आकाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पद छिनने के बाद आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख के प्रति प्रकट की आस्था



**अमृत विचार :** नेशनल कॉआर्डिनेटर का पद और उत्तराधिकार गंवाने के 36 घंटे के भीतर गुरुवार सुबह आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख मायावती के प्रति परिपक्व शब्दों में पूरी आस्था प्रकट की, साथ ही अपना उद्देश्य भी स्पष्ट किया। आकाश ने अपनी 'एक्स' पोस्ट पर बसपा प्रमुख को संबोधित कर लिखा कि वह उनकी सर्वमान्य नेता हैं। उनका आदेश सिर माथे पर। उन्होंने कहा कि भीम मिशन और अपने समाज के लिए वह अपनी अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे।

पूर्व नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश ने लिखा कि बसपा प्रमुख पूरे बहुजन समाज के लिए एक आदर्श हैं। करोड़ों देशवासी उनको पूजते हैं। उनके संघर्षों की वजह से ही आज बहुजन समाज को एक ऐसी राजनीतिक ताकत मिली है, जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है।

मालूम हो कि बीते मंगलवार रात को मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाने का फैसला वापस लेते हुए नेशनल कॉआर्डिनेटर के पद से भी मुक्त कर दिया था।

## सार-संक्षेप




व्यापारी सम्मेलन की तैयारी को लेकर हलवासिया कोर्ट स्थित कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

### राजनाथ के समर्थन में 13 को होगा व्यापारी सम्मेलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सभी व्यापारी संगठन लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में खड़े हैं। 13 मई को रक्षा मंत्री के समर्थन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह बातें भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने गुरुवार को हजरतगंज के हलवासिया कोर्ट स्थित केंद्रीय कार्यालय में व्यापारी सम्मेलन की तैयारी पर आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लखनऊ महानगर के सभी व्यापार मंडल एवं संगठन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव व्यापारी के हित के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहती है। लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह व्यापारियों के साथ हमेशा खड़े रहते हैं। व्यापारी वर्ग जो भी समस्या लेकर जाते हैं उनका निस्तारण कराते हैं।




संगोठी को संबोधित करते केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट।

### अजय भट्ट ने भाजपा प्रत्याशी के लिए किया प्रचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बुधवार को लखनऊ पूर्व विधानसभा से उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से भारतीय जनता पार्टी को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने की अपील की। ओपी श्रीवास्तव ने आईसीएससी बोर्ड की 12वीं परीक्षा में देश में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तान्या वर्मा का सम्मान किया। उनके समर्थन में पत्नी किरन श्रीवास्तव ने गोमती नगर स्थित विनय खंड में महिला मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार अभियान में भाग लिया। ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि मैं हमेशा सिर्फ जनता की सेवा के लिए समर्पित हूं। उन्होंने पंचवटी पार्क विनय खंड, राजीव गांधी प्रथम वार्ड में जनसम्पर्क किया।

### दिनेश शर्मा ने जनसभा कर मांगे वोट

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने गुरुवार को लाप्लास कालोनी में आयोजित जनसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रोपोलिटन सिटी की तर्ज पर रक्षा मंत्री विकसित कर रहे हैं। अटल जी की परंपरा को राजनाथ सिंह ने आगे बढ़ाने का काम किया है। राज्यसभा सांसद ने इंदिरा नगर स्थित मुंशी पुलिया हनुमान मंदिर में पूजा जसवानी द्वारा आयोजित जनसभा, महानगर स्थित विवेकानंद पुरी सेक्टर बी में जीडी शुक्ला, रीना चौरसिया द्वारा आयोजित जनसभा तथा कन्हैया माधोपुर द्वितीय स्थित फरीदीपुर दुबग्गा सुनील शुक्ला द्वारा आयोजित जनसभा कार्यक्रम में शामिल होकर लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को तीसरी बार लखनऊ से सांसद बनाने की अपील की।

### मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिद्धार्थनगर के थाना चिल्हिया पुलिस एवं क्राइम ब्रांच ने बुधवार की देर रात मुठभेड़ के दौरान 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर हत्या, गैंगस्टर सहित 36 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेपाल के पकड़ीहवा के रास्ते ग्राम चेतरा के पास कुख्यात अपराधी रमजान उर्फ बन्नर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान रमजान की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई। हालांकि इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। कुछ देर बार पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



एनआईए महानिदेशक सदानंद दाते को स्मृति चिन्ह भेंट करते डीजीपी प्रशांत कुमार।

## महानिदेशकों के बीच आतंकवाद रोकने पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरुवार को पुलिस मुख्यालय पर राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) नई दिल्ली के महानिदेशक सदानंद दाते ने उप्र. के डीजीपी प्रशांत कुमार से मुलाकात की। इस दौरान दोनों अफसरों में उप्र. पुलिस और एनआईए के बीच बेहतर समन्वय, आतंकवादी विरोधी उपायों एवं उनके संगठनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ साथ अन्वेषण आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## आगरा में रिणवा ने देखा ईवीएम स्ट्रांग रूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरुवार को आगरा के फिरोजाबाद रोड स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में स्थापित ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आगरा (अजा) के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम व वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रिणवा ने विधान सभावार ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों और वहां पर तैनात सुरक्षा बलों की जानकारी ली और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

# काला धन बोरी भर-भर कर उपलब्ध मतलब नोटबंदी फेल : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा के आरोपों को संज्ञान में लेते हुए कहा है कि किसान की बोरी से चोरी करने वालों ने बोरी भरे काले धन का आरोप लगाकर ख़ुद ही ये स्वीकार कर लिया है कि देश में काला धन बोरी भर-भर कर उपलब्ध है। उन्होंने कहा, इसका मतलब ये बात नोटबंदी की असफलता को भी स्वीकार करती है, क्योंकि वो मान रहे हैं, काला धन न केवल है बल्कि भरपूर चलन में भी है।

सपा प्रमुख ने गुरुवार को अपनी एक्स पोस्ट में आगे लिखा कि इसका एक अर्थ ये भी हुआ कि बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने टैक्स के रूप में जीएसटी आयकर और अन्य प्रकार के टैक्स की चोरी की होगी तभी तो काला धन पैदा हुआ। यह सरकार ने होने दिया या रोक नहीं पायी, दोनों अवस्था में यह सरकार की ही नाकामी है। इसका मतलब भाजपा सरकार के पिछले दस सालों के सारे बड़े फैसले नोटबंदी, जीएसटी गलत साबित हुए हैं।

## अब कांग्रेस प्रमुख खरगे उतरेंगे चुनाव प्रचार में

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरे कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव मैदान में उतरेंगे। प्रदेश में उनका चुनावी दौरा तय हो गया है। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने बताया कि खरगे 14 मई को महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन वह बांसगांव लोकसभा में कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सदल प्रसाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# नेपाल की सिम से वाट्सएप अकाउंट बनाकर जियाउलहक देता रहा जांच एजेंसियों को चकमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूछताछ में पाकिस्तानी एजेंट ने कबूला, एटीएस ने 14 तक रिमांड कस्टडी पर लिया

**अमृत विचार :** पांच दिन पहले एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया पाकिस्तानी एजेंट जियाउलहक उप्र. में बैठकर पाकिस्तानी कमांडर को सूचनाएं देता था। स्वयं की पहचान छिपाने के लिए वह नेपाल की सिम से वाट्सएप अकाउंट बनाकर जांच एजेंसियों को चकमा देता रहा। यह जानकारी रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में एजेंट जियाउल हक ने दी। एजेंट को 14 मई तक के रिमांड कस्टडी पर लाया गया है।

पूछताछ के दौरान जियाउल हक ने बताया कि पाकिस्तान में बैठे कमांडर को वह जो भी सूचनाएं देता था, उसके एवज में पैसा ट्रांसफर कराता था। पैसा ट्रांसफर साइबर ठगी के द्वारा किया जाता था। पूछताछ में जियाउलहक का इजहारुल के साथ नाम सामने आया है। इजहारुल बिहार की जेल में बंद था। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, जियाउल हक सीधे तौर पर पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था। आईएसआई के पाकिस्तानी कमांडर के कहने पर भारतीय खुफिया जानकारी देने वाले एजेंट्स को पैसे भेजने का काम करता था। इसके लिए कई लोगों को पैसे का लालच देकर उनके खाते खुलवाए। सभी बैंक खातों को वह स्वयं आपरेट करता था। जियाउलहक ने मार्च 2023 में गिरफ्तार किए गए रियाजुद्दीन के खाते में साइबर ठगी के 70 लाख रुपये जमा कराये थे। यह पैसा रियाजुदीन के खाते में मार्च 2022 से अप्रैल 2022 तक जमा हुआ था। इन पैसों को जियाउलहक ने कई खातों में भेजकर भारतीय एजेंट को मुहैया कराता था।

## भगवती सिंह और गणेश कुमार को निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा विभाग के दो संयुक्त शिक्षा निदेशकों को निदेशक स्तर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। गुरुवार को विभाग के प्रमुख सचिव डा. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत माध्यमिक शिक्षा के संयुक्त शिक्षा निदेशक भगवती सिंह को निदेशक साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है जबकि बेसिक शिक्षा निदेशालय में संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार को निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# अब्बास अंसारी की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज की

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कहा, अभियुक्त मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत प्रथमदृष्टया निर्दोष नहीं

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लांड्रिंग के एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि मनी लांड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत कोर्ट प्रथमदृष्टया इस बात से संतुष्ट नहीं है कि अभियुक्त इस मामले में निर्दोष है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया है। मामले में आरोप है कि मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन नाम की फर्म मनी लांड्रिंग में सीधे तौर पर शामिल है, उक्त फर्म के द्वारा जमीनों पर कब्जा कर गोदामों का निर्माण कराया गया और उन गोदामों को एफसीआई को किराए पर देकर 15 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की गई। कहा गया है कि उक्त फर्म ने नाबार्ड से सवा दो करोड़ रुपये की सब्सिडी भी प्राप्त कर ली। आरोप है कि उक्त विकास कंस्ट्रक्शन की मेजर शेयर होल्डर अभियुक्त की मां अफशां अंसारी है तथा विकास कंस्ट्रक्शन सीधे तौर पर मेसर्स आगाज से सम्बंधित है जो अभियुक्त के नाना की कंपनी है।





## शहर में आज



- दुबग्गा के प्राथमिक विद्यालय भुवंर–2 में लोक संस्कृति शोध संस्थान की देखरेख में दादी –नानी की कहानी कार्यक्रम– 9 :30 बजे।
- संतपुरम तकरोही में साई धाम मंदिर के निकट तिवारी गेस्ट हाउस में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव– 10 :00 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय न्यू कैंपस के पास राधेश्यामपुरवा में कैलाशकल्प गेस्ट हाउस में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भारतीय ब्राह्मण एकता फाउंडेशन का कार्यक्रम–10 :00 बजे।
- हलवासिया मार्केट स्थित जूडो अकादमी में अंतर जिला जूडो चैंपियनशिप–12 :00 बजे।

# हटेंगे टेंपो-बस अड्डे, बनेंगे 150 नए वेंडिंग जोन

## जाम से निजात और यातायात सुधारने को जेसीपी लॉ एंड आर्डर ने बनाया मास्टर प्लान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी की यातायात व्यवस्था सुधारने और जाम से निजात दिलाने के लिए जेसीपी लॉ एंड आर्डर ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इसमें भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से बस अड्डे, टेंपो स्टैंड हटाने और नए वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव एडीजी को भेजा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर लोकसभा चुनाव बाद व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

एडीजी अमिताभ यश ने पिछले माह कमिश्नरेट के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें एडीजी ने जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार से राजधानी में जाम की समस्या हल करने और यातायात व्यवस्थित करने के लिए

**▸▸ एडीजी अमिताभ यश को भेजा गया मास्टर प्लान, मंजूरी मिलने पर लोकसभा चुनाव के बाद होगा अमल**

मास्टर प्लान मांगा था। इसी मास्टर प्लान के तहत भीड़भाड़ वाले इलाकों से बस अड्डों और टेंपो स्टैंड को बाहर करने और स्ट्रीट वेंडरों के लिए 150 नए वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव दिया गया है।

जेसीपी ने बताया लोक सभा चुनाव के बाद ई-रिक्शा संचालक ने को लेकर पूर्व में जारी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जायेगा। बताया अब तक करीब 28 हजार के आसपास ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन हो चुका है। चुनाव के बाद इन पर स्टीकर चस्पा कर संचालन शुरू कराया जायेगा।



हजरतगंज पार्क रोड स्थित क्राइस्ट चर्च स्कूल के पास लगा जाम।

### एलडीए, नगर निगम पीडब्ल्यूडी से लेंगे मदद

जेसीपी ने बताया कि मास्टर प्लान को लागू कराने में जिला प्रशासन, एलडीए, नगर निगम, पीडब्लूडी की मदद ली जाएगी। इन विभागों से चर्चा कर व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी। नए वेंडिंग जोन, बस अड्डों व टेंपो स्टैंड के लिये जमीन और स्थान संबंधित विभागों की मदद से चिन्हित किए जाएंगे।

### शहर को 16 जोन में बांटकर होगा ई-रिक्शा का संचालन

जेसीपी ने बताया जाम की समस्या का एक कारण ई–रिक्शा भी हैं। मास्टर प्लान में इन पर विशेष फोकस किया गया है। ई–रिक्शा के व्यवस्थित संचालन के लिए राजधानी को 16 जोन में बांटा गया था। लोकसभा चुनाव के बाद ई–रिक्शा का रूट निर्धारण कर दिया जाएगा। नए ई–रिक्शा के पंजीकरण के लिए भी नियम बनाए जाएंगे। बिना परमिट वाले ई–रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित किया जाएगा। जेसीपी ने कहा कि प्लान एडीजी को भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही आगे की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

# गृहकर ज्यादा है तो आज नगर निगम में दर्ज कराएं आपत्ति

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे में अगर आपका गृहकर कई गुना बढ़ गया है तो शुक्रवार को नगर निगम जाइये। नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जीआईएस समाधान दिवस के तहत शिविर लगाया जाएगा। इसमें आपत्तियां दर्ज कर निस्तारण किया जाएगा।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को शिविर लगाए जाएंगे। भवन स्वामी गृहकर के संबंध में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। भवन स्वामियों को आपत्ति के साथ गृहकर का बिल, रजिस्ट्री की कॉपी, भवन

**▸▸ सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लगेगा शिविर, एक सप्ताह में किया जाएगा आपत्ति निस्तारण**

के वर्तमान स्वरूप की फोटो और अन्य अभिलेख भी लाने होंगे। स्थिति को देखकर आपत्ति का निस्तारण एक सप्ताह में करा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि गृहकर निर्धारण के लिए किए जा रहे जीआईएस सर्वे में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं। गृहकर कई गुना तक बढ़ाने की बात कही जा रही है। इस पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने शासन में शिकायत की थी। इस पर प्रमुख सचिव ने निगम को प्रत्येक शुक्रवार को शिविर लगाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# अवैध निर्माण के मामले में एलडीए सचिव 14 मई को हाईकोर्ट में तलब

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित अवैध निर्माण के एक मामले में एलडीए सचिव को तलब किया है। न्यायालय ने उन्हें सम्बंधित रिकॉर्ड के साथ 14 मई को उपस्थित होने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने शांति शरण मिश्रा की ओर से दाखिल वर्ष 2014 की जनहित याचिका पर पारित किया है।

न्यायालय ने पाया कि 6 सितंबर 2014 को पारित अंतरिम आदेश के बावजूद हुसैनगंज इलाके में एक अपार्टमेंट व एक अवैध होटल का निर्माण कर लिया गया जबकि उक्त निर्माण के सम्बंध में एलडीए द्वारा कोई नक्शा नहीं पास किया गया है।

**▸▸ वर्ष 2014 की दाखिल जनहित याचिका पर रिकार्ड पेश करने के दिए आदेश**

न्यायालय ने यह भी पाया कि वर्ष 2014 में दाखिल उक्त जनहित याचिका पर अब तक एलडीए द्वारा कोई जवाब नहीं दाखिल किया गया। इस बार की सुनवाई के दौरान भी एलडीए की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह समय दिए जाने की मांग की गई। न्यायालय ने कहा कि याचिका में बहुत ही गंभीर आरोप लगाए गए हैं, बावजूद इसके एलडीए ने अब तक जवाब दाखिल नहीं किया लिहाजा एलडीए सचिव स्वयं उपस्थित होकर बताएं कि कोर्ट के रोक के बावजूद क्या अवैध निर्माण हुए हैं।

## हैदराबाद व मुंबई की दो-दो उड़ानें रद, यात्री हुए हलकान

**अमृत विचार सरोजनीनगर :** एयर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों की बगावत का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। इसी कारण गुरुवार को चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हैदरबाद व मुंबई की दो–दो उड़ाने निरस्त रहीं। खराबी के चलते एयर इंडिया की भी कुछ उड़ानें निरस्त करनी पड़ीं। मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स–2784), हैदराबाद जाने वाली उड़ान (आईएक्स–955) और वापस आने वाली (आईएक्स–953) को भी निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा मुंबई की उड़ानों में एयर इंडिया का (एआई–321), अकासा एयरलाइंस की उड़ान (एकेजे–1526) भी निरस्त रही। वहीं चेन्नई जाने वाला एयर इंडिया का विमान (एआई–626) और (एआई–321) भी निरस्त रहा। जबकि बेंगलुरू जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान करीब सवा दो घंटे की देरी से उड़ान भर पाया।



आलमबाग की सर्राफा दुकान में सोने–चांदी के गहने देखते लोग।

# अक्षय तृतीया आज, सर्राफा बाजार में रहेगी रौनक

**अमृत विचार, लखनऊः** अक्षय तृतीया शुक्रवार को है। इसमें स्वर्ण की खरीदारी को शुभ माना जाता है। शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए बाजारों में रौनक रहेगी। ग्राहकों के लिए सभी सिगमेंट के व्यापारियों ने तरह-तरह की छूट का एलान किया है।

**प्रमुख सर्राफा बाजारों में पूर्वाह्न से ही जुटेंगे ग्राहक :** चौक, ठाकुरगंज, अमीनाबाद, गणेशगंज, नाका हिंडोला, आलमबाग, कृष्णानगर, इंदिरानगर भूतनाथ मार्केट, गोमतीनगर, पत्रकारपुरम समेत सभी बाजारों में ग्राहकों के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। आलमबाग सर्राफा के अध्यक्ष बद्री नारायण गुप्ता ने बताया कि साप्ताहिक बंदी के बावजूद आलमबाग में ग्राहकों ने अपनी डिजाइनर ज्वेलरी पसंद की। कल उसकी डिलीवरी कई ग्राहक लेंगे। पर्व के दिन उन्हें ऑफर का लाभ भी दिया जाएगा। लखनऊ सर्राफा के संगठन मंत्री आदीश जैन ने बताया कि मनपसंद ज्वेलरी के डिजाइन पसंद आज भी पसंद किए गए। अक्षय तृतीया पर्व के दिन ग्राहक ज्वेलरी उठाएंगे। नटखेड़ा रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि पूर्वाह्न से ही रौनक रहेगी।

### कपड़ा बाजार भी होगा गुलजार

गणेशगंज, अमीनाबाद, श्रीराम रोड, भूतनाथ समेत सभी प्रमुख बाजारों में भी रौनक रहने के आसार हैं। कल के बाद लंबे समय बाद सहालग आएगी। ऐसे में लोग कपड़ों में विशेष तौर पर लहंगा और साड़ी की खरीद करेंगे। कारोबारी उत्तम कपूर बताते हैं कि लहंगे की तमाम वैरायटी शोरूम में हैं। छूट भी ग्राहकों को दी जा रही है। वहीं श्रीराम रोड और इंदिरानगर के प्रतिष्ठान मालिक प्रभू जालान बताते हैं कि कपड़ा, साड़ी, लहंगा, चादर, पर्दा समेत अनेक ब्रांडेड आइटम पर पांच फीसद छूट दी जाएगी।




# मार्च में मिला बजट, स्कूलों ने अभी तक नहीं खरीदी खेल किट

## 1.33 लाख से अधिक विद्यालयों को मार्च में मिला था 89 करोड़ का बजट, अभी तक कहीं से भी नहीं दिया गया ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए खेल किट का बजट जारी होने के बाद भी प्रधानाध्यापकों की ओर से खरीददारी नहीं की गई है। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक की ओर से मार्च महीने में आदेश जारी किया गया था कि शैक्षिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत खेल किट की खरीदारी शुरू की जाए। लेकिन पूरा मार्च के साथ-साथ शैक्षिक सत्र का पहला महीना अप्रैल भी बीत चुका है लेकिन कितने स्कूलों में खेल किट खरीद ली गई, इसका ब्योरा अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है।



**▸▸ प्रधानाध्यापक बोले, चुनाव ड्यूटी के अलावा अन्य सरकारी कार्यों के चलते नहीं बांट सके खेल किट**

वहीं प्रधानाध्यापकों का कहना है कि अभी सत्र की शुरूआत हुई है। उसके बाद चुनाव ड्यूटी के अलावा अन्य सरकारी कार्य होने के चलते इस पर गौर नहीं किया जा सका है। हालांकि अब गर्मियों की छुट्टी में खरीदारी शुरू की जायेगी। बता दें कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर साल खेल किट के लिए बजट जारी किया जाता है। इसके पीछे केंद्र सरकार की भी गाइडलाइन है कि "खेलें भी और खिलें भी" को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में एक्टिविटी कराई जाएं।

सभी सरकारी स्कूलों में खेल किट के लिए इस बार 89 करोड़ का बजट जारी किया गया है। इस बजट के माध्यम से प्रधानाध्यापकों को खेल किट की खरीदारी करनी है। इसमें प्रत्येक प्राइमरी विद्यालय के लिए पांच हजार रुपये और जूनियर विद्यालय के लिए 10 हजार रुपये का बजट निर्धारित है। ये बजट समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिया जाता है।

**स्थानीय खेलों पर भी देना होगा ध्यान :** विद्यालय में खेल समिति की ओर से खेल-कूद सामग्री के चयन के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों एवं समूह में खेले जाने वाले खेलों पर भी ध्यान देना होगा। इसमें खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल, हैंडबॉल को प्राथमिकता देनी होगी।

**दिव्यांग छात्रों के लिए ये होगी व्यवस्था :** विद्यालय में पढ़ने वाले शारीरिक रूप से दिव्यांग व दृष्टिबाधित छात्रों के लिए खेल गतिविधियों में शतरंज, कैरम, ब्लाइंड किकेट, बैडमिण्टन, एथलेटिक्स आदि दिव्यांग सुरक्षित खेल गतिविधियां कराने के निर्देश हैं।

### इन बातों का रखना होगा ध्यान

- ▸▸ स्कूलों में प्रथम उपचार के लिए मेडिकल बॉक्स जरूरी।
- ▸▸ शिक्षकों द्वारा अनिवार्य रूप से खेलों का पर्यवेक्षण किया जाए।
- ▸▸ खेल के मैदान के पास तालाब, पत्थर, पेड़ की खूंट नहीं होनी चाहिए।
- ▸▸ खेल मैदान घासयुक्त होना चाहिए।

### विद्यालय स्तरीय खेल समिति करेंगी खरीदारी

खेल किट की खरीदारी के लिए विद्यालय स्तरीय खेल समिति गठित करने के निर्देश दिए गये हैं। इसमें स्कूल से प्रधानाध्यापक और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से वार्डेन और खेलकूद शिक्षक व अभिभावकों को शामिल किया गया है। खेल समिति की ओर से खेल सामग्री के क्रय के लिए पूर्व वर्षों में क्रय की गई खेल सामग्री की उपयोगिता का आकलन करते हुए वर्ष 2023-24 में गुणवत्तायुक्त खेल सामग्री का क्रय करना होगा। इसके साथ प्रमाण के लिए डाटा कैप्चर फॉर्म डीसीएफ भी भरना होगा। इसके लिए विभागीय स्तर से सभी स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही लापरवाही न बरतने की चेतावनी भी दी गई है।

# क्विज व चित्रकला प्रतियोगिता आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** यातायात जागरूकता व जन चेतना दिवस पर 10 मई शुक्रवार को सुबह 9 से 11 बजे सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर चित्रकला और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी डीसीपी यातायात सलमान ताज पाटिल ने दी।

उन्होंने बताया कि मरीन ड्राइव के पास आंबेडकर पार्क में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रतियोगिता में स्क्ल छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस दौरान छात्रों, स्वयं सेवकों व यातायात पुलिस द्वारा वाहनों को चलाते समय जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है की टाइमसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हाउसिंग लिमिटेड कार्यालय 1/32, विनम्र खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ के 10/11 निदेशकों के नियुक्ति पत्र, मिनट बुक, त्यागपत्र, लेटर हेड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड कही खो गया है। जिस किसी को मिले वह कंपनी के पते पर लौटने का कष्ट करें। **निदेशक टाइमसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हाउसिंग लिमिटेड कार्यालय : 1/32, विनम्र खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं और मेरे माता जी के नाम से एक बैनामा दस्तावेज पंजीयन क्रमांक का पेज तथा उसका कुछ पेज गाटा नंबर 65 व 66 आराजी मौजा मस्जीदिया तप्पा हीर तहसील इटवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थ नगर से गायब हो गया है जो बहुत तलाश करने के बाद भी नही मिला जिसका पंजीयन विवरण निम्नलिखित है 1– क्रेता सन्नो देवी /पत्नी कैलाश विक्रेता –निर्मला पत्नी श्याम लाल बही नंबर 1 जिल्द नंबर 3197 पेज संख्या 1/58 क्रम संख्या 358 दिनांक 06–02–2020 2– क्रेता सन्नो देवी पत्नी कैलाश विक्रेता पियारे उर्फ राम प्यारे और बुद्धिराम पुत्र कल्लू प्रसाद बही नंबर 1 जिल्द नंबर 3449 पेज नंबर 179/212 क्रम संख्या 3453 दिनांक 15–12–2020 3– क्रेता इंद्रजीत पुत्र कैलाश विक्रेता निर्मला पत्नी श्यामलाल बही नंबर 1 जिल्द नंबर 3196 पेज नंबर 333/378 क्रम संख्या 356 दिनांक 06–02–2020 इंद्रजीत जायसवाल इटवा सिद्धार्थ नगर 6393707848 9450879082

# लखनऊ विवि से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

## कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सभी कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से एडमिशन होंगे। छात्रों को ऑनलाइन आवदेन करने के लिए कॉलेजों की वेबसाइट पर जाना होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रवेश परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज में स्नातक व परास्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। यहां आवेदन फीस एक हजार रुपये निर्धारित की गई है। वहीं नेशनल पीजी कॉलेज में 26, 27 और 28 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज में 28 जून को प्रवेश परीक्षा होगी। इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई है। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस कॉलेज में प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जून को होगा। इसी तरह से अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, खुनखुन जी पीजी गर्ल्स कॉलेज और महिला पीजी कॉलेज में भी स्नातक के फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। बता दें कि अभी तक यूपी बोर्ड 12वीं और आईएएसी बोर्ड 12वीं का परिणाम तो जारी हो चुका है लेकिन अभी सीबीएसई 12वीं का परिणाम नहीं जारी हुआ है। ऐसे में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया की तिथि आगे भी बढ़ायी जा सकती है।

**▸▸ कॉलेजों की वेबसाइट पर जाकर छात्र-छात्राएं कर सकते है आवेदन**

### विश्वविद्यालय ने संबद्धता के लिए किया बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए कॉलेज खोलने और पूर्व संचालित कॉलेजों में नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें शासन के निर्देश पर कुछ बदलाव किए गए हैं। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी किए गए निर्देशों में कहा गया है कि भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन करा कर 10 मई तक जमा करना होगा। 20 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी कर दिया जाएगा। ऑनलाइन आपत्ति के संबंध में लविवि की ओर से लिए निर्णयों के विरुद्ध शासन में 22 तक अपील की जा सकती है। शासन स्तर से अपील का निस्तारण 25 तक किया जाएगा। इसके बाद एलयू की ओर से 5 जून तक निरीक्षण मंडल का गठन किया जाएगा। निरीक्षण मंडल 25 जून तक अपनी रिपोर्ट देगा। विश्वविद्यालय को 5 जुलाई तक ऑनलाइन संबद्धता प्रदान करनी होगी।

# शिक्षकों को डर कहीं लटक न जाए तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौजूदा समय में आचार संहिता के चलते बेसिक शिक्षकों को इस बात का डर है कि कहीं उनके तबादले की प्रक्रिया कहीं एक बार फिर आगे न बढ़ जाए। ये बात गुरुवार को शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा और बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल से बीटीसी शिक्षक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात के दौरान कही।

उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि शिक्षा महानिदेशक और निदेशक को मिलकर समस्या से अवगत कराया गया है। शिक्षक संघ ने मांग करते हुए कहा कि जिले के अंदर व जिले के बाहर पारस्परिक एवं सामान्य तबादला के लिए पोर्टल-आवेदन खोलने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। ताकि ग्रीष्मावकाश के दौरान शिक्षकों का तबादला हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान दोनों अधिकारियों को अलग-अलग ज्ञापन भी सौंपा।

# स्कूलों के नए सत्र में खेल प्रतियोगिता कैलेंडर जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों में खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर निदेशक की ओर से जारी कर दिया गया है।

निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, हॉकी प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह, न्याय पंचायत स्तर जुलाई के चौथे सप्ताह, ब्लॉक स्तर पर अगस्त के पहले सप्ताह, जिले स्तर पर अगस्त के दूसरे सप्ताह, मंडल स्तर पर अगस्त के तीसरे सप्ताह और प्रदेश स्तर पर 30 नवंबर तक आयोजन किया जायेगा। तैराकी बालक-बालिका दोनों के लिए विद्यालय स्तर से जुलाई के चौथे सप्ताह, न्याय पंचायत स्तर पर अगस्त के पहले सप्ताह, ब्लॉक स्तर पर अगस्त के दूसरे सप्ताह, जिले स्तर अगस्त के चौथे सप्ताह, मंडल स्तर पर अगस्त के चौथे सप्ताह और प्रदेश स्तर पर नवंबर में प्रतियोगिता आयोजित होगी। कुश्ती व हैंडबाल प्रतियोगिता स्कूल स्तर पर अगस्त के पहले सप्ताह, न्याय पांचायत स्तर पर अगस्त के दूसरे सप्ताह, ब्लाक स्तर पर अगस्त के तीसरे सप्ताह, जिले स्तर पर अगस्त चौथे सप्ताह, मंडल स्तर पर सितंबर के प्रथम सप्ताह और राज्य स्तर पर 30 नवंबर को प्रतियोगिता होगी।

**▸▸ हॉकी प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी**

बॉलीबाल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए स्कूल स्तर पर अगस्त के दूसरे सप्ताह, न्याय पंचायत स्तर पर अगस्त के तीसरे सप्ताह, ब्लाक स्तर पर अगस्त के चौथे सप्ताह, जनपद स्तर पर सितंबर के पहले सप्ताह, मंडल स्तर पर सितंबर के दूसरे सप्ताह और राज्य स्तर पर 30 नवंबर को आयोजन होगा। इसी तरह से फुटबाल, जूडो, बास्केटबाल, खोखो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, क्रिकेट, कबड्डी, ताइक्ववाडों, योगासन, व्यायाम का भी समय निर्धारित किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिद्धिमा सिंह नेगी (RIDDHIMA SINGH NEGI) को रिद्धिमा नेगी (RIDHIMA NEGI) पढ़ा जाए। – **रिद्धिमा नेगी पुत्री स्व0 मानवेन्द्र सिंह नेगी निवासी–एल 1–70 सेक्टर एफ , एलडीए कालोनी,बक्शी का तालाब, लखनऊ** 226012

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रुपरानी पत्नी प्रेमनाथ प्रिन्ट हो गया है। जबकि मेरा सही नाम **प्रेमवती पत्नी प्रेमनाथ, निवासी– ग्राम– बेसिया वैन पैड़ी अजब सिंह, पी एन सिंह जिला गोण्डा** है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMED MOOSA SIDDIQUI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD MUSA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये MOHAMMAD MUSA S/O: MOHAMMAD TALHA,84/95, KATRA MAQBOOL GANJ, R-G-V- ROAD,SUNDER BAGH, LUCKNOW UTTAR PRADES-226018

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम – SHAMS TABREZ था से बदलकर– SHAMS TABREZ SHEIKH रख लिया है। अब मुझे SHAMS TABREZ SHEIKH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o ALIMULLAH Address T-F- 11, AAROHI ARCADE MUNSHI PULIA INDIRA NAGAR LUCKNOW -226016

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र रोल नंबर 1222366095 वर्ष 2021/22 वास्तव में खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला है। **–अंकित कुमार पुत्र छैल बिहारी चौखड़िया निवासी– ग्राम पंचायत नेठिया, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच–2021–202**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या P/IND/J2694104 में दीपू गुप्ता पुत्र ननकन प्रसाद गुप्ता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 401073746947 तथा पैन कार्ड नंबर BXBPKL6114L में दीपू कुमार पुत्र ननकन नाम अंकित है। आज से अब **दीपू कुमार पुत्र ननकन निवासी ग्राम पुरानी बाजार परगना तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** से जाना व पहचाना जाए।

# छात्र को 96 हजार अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र अंश नारायण गुप्ता को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की जेवियर यूनिवर्सिटी द्वारा 96 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप दी गई है। अंश को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने अंश की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



एमओयू हस्ताक्षरित करते निदेशक जीके गोस्वामी व एनजीओ के सीईओ सत्य प्रकाश। अमृत विचार

# अब अनुसंधान इकाई की देखरेख में कार्य करेंगे यूपीएसआईएफएस के छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फरेंसिक साइंस ने गुरुवार को पहली बार किसी एनजीओ (एफएक्सबी इंडिया सुरक्षा कालकाजी न्यू दिल्ली) से एमओयू हस्ताक्षरित किया। यह एमओयू संस्थान के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी एवं एनजीओ के सीईओ सत्य प्रकाश के बीच लखनऊ में हुआ।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक ने बताया कि एनजीओ से एमओयू हस्ताक्षरित कराने का मूल उद्देश्य यह है कि छात्रों को समाज से किसी न किसी माध्यम से सीधे जोड़ा जा सके। एनजीओ के द्वारा सामाजिक स्तर पर निचले पायदान तक संवेदनशीलता के साथ मानवीय दृष्टिकोण से भी कार्य किये जाते हैं, उन कार्यों में यूपीएसआईएफएस के छात्रों की भागीदारी से जहां समाज को हम अपनी सेवाओं से लाभान्वित करेंगे, वहीं पर छात्रों के भीतर भी समाज के प्रति सेवा भाव में वृद्धि होगी।

डॉ. गोस्वामी ने बताया कि एनजीओ द्वारा वर्तमान में देश के कई प्रान्तों में हाशिए पर रहने वाले लोगों को एकीकृत विकासात्मक सहायता प्रदान कर ग्रामीण और शहरी भारत में परिवार और समुदायों में बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा और लिंग आधारित हिंसा के क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन और कार्यान्वयन करने के साथ-साथ शैक्षणिक, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रकाशन का कार्य करना है। उन्होंने बताया कि यूपीएसएफआईएस के छात्रों द्वारा इस एनजीओ के साथ अपने शैक्षणिक सत्र में इंटर्नशिप कार्यक्रम किया जायेगा।

# पुनर्वास विश्वविद्यालय में शुरू होंगे नए पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाताा लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सृजित संगीत विभाग को क्रियाशील कर नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई है। इसके बारे में कुलपति आचार्य संजय सिंह ने जानकारी दी है।

कुलपति ने छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि और उसके पश्चात संगीत में नए पाठ्यक्रम (डिप्लोमा इन म्यूजिक ,सर्टिफिकेट कोर्स इन म्यूजिक) को प्रारंभ करने का निर्देश दिये जा चुके हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग में एक प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर विभागाध्यक्ष द्वारा नामित किया जाएगा जो विभागीय स्तर पर विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट डायरेक्टर के साथ मिलकर सुनिश्चित करेगा।

कुलपति ने विश्वविद्यालय स्थित इनडोर एवं आउटडोर विशेष स्टेडियम बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया एवं खेल नीति बनाने हेतु खेल निदेशक प्रो पी राजीवनयन को अधिकृत किया है। वहीं विश्वविद्यालय के हॉस्टल में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता एवं साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया दिव्यांग छात्रों के साथ बैठकर भोजन किया एवं भोजन करने के पश्चात उसका शुल्क भी अदा किया।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

**वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –

7080239313
7570060266

**आलमबाग**

पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**

पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाशं**

# आप सभी को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं

वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं और शुभ परिणाम देते हैं। इन दोनों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय होता है। अक्षय तृतीया पर मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी और दान–पुण्य के कार्य भी शुभ माने गए हैं. विशेषकर सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा शुभ होता है. इससे धन की प्राप्ति और दान का पुण्य अक्षय बना रहता है. इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा।

## अक्षय तृतीया का महत्व

ऐसी मान्यताएं हैं कि अक्षय तृतीया पर सोने–चांदी की चीजें खरीदने से जातक का भाग्योदय होता है। इसके अलावा, पवित्र नदियों में स्नान, दान, ब्राह्मण भोज, श्राद्ध कर्म, यज्ञ और ईश्वर की उपासना जैसे उत्तम कार्य इस तिथि पर अक्षय फलदायी माने गए हैं। धार्मिक मान्यता अनुसार, इस दिन शुरू किया गया कोई भी कार्य आसानी से संपन्न हो जाता है। इस दिन आप शुभ मुहूर्त देखे बिना कोई भी कार्य संपन्न कर सकते हैं।

## अक्षय तृतीया तिथि

इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार आज शुक्रवार, 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आरंभ होगा। इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगी। उदिया तिथि के चलते अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी।

## क्यों खास है अक्षय तृतीया?

अक्षय तृतीया को कई वजहों से साल का सबसे शुभ दिन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत अक्षय तृतीया से ही हुई थी। भगवान विष्णु ने नर नारायण का अवतार भी इसी दिन लिया था. भगवान परशुराम का जन्म भी अक्षय तृतीया पर हुआ था। इस शुभ तिथि से ही भगवान गणेश ने महाभारत का काव्य लिखना शुरू किया था। इतना ही नहीं, अक्षय तृतीया से ही बद्रीनाथ के कपाट खुलते हैं और केवल इसी दिन वृन्दावन में भगवान बांके बिहारी जी के चरणों के दर्शन होते हैं। वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि को अखा तीज के रूप में भी मनाया जाता है। कुछ लोग इसे अक्षय तीज भी कहते हैं।


अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती पर जिला एवम देश वासियों को हार्दिक बधाई



सेंट जान इंटर कालेज, शुकुल बाजार, अमेठी

क्षेत्र का बहुत पुराना स्कूल है जो क्षेत्रवासिओ एवं अभिभावकों की उम्मीद पर सतत कायम है हर वर्ष दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम प्राप्त होते हैं। लगातार यूपी बोर्ड मेरिट लिस्ट में कई छात्रों के नाम सूचीबद्ध होते हैं। कई छात्रों को पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा चिकित्सा रक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण सरकारी विभागों में चयनित हुए हैं ।

इतने वर्षों के विशाल और मूल्यवान अनुभव वाले ऊर्जावान संकाय सदस्य हमारे स्कूल में शिक्षा प्रदान करने में लगे हुए हैं।

हमारे शिक्षक नियमित रूप से सेमिनार और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों से अपडेट रहते हैं। विद्यालय में उच्च अनुशासन, समय की पाबंदी, स्वच्छता और नियमित उपस्थिति पर बहुत जोर दिया जाता है











अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती पर जिला एवम देश वासियों को हार्दिक बधाई

हमारा लक्ष्य - विद्याभारती का उद्देश्य

इस प्रकार की राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का विकास करना है जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माता हो सके जो हिन्दुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यमिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की वर्तमान चुनौतियों का का सामना कर सके और उसका जीवन ग्रामों, वनों, गिरिकन्दराओं एवं झुग्गी झोपडी. झोपडियों में निवास करने वाले दीन-दुखी अभावग्रस्त अपनें बान्धवों को सामाजिक कुरीतियों शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसम्पन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए - समर्पित हो

सत्य प्रकाश सिंह
प्रधानाचार्य
सरस्वती शिशु मन्दिर, शुकुल बाजार, अमेठी












## एक नजर

### पिता की नजर हटते ही घर से पुत्री हो गई लापता

अमृत विचार, लखनऊ: बेटी से शरबत बनाने को बोल युवक पीछे बैठी पत्नी से बातचीत करने लगा। इस बीच नजर हटते ही बेटी घर से लापता हो गई। पीड़ित पिता ने आलमबाग थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया बेटी का राजाजीपुरम निवासी मोहित कन्नौजिया से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुये पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर आलमबाग एसएस महादेवन ने बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### कबाड़ बीनने वाली दो महिलाएं चुरा ले गईं बैटरी

अमृत विचार, लखनऊ: आशियाना क्षेत्र में कबाड़ बीनने के बहाने दो महिलाओं ने एक निजी कार्यालय से बैटरी पार कर दी। थाना अंतर्गत सेक्टर एच निवासी रविंद्र कुमार मिश्र ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया 2 मई को फाउंटेन प्लाजा स्थित उनके ऑफिस के समीप दो महिलाएं कबाड़ बीन रहीं थी। वह आफिस से बाहर निकले, कुछ देर बाद लौटे तो इनवर्टर की बैटरी गायब मिली। सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाले तो कबाड़ बीनने वाली महिलाएं बैटरी चोरी कर ले जाते दिख रही हैं। इंस्पेटर छत्रपाल सिंह ने बताया मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध रूप से शराब बेचते एक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: अवैध रूप से देशी शराब बेचते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति वजीरगंज थाना अन्तर्गत पाण्डेयगंज गल्ला मंडी में एक झोले में शराब की दुकान बंद होने के बाद महंगे दामों में देशी शराब बेच रहा था। जब पुलिस ने इसको पकड़ा तो इसने अपना नाम रोहित जायसवाल बताया और इसके पास से 12 फ्रूटी विन्डीज देशी शराब बरामद हुईं।

# प्रेमी काट रहे थे गर्दन, मुस्कुराती रही पत्नी

## छह महीने के प्रेम प्रसंग में 10 साल के वैवाहिक रिश्ते को किया तार-तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी पत्नी व उसके दोनों प्रेमी। अमृत विचार

अमृत विचार: मलिहाबाद में हुई हत्या का घटनाक्रम बेहद खौफनाक है। पुलिस के मुताबिक जिस वक्त दोनों प्रेमी मिलकर प्रदीप की गर्दन काट रहे थे, पत्नी रेखा के चेहरे पर मुस्कुराहट थी। उसने एक बार भी बगल में सो रहे तीनों मासूम बच्चों के बारे भी नहीं सोचा। परिजन ने बताया कि कुछ दिन पहले ही प्रदीप को रेखा के अवैध संबंधों की जानकारी हुई थी। उसने रोकने का प्रयास किया तो तीनों ने मिलकर हत्या का तानाबाना बुन डाला।

डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ शुरू हुई तो उनका कुबूलनामा सुनकर रोंगटे खड़े हो गए। पत्नी रेखा के चेहरे पर शिकन नही थी और वो घटनाक्रम के बारे में सिलसिलेवार बता रही थी। उसने ही बताया कि प्रदीप उसके अवैध संबंध के बीच रोड़ा बन रहा था। इसलिए उसने हत्या की साजिश रची थी। यही वजह है कि जब राजू और सोनू कुल्हाड़ी से उसके टुकड़े कर रहे थे तो उसे तरस नहीं आया। उसने बताया कि हत्या की योजना कई दिन पहले से बना रही थी। उसके कहने पर एक दिन पहले सोनू ने नींद की गोलियां लाकर दी थी। घटना वाली रात उसने दाल में नींद की गोलियां मिला दी ताकि प्रदीप और बच्चों की आंख न खुले।

▸▸ बगल में सो रहे बच्चों को भी अवैध संबंध में कर दिया नजरअंदाज

### पापा... चारपाई पर पड़े थे खून बह रहा था

प्रदीप के तीन बच्चे हैं। जो हत्या के समय साथ में सो रहे थे। बड़ी बेटी ने पुलिस को बताया कि सुबह मां की चीख सुन कर उसकी नींद खुली थी। देखा तो पापा चारपाई पर पड़े थे। उनके गले से खून बह रहा था। घर में क्या हुआ। उसे कुछ पता ही नहीं था।

**पिता की हत्या, मां गई जेल, बच्चे हुए अनाथ :** मृतक प्रदीप की हत्या से उसके तीनों बच्चे सिमरन, शिवांगी व सनी अनाथ हो गए। पुलिस ने हत्या के आरोप में मां रेखा को जेल भेज दिया। अब इन बच्चों को देखने वाला कोई नही बचा। पुलिस ने बताया कि फिलहाल बच्चों को उनके ताऊ के परिवार के सुपुर्द किया गया है।

### प्रेम संबंधों के आगे फीका पड़ा वैवाहिक रिश्ता

परिजनों ने बताया कि प्रदीप की रेखा से 10 साल पहले शादी हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हुए। मेहनत मजदूरी करके प्रदीप किसी तरह गृहस्थी की गाड़ी खींच रहा था। महज छह महीने पहले रेखा का गांव के दोनों आरोपियों से प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। इन छह महीनों में अवैध संबंध न जाने क्या किया कि रेखा ने 10 वर्ष के वैवाहिक रिश्ते की परवाह किए बिना पति की हत्या कर दी।



आरोपी महिला



मृतक प्रदीप

**वारदात के बाद गढ़ने लगी झूठी कहानी:** दोनों प्रेमियों के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारने के बाद भोर में रेखा जेठ राजेश के घर पहुंची। दरवाजा खटखटाया तो राजेश की बेटी बाहर आई। उसे देखते ही रेखा फूट-फूटकर रोने लगी। उसने बताया कि किसी ने प्रदीप को मार डाला। यह सुनते ही घर में कोहराम मच गया। राजेश ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

**पुलिस की पूछताछ में खुलती गई परतें :** एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार वालों ने रेखा और राजू रैदास पर शक जताया था। रेखा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने राजू रैदास और सोनू पाल के नाम बताए थे। जिसके बाद इंस्पेक्टर सुरेश सिंह की टीम ने दोनों को मलिहाबाद के एक बाग से दबोच लिया। राजू की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हुई कुल्हाड़ी भी बरामद हुई, जो राजू अपने घर से लेकर आया था।

# व्यापार में रकम डूबी तो दुकानदार ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ सरोजनीनगर के गौरी इलाके में हुई घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

▸▸ साझेदारी में खोली थी दुकान साथियों पर धोखा देने का आरोप

अमृत विचार : सरोजनीनगर में बुधवार रात व्यापारी सोनू पाण्डेय (35) ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। परिजन का आरोप है कि सोनू ने अपने साथी के साथ मोबाइल की दुकान खोलने के लिए 25 लाख रुपये लगाए थे। साथी ने निवेश पर अच्छा मुनाफा देने का भरोसा दिलाया था। लेकिन रकम डूब गई। इसी कारण उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सोनू पाण्डेय (फाइल फोटो)

सरोजनीनगर के गौरी में सोनू पाण्डेय परिवार के साथ रहते थे। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी उर्मिला व एम बेटी मानसी और बेटा राघव है। बहनोई प्रमोद तिवारी ने बताया कि सोनू ने कुछ समय पहले कृष्णानगर बल्दीखेड़ा में रहने वाले मनीष के साथ मोबाइल की दुकान खोलने के लिए 25 लाख रुपये लगाए थे। दीपावली के पहले उसने रुपये लौटाने का भरोसा दिलाया था। रुपये मांगने पर टालमटोल करते रहे। चार नवंबर मोबाइल भी बंद हो गया। मनीष घर से भी गायब हो गया। उसकी छह महीने से तलाश कर रहा था।

**25 लाख के निवेश की बात आई सामने :** इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि जांच में सामने आया कि सोनू ने 25 लाख रुपये लगाकर मनीष के साथ मोबाइल की दुकान खोली थी। व्यापार में घाटा होने के बाद मनीष ने दुकान बंद कर दी। मनीष से पूछताछ की गई तो बताया कि विवाद बढ़ने पर पांच लाख रुपये वापस कर दिए थे।

पूर्व में इस मामले में पीड़ित द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पीड़ित परिवार की तरफ से अभी तक आत्महत्या के संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है। व्यापार में रुपये के लेनदेन का मामला सामने आया है। हर बिंदु पर जांच की जा रही है। -शशांक सिंह, एडीसीपी दक्षिणी

### बैंक से कर्ज लेकर लगाए थे रुपये

परिजन का आरोप है कि सोनू ने बैंक से कर्ज लेकर रुपये लगाए थे। उसे भरोसा था कि व्यापार में फायदा होगा उससे वह कर्ज अदा कर देगा। साथी द्वारा रुपये वापस न करने पर वह परेशान हो गया था। बैंक की किश्त भी समय पर जमा नहीं हो पा रही थी। परिजन ने बताया कि बुधवार सुबह वह कार्यालय गया था। वहां से वापस आने के बाद हालत खराब हो गई। बेसुध होकर गिर गया। उसे अस्पताल लेकर गए, जहां मौत हो गई।

### जाली कागज पर मकान बेचकर ठगे 33 लाख, व्यापारी ने दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज कोतवाली में व्यापारी ने जालसाजी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि जालसाज ने फर्जी कागज बनाकर मकान बेचने के नाम पर 33 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। अलीगंज सेक्टर-बी निवासी व्यापारी राजीव सचेदवा के मुताबिक वर्ष 2016 में मकान खरीदने के सिलसिले में शिव विहार निवासी उमेश जायसवाल से मुलाकात की थी। उमेश ने इन्दिरानगर सेक्टर-सी में एक मकान दिखाया। उमेश ने बताया कि मकान उसके नाम पर है। जिसे वह 23 लाख रुपये में बेच रहा है। राजीव ने बातचीत के बाद मकान लेने के लिए हामी भरी थी। इसके लिए राजीव ने उमेश को 23 लाख रुपये दिए थे। इसके बाद उमेश ने जरूरतें बताकर करीब 10 लाख रुपये और ले लिए। इसके बाद भी उनके नाम मकान की रजिस्ट्री कर दी। कब्जे की बात करने पर टाल मटोल करता रहा। संदेह होने पर मकान के कागज चेक कराने पर धोखाधड़ी किए जाने का पता चला। राजीव के मुताबिक उमेश के खिलाफ वर्ष 2015 में भी धोखाधड़ी का प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है।



जंगल में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

# जंगल में लगी आग, दमकल कर्मियों ने ढाई घंटे में पाया काबू

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : बंथरा में वन विभाग के जंगल में गुरुवार को आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो सकी। थाना अंतर्गत कुरौनी स्थित वन विभाग के जंगल में दोपहर करीब एक बजे लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। दमकल कर्मी पहुंचे तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। हालात देख वन विभाग के अधिकारियों को भी घटना की सूचना दी गई। चार टैंकर पानी से दमकल कर्मियों ने करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। आग से बबूल के कई पेड़ झुलस गए। वन विभाग के अधिकारियों ने लेखपाल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की।

# मकान के नाम पर दो लोगों से लाखों हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अलीगंज क्षेत्र में व्यापारी को दूसरे का मकान अपना बता 31 लाख और सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में प्लाट बेचने के नाम पर मां बेटी ने एक युवक से 16.30 लाख रुपये हड़प लिये। ठगी का पता चलने पर पीड़ितों के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

अलीगंज के सेक्टर बी निवासी राजीव सचदेवा से इंदिरानगर में मकान दिलाने के नाम पर 31.17 लाख रुपये हड़प लिये गये। पीड़ित के मुताबिक आरोपी अयोध्या के शक्ति विहार निवासी उमेश जायसवाल ने दूसरे का मकान अपना बता उन्हें बेच दिया। इसके बाद फर्जी कागजात तैयार कर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर बैनामा तक करा दिया। कब्जा के लिये कहने पर आरोपी टाल मटोल करने लगा। शक होने पर आसपास के लोगों से पूछताछ की तो ठगी का पता चला। अलीगंज इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी उमेश के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में प्लाट बेचने के नाम पर मां-बेटी ने ऐशबाग निवासी मनोज बेलानी से 16.30 लाख रुपये ठग लिए। रजिस्ट्री कराने में आरोपी टरकाने लगे। शक होने पर पता लगाने पर जालसाजी का पता चला। पीड़ित ने आरोपी मां सुषमा यादव, बेटी कोमल और दामाद अनूप से रकम वापस मांगी तो जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

▸▸ अलीगंज व सुशांत गोल्फ सिटी थाने में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

### पुलिसकर्मी व व्यापारी समेत पांच के खातों से चार लाख पार

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर अपराधियों ने पुलिसकर्मी और व्यापारी समेत पांच लोगों के बैंक खातों से 3.47 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ितों ने संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंदिरानगर के मुलायम नगर निवासी मो. आमिर खां के पास बैंक कर्मचारी बन फोन कर जालसाज ने 81,982 रुपये पार कर दिए। उधर, अर्जुनगंज निवासी अभिषेक राजौरिया से जालसाज ने ईएमआई सही कराने के नाम पर एक लाख रुपये पार कर दिये। इधर, ओमेक्स रेजीडेंसी निवासी सुनील कुमार सिन्हा से बैंक कर्मी बन डिटेल हासिल कर उनके खाते से 82,970 रुपये ट्रांसफर कर लिये। उधर, अमीनाबाद के माडल हाउस स्थित तालाब गगनी शुक्ल निवासी इमरान खान ने बताया कि उनकी नाका में मोबाइल की दुकान है। उन्हें दुकान का सामान मंगाना था। गूगल पर सर्च नंबर पर कॉल की। जालसाज ने बातों में फंसाकर सामान भेजने के नाम पर 82,300 रुपये ट्रांसफर करा लिये। इधर, महानगर स्थित पीएसी बटालियन में तैनात मुख्य आरक्षी इंद्रपाल सिंह के मोबाइल फोन पर एक लिंक आया था। जिस पर क्लिक करते ही उनके खाते से 50 हजार रुपये पार हो गये।

# पिकअप सवार को लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर: पुलिस ने पिकअप सवार से मारपीट कर लूट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक उन्नाव के हसनगंज निवासी शिवकुमार तिवारी 7 मई को पिकअप से घर जा रहा था। स्कूटर इण्डिया के पास पीछे से आये बाइक सवारों को मोबाइल नीचे गिर गया। जिसे पीछे से आई स्कार्पियो कुचलते हुये निकल गई। बाइक सवारों ने पिकअप सवार शिवकुमार को नीचे उतार मारपीट कर उसका मोबाइल व 4600 रुपये छीन फरार हो गये थे। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर रिपोर्ट दर्ज की थी। इंस्पेक्टर ने बताया गुरुवार को स्कूटर इंडिया के पास शराब ठेके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मेरठ जिले के इचौली थाना अंतर्गत फटकरी गांव निवासी रवींद्र कुमार उर्फ सचिन रावत के रूप में हुई।

# फोन पर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आरोपी पहले से था विवाहित, 15 लाख की कर रहा था मांग

▸▸ चिनहट थाने में पीड़िता ने पति समेत पांच पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : कर्नाटक में बैठे पति ने मायके में मौजूद पत्नी को मोबाइल फोन पर तलाक... तलाक...तलाक बोल दिया। वजह दहेज में 15 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होना और पहली पत्नी होने की बात छिपाकर पीड़िता से दूसरी शादी करना रहा। लखनऊ निवासी पीड़िता ने आरोपियों पर मामला दर्ज कराया है।

चिनहट थाना अंतर्गत कंचनपुर मटियारी निवासी सबा कौसर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 9 जनवरी 2022 को उसका निकाह कर्नाटक के हबबुवाड़ा निवासी जैनुल आबीदीन से हुआ था। जिसका पंजीयन 13 जनवरी को लखनऊ स्थित उप निबंधक कार्यालय तृतीय कराया था। 14 जनवरी को मायके से विदा होकर पति के साथ कर्नाटक ससुराल पहुंची। वहां पहुंचते ही ससुर व देवर समेत अन्य कम दहेज का ताना देने लगे। कुछ दिन बाद 15 लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके बाद पति समेत अन्य रोजाना मारपीट करने लगे। कई बार कमरे में बंद कर भूखा रखने लगे। सबा कौसर ने बताया 7 नवंबर 2022 को भाई की शादी में शामिल होने कर्नाटक से लखनऊ आई थी। 29 नवंबर को पति को फोन कर ससुराल ले जाने की बात कही तो आर्थिक समस्या बता कुछ दिन मायके में ही रहने को कहा। पति पर भरोसा कर वह मायके में रुकी रही। पीड़िता के मुताबिक 6 जनवरी 2024 को पति को फोन कर सुसराल ले जाने की बात कही तो जवाब सुन भरोसा नहीं हुआ। पति ने कहा उसकी एक और पत्नी व बच्चे हैं। इसके बाद मोबाइल फोन पर तीन तलाक दे दिया। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# किशोरी लापता, पिता ने अपहरण कर दुष्कर्म व हत्या का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आशियाना थाना क्षेत्र का मामला, एक नामजद व अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : आशियाना थाना क्षेत्र में किशोरी लापता हो गई। पीड़ित पिता ने दामाद पर छोटी बेटी का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जल्द किशोरी को सुरक्षित बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 7 मई को दोपहर 2 बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री किसी काम से घर से निकली थी। देर शाम तक नहीं लौटने पर तलाश किया तो पता चला कि बेटी को दामाद कुछ साथियों के साथ बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। उसने दामाद पर बेटी के साथ दुष्कर्म कर हत्या के बाद शव फेंकने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, पिछले माह भी 22 अप्रैल को बेटी लापता हो गई थी। इस मामले में दामाद भी शामिल था, कुछ दिन बाद बेटी लौट आई थी। पिता का कहना है कि दामाद मोबाइल फोन पर बेटी से बात किया करता था। पिछली बार भी मामला दर्ज कराया था, लेकिन आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी नहीं की गई।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना क्षेत्र नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया उसकी बेटी सहेली के साथ घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी। देर तक घर नहीं आने पर तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला। पीड़िता ने रोहित नामक युवक पर बेटी को ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।



**नियमों की अनदेखी :** हजरतगंज चौराहे पर जेब्रा लाइन के आगे खड़े वाहन। अमृत विचार

# नाले में मिला युवक का शव

अमृत विचार, लखनऊ : ऐशबाग रेलवे स्टेशन के पास नाले में बुधवार रात युवक का शव मिला। पुलिस के मुताबिक नशे की हालत में नाले में गिरकर युवक की मौत हुई है। ऐशबाग निवासी अजय के मुताबिक भाई सरवन (35) टिन शेड बनाता था। बुधवार को सरवन घर से निकला था। देर रात तक घर लौटकर नहीं आया। रेलवे स्टेशन के पास नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली। शव की शिनाख्त भाई सरवन के रूप में की। सरवन शराब का लती था। उसकी पत्नी काफी समय से अलग थी। इंस्पेक्टर बाजारखाला के मुताबिक परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई | वसूली को जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी सूची, सिर्फ अंसल के पास 53 करोड़ फंसे

# बिल्डरों पर आवास विकास का 2.9 अरब बकाया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ अंसल एपीआई सहित डिजर्व बिल्डर, सामिया इन्टरनेशनल, पीएसीएल इंडिया हैं बड़े बकाएदार

अमृत विचार : अंसल एपीआई सहित शहर के कई बड़े जाने-माने बिल्डरों के खिलाफ आवास विकास ने आरसी जारी की है। बिल्डरों एवं आवंटियों पर आवास विकास का 2.9 अरब रुपये फंसा है। अकेले अंसल पर ही आवास विकास का 53 करोड़ रुपये बकाया है। अंसल ने अवध विहार योजना के बरौना गांव में 74 एकड़ जमीन का पैसा आवास विकास को नहीं लौटाया है। सबसे बड़े बकायेदार आवास विकास की लखनऊ स्थित अवध विहार और वृंदावन योजना में हैं।



इन बिल्डरों द्वारा काफी समय से बकाया धनराशि जमा न किये जाने पर आवास विकास ने वसूली के लिए जिलाधिकारी कार्यालय को सूची भेजी है। इनमें अंसल एपीआई, डिजर्व बिल्डर, सामिया इन्टरनेशनल, पीएसीएल इंडिया आदि बड़े बकायेदार शामिल हैं।

**अवध विहार योजना**

| बिल्डर | धनराशि (करोड़ रुपये) |
|---|---|
| अंसल एपीआई | 53,14,42,024 |
| श्रेटा इंफ्रा स्ट्रक्चर | 26,10,91,000 |

**अंसल ने नहीं दिया 74 एकड़ जमीन का पैसा :** आवास विकास की सुलतानपुर रोड योजना का एक हिस्सा अंसल बिल्डर्स को दिया गया था। बरौना की जमीन को लेकर आवास विकास और अंसल एपीआई में विवाद था। मामला अदालत में पहुंचने पर शासन को निस्तारण करवाने के निर्देश दिये गये थे। तत्कालीन सचिव आलोक कुमार ने वर्ष 2011 में सुनवाई कर आवास विकास के पक्ष में फैसला दिया। इसके बावजूद अंसल के पक्ष में बड़ी जमीन देने पर सहमति बन गई। अंसल को बरौना गांव की 74 एकड़ भूमि के मुआवजे की 45 करोड़ रुपये की धनराशि आवास विकास को लौटानी थी। इसके बाद आवास विकास ने अंसल एपीआई को नोटिस जारी कर दी। लेकिन अंसल ने न पैसा जमा किया न जमीन लौटाई।

# घर व दुकान समेत छह स्थानों से चोरों ने लाखों उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

आतंक

▸▸ कैसरबाग, पीजीआई, पारा, गोमतीनगर, मड़ियांव व महिगंवा से सामने आईं घटनाएं

अमृत विचार: राजधानी में चोर सक्रिय हैं। पिछले दो दिन में चोरों ने लाइब्रेरी, दुकान, मकान समेत छह स्थानों को निशाना बनाया। ताले तोड़कर चोर नगदी, गहने व अन्य सामान समेत लाखों पार कर दिये। कैसरबाग, पीजीआई, पारा, गोमतीनगर, मड़ियांव व महिगंवा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हुई हैं।

थाना अंतर्गत अमीरुद्दौला लाइब्रेरी में शशिकला पुस्तकालय अध्यक्ष हैं। उनके मुताबिक, सोमवार शाम करीब पांच बजे कर्मचारी लाइब्रेरी बंद कर निकले थे। अगले दिन अवकाश था। बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे स्टाफ पहुंचा तो लाइब्रेरी का दरवाजा टूटा मिला। इसके साथ ही कक्ष में लगी एलईडी टीवी व टाइपराइटर मशीन चोरी हो चुकी थी। एक लैपटॉप भी गायब था। फर्श पर नंगे पैरों के निशान थे।

उधर, पीजीआई के एकता नगर निवासी राजमणि सोमवार को घर में ताला लगा बाहर गये थे। रात 10 बजे लौटे तो कमरों और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर एक लाख रुपये व साढ़े चार लाख के जेवर चुरा ले गये थे। इधर, पारा के पूर्वी दीनखेड़ा निवासी रामलाल राठौर 21 अप्रैल को परिवार के साथ घर पर ताला लगा उन्नाव गए थे। अगले दिन लौट कर सो गए। देर रात घर में घुसे चोर 1.30 लाख रुपये व करीब 3.50 लाख के गहने समेत अन्य सामान चुरा ले गये थे। आरोपी पड़ोस में प्लाई फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये।

इधर, गोमतीनगर के सरस्वतीपुरम निवासी निशांत गुप्ता मड़ियांव स्थित एसडी पैसेल गेस्ट हाउस में शादी में शामिल होने गये थे। परिवार के साथ कमरा संख्या 102 में ठहरे थे। जहां से उनका व पत्नी का मोबाइल और 12 हजार रुपये चोरी हो गये। आरोप है कि शिकायत करने पर मैनेजर व कर्मचारियों ने अभद्रता की। उधर, महिगंवा के पिलेहटी गांव निवासी आनंद कुमार प्रजापति की दुकान का ताला तोड़कर मंगलवार रात चोरों ने गल्ले से नकदी व मोबाइल चुरा लिया। पीड़ितों ने संबंधित थानों में प्रार्थना-पत्र दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### घर में घुस कर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बिजनौर पुलिस ने मकान का ताला तोड़ कर जेवर और कीमती सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अरविंद राणा ने बताया कि परवर पूरब निवासी विमलेश के मकान का ताला तोड़ कर जेवर और घरेलू सामान चोरी हुआ था। वारदात का मुकदमा दर्ज करते हुए गुरुवार को सरोजनीनगर निवासी शमशाद और अजय को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी किए गया सिलेण्डर और अन्य सामान मिला है।



हज यात्रियों की बस को झंडी दिखाकर रवाना करतीं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की अधिकारी। अमृत विचार





हज के लिए विदा करते समय परिजनों की आंखे छलक उठीं। अमृत विचार

# हज के लिए उड़े 855 यात्री

## चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से रवाना हुआ पहला जत्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गुरुवार को हज यात्रियों की रवानगी शुरू हो गई। तीन उड़ानों से 855 हज यात्रियों का पहला जत्था रवाना किया गया। लखनऊ से आखिरी उड़ान 24 मई को रवाना होगी।

हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सुबह 8:10 बजे पहली उड़ान एसवी-3769 में 285 यात्री रवाना हुए। इसमें 143 पुरुष व 142 महिलाएं हैं। इसमें लखनऊ के 239 हज यात्री शामिल रहे। हज यात्रियों के सुविधा के लिए तीन खादिमुल हुज्जाज भी भेजे गए हैं। इनमें जौनपुर के रिजवान अहमद, बाराबंकी के मोहम्मद राशिद और प्रयागराज के मोहम्मद अमजद शामिल हैं।

सचिव ने बताया कि दूसरी उड़ान एसवी- 3895 शाम को रवाना हुई। इससे 150 पुरुष व 135 महिलाओं समेत 285 हज यात्री रवाना हुए।



हज जाने वालों को हवाई अड्डे पर छोड़ने आए परिवार के सदस्य। अमृत विचार

**▸▸ राजधानी से आखिरी उड़ान 24 को जाएगी**

इस उड़ान में 169 हज यात्री बाराबंकी, 70 लखनऊ जनपद के हैं। इस उड़ान के साथ बरेली से आए खादिमुल हुज्जाज मुफ्ती अबू जफर को भेजा गया है। इस उड़ान से 4 घंटे पूर्व सरोजनीनगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस लखनऊ से हज यात्रियों को विदा कर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई। प्रदेश सरकार के नामित निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने भी हज यात्रियों को शुभकामनाएं देकर विदा किया।

तीसरी उड़ान एसवी- 3703 शाम 6.10 बजे 285 हज यात्री लेकर रवाना हुई।इसमें 150 पुरुष व 135 महिलाएं रहीं। इस उड़ान में 255 हज यात्री मऊ जिला और 30 लखनऊ ज़िले से हैं। इस उड़ान के साथ मऊ जिले के खादिमुल हुज्जाज मलिक एजाज को भेजा गया है। तीसरी उड़ान के हज यात्रियों को लियाकत अली आफाकी मुख्य कार्यपालक अधिकारी, हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई ने विदा किया।

# समस्या बताने के साथ सुझाव भी दे सकेंगे यात्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने यात्रियों की समस्याओं को तुरंत निवारण की तैयारी की है। इसके लिए जन परिवादों के त्वरित निस्तारण के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने एक अतिरिक्त हेल्पलाइन नंबर 9794845301 जारी किया है।

यह अतिरिक्त हेल्पलाइन नंबर पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में मंडल के प्रमुख स्टेशनों जैसे लखनऊ, वाराणसी जं., अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट एवं प्रयाग जं. पर कार्य करेगा।

अब इस अतिरिक्त नंबर का प्रयोग करके यात्री यात्रा संबंधी समस्याओं और सुझावों को रेलवे में दर्ज करा सकेंगे। रेलवे इन परिवादों और सुझावों को अपने संज्ञान में लेते हुए इन पर त्वरित कार्यवाही करेगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे** — **ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

ट्रांसपोर्टरों एवं कार्गो संचालको के लिये पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल से सामान्य/एलएचवी कोच से चलने वाली विभिन्न मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में 23/24 टन भार वीपीयू एवं 3.9/4 टन भार एसएलआर को 02 वर्ष की अवधि के लिये पट्टे पर आवंटित करने हेतु ई–नीलामी।

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा मंडल से सामान्य/एलएचवी कोच से चलने वाली विभिन्न मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में 23/24 टन भार वीपीयू एवं 3.9/4 टन भार एसएलआर को पट्टे पर आवंटित करने हेतु ई–नीलामी के अन्तर्गत खुली नीलामी आमंत्रित की जाती है।

ई–नीलाम किये जाने वाले एसएलआर/वीपीयू का विवरण निम्नवत है:–

ई–नीलामी कैटलाग सं.: BSB8LEASING24

| क्रम सं. | गाड़ी सं. | एसएलआर/वीपीयू | कंपार्टमेंट | वीपीयू/एसएलआर की क्षमता (टन में) | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 22536/35 | वीपीयू | — | 24 | 24-05-2024 | 11:00 से 11:30 बजे |
| 02 | 22419/20 | वीपीयू | — | 24 | 24-05-2024 | 11:00 से 11:40 बजे |
| 03 | 11072/71 | वीपीयू | — | 24 | 24-05-2024 | 11:00 से 11:50 बजे |
| 04 | 12168/67 | वीपीयू | — | 24 | 24-05-2024 | 11:00 से 12:00 बजे |
| 05 | 13122/21 | वीपीयू | — | 24 | 24-05-2024 | 11:00 से 12:10 बजे |
| 06 | 13106/05 | वीपीयू | — | 23 | 24-05-2024 | 11:00 से 12:20 बजे |

अमानत राशि (रू.में): कॉन्ट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5%

वेबसाइट पता: www.ireps.gov.in

नोट: (1) ई–नीलामी IREPS (E-Auction leasing Portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाईन होगी।

(2) ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- + GST (Non Refundabel) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, अमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाईन उसी खाते से होगी।

(3) ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–29 मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी शहर में लगाएंगे चौके और छक्के

## नवंबर में होंगे दिव्यांग क्रिकेट वर्ल्ड कप के मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इस वर्ष नवंबर माह में लखनऊ की सरजमीं पर क्रिकेट के महायुद्ध के आयोजन की तैयारी है। इन मुकाबलों में भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तो नहीं होंगे, लेकिन इस युद्ध में शामिल होने वाले क्रिकेटरों का जोश और जज्बा विराट और रोहित जैसे दिग्गजों से कम नहीं होगा। शहर में पहली बार दिव्यांग क्रिकेट वर्ल्ड कप के आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। इन मुकाबलों की मेजबानी लखनऊ को मिली है। इस आयोजन से दिव्यांग क्रिकेटर खासे खुश है।

दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया (डीसीसीबीआई) और एयूएम स्पोर्टेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सदस्यों ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दिव्यांग विश्व कप के आयोजन की घोषणा की।

प्रेस वार्ता में औशिम खेत्रपाल (एयूएम स्पोर्टेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक) और डीसीसीबीआई के संस्थापक और महासचिव हारून रशीद ने बताया कि टूर्नामेंट में मेजबान भारत सहित चुनिंदा आठ टीमें को दो पूलों में जगह दी गई है। इनके मध्य फाइनल सहित कुल 15 मैच होंगे जो लखनऊ वासियों के लिए किसी बोनांजा से कम नहीं होगा।




दिव्यांग वर्ल्ड कप की जानकारी देते आयोजन समिति के सदस्य। अमृत विचार

**▸▸ टूर्नामेंट में मेजबान भारत सहित चुनिंदा आठ टीमें को दो पूलों में जगह दी गई**

दिव्यांग क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाग लेने के लिए श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और केन्या सहित कुल 17 टीमों ने रूचि दिखाई है और हम 8 टीमों को इंट्री देंगे।

संस्थापक और महासचिव हारून रशीद ने बताया कि भारतीय दिव्यांग टीम ने हाल ही में प्रतिष्ठित एशिया कप जीतकर अपना लोहा मनवाया है। इसके साथ ही अब तक खेले गए 124 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से भारतीय टीम ने 100 मैच जीते हैं।

हारुन रशीद ने बताया कि डीसीसीबीआई की स्थापना 2008 में की गई थी और इसके बाद से संस्था ने दिव्यांग क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अटूट समर्पण का प्रदर्शन किया है। वहीं दूरदर्शी औशिम खेत्रपाल के मार्गदर्शन में इस संयुक्त आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर क्रिकेट और समावेशिता की भावना को प्रदर्शित करना है। आज इस ऐतिहासिक आयोजन की घोषणा के अवसर पर डीसीसीबीआई के चेयरमैन इक्रांत शर्मा, उपाध्यक्ष फैसल अल्वी, सीईओ गजल खान और मीडिया प्रमुख प्रदीप माथुर और अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### एलटी संघ के पिता के निधन पर शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी लैब टेक्नीशियन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत के पिता राजा राम रावत (83) का बलरामपुर अस्पताल में गुरुवार दोपहर निधन हो गया। बलरामपुर अस्पताल स्थित एलटी संघ के प्रदेश कार्यालय पर शोक सभा में कर्मचारियों ने दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना कर श्रद्धांजलि दी। सभा में चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के प्रधान महासचिव अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष कपिल वर्मा, सचिव सर्वेश पाटिल, रजत यादव, प्रवक्ता सुनील कुमार, एलटी संघ के महामंत्री कमल कुमार श्रीवास्तव, राजेश चौधरी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### डीपीए ने सदस्य को किया निष्कासित

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्लोमा फार्मेसी एसोसिएशन (डीपीए) ने बैठक में अपने संगठन के वर्तमान सदस्य सुनील यादव को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। डीपीए के महामंत्री उमेश मिश्रा और प्रांतीय प्रवक्ता एसएम त्रिपाठी ने गुरुवार को इस संबंध में एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सिविल अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट सुनील यादव संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। वह बिना मान्यता वाले फार्मासिस्ट फेडरेशन का संचालन कर प्रदेश के फार्मासिस्टों को गुमराह कर रहे थे। उन्हें पूर्व में नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन वह कोई सही स्पष्टीकरण नहीं दे सके। इसलिए कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की सहमति के बाद सुनील का छह साल के लिए निष्कासन किया गया है।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयज सेठ। अमृत विचार

# रॉयल चैलेंजर्स चौक बना विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीआर लेजर एंड सिल्वर कप टी-20 में रॉयल चैलेंजर्स चौक ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल में विजेता रॉयल चैलेंजर चौक ने चौक सुपर किंग्स को 80 रनों से हरा दिया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी ने किया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच का खिताब वरुण को मिला। इमर्जिंग प्लेयर अयान और प्रिया वर्मा रही। बेस्ट बैट्समैन लविश, बेस्ट बॉलर वरुण, मैन ऑफ सीरीज आवेश खान रहे । इस मौके पर कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवनीत सहगल एकादश की जीत में आयुष ने दिखाया शानदार खेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएएल सीनियर्स अंडर-23 ट्रायल मुकाबलों में नवनीत सहगल एकादश और ज्ञानेंद्र पाण्डेय एकादश ने जीत दर्ज की। गुरुवार को खोले गए पहले मुकाबले में नवनीत सहगल एकादश ने अभिजीत एकादश को रोमांचक मुकाबले मे दो विकेट से हरा दिया।

जीसीआरजी ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिजीत एकादश ने 36.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवनीत सहगल एकादश ने 25.4 ओवर में 8 विकेट खोकर 163 रन बनाए और जीत दर्ज की। आयुष पाण्डेय 66 और अमन सिंह ने 35 रनों की पारी खेली।

**दूसरा मुकाबला**

ज्ञानेंद्र पाण्डेय एकादश ने सुजय त्रिपाठी एकादश को 5 विकेट से हरा दिया। सेठ आनंदराम जयपुरिया खेल मैदान पर खेले गए मैच में सुजय एकादश ने 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 286 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। जवाब में ज्ञानेंद्र एकादश ने 36.4 ओवर में पांच विकेट खोकर 289 रन बनाए और जीत दर्ज की। विनायक निगम ने आतिशी शतक ठोंका। उन्होंने 97 गेंदों में 21 चौके और 8 छक्के की बदौलत 169 रन बनाए।

# टेनिस प्रतियोगिता कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता आईटीएफ जे-30 का आयोजन 11 मई से किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय के साथ विदेशी खिलाड़ी भी जीत के लिए जोर आजमाइश करते दिखाई देंगे। प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस टूर्नामेंट में यूक्रेन की खिलाड़ी कैरोलीना कोस्त्यूवा, अमेरिका की प्रियंका राणा सहित देश के टॉप रैंकिंग अंडर 18 बालक और बालिका वर्ग के 100 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

गुरुवार की सुबह और शाम विजयंत खंड स्टेडियम में यूक्रेनी खिलाड़ी समेत देश के कई खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 13 मई से 18 मई तक किया जाएगा। क्वालीफाइंग मैचों की शुरुआत 11 मई से होगी।



अभ्यास करतीं खिलाड़ी। अमृत विचार

**▸▸ विदेशी खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में करेंगे जोरआजमाइश**

उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल ने बताया टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर हैं। गर्मी को देखते हुए खिलाडियों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। फिजियोथेरिपेस्ट और चिकित्सक दल भी आयोजन स्थल पर तैनात किए गए हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लांट, उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 01/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | टी.पी.पी./एन.आर./एल.के.ओ. के अनुमोदित डिजाइन और विनिर्देश के अनुसार, स्टेनलेस स्टील शीट की कटिंग, रोलिंग वेल्डिंग, बर्फिंग आदि द्वारा पूर्ण कार्य के रुप में स्टेनलेस स्टील शैल का निर्माण और आपूर्ति। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 9,86,21,850.00 मात्र |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 643100.00 मात्र |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 21.05.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 04.06.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | | **न्यूनतम पात्रता की शर्तें:** |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्न लिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलता पूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या "V" (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/ लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | सिंगल यूज क्रूसिबल के लिए शेल का फेब्रिकेशन या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ |

नोट : 1. कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जावेगी।

निविदा सूचना संख्या : 01/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024-25 दिनांक 06.05.2024

1391/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर वसूली करने वाले डॉक्टर हटेंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद के निःशुल्क होने वाले ऑपरेशन के नाम पर मरीज से 4300 रुपए वसूली करने वाले संविदा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय वैद्य को हटाने की संस्तुति कर दी है। शासन के निर्देश के बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से बनी चार सदस्यीय कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। उस रिपोर्ट को अस्पताल प्रशासन ने शासन को भेज दिया है। रिपोर्ट में यह तय हो गया है कि आरोपी डॉ. वैद्य ने मरीज से वसूली की थी।

उन्नाव हसनगंज निवासी सुशील सिंह ने अपनी मां रामरानी का मोतियाबिंद का ऑपरेशन बलरामपुर अस्पताल में अप्रैल माह में कराया था। सुशील ने आरोप लगाते हुए शपथ पत्र के जरिए डिप्टी सीएम, एनएचएम मिशन निदेशक को शिकायत की थी कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर डॉ. अजय वैद्य ने उससे ऑनलाइन 4000 और 300 रुपए नकद लिए थे और उसके बाद ही ऑपरेशन किया। इस शिकायत के बाद शासन के निर्देश पर बलरामपुर के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने चार अफसरों की कमेटी का गठन किया।

**▸▸ बलरामपुर अस्पताल की जांच कमेटी ने शासन को भेजी रिपोर्ट**

जांच कमेटी में शामिल सदस्यों ने आरोपी डॉ. वैद्य और पीड़ित सुशील के बयान दर्ज किए। सुशील ने बयान में डॉ. वैद्य द्वारा युवकों को भेजकर धमकाने का आरोप भी लगाया था। एनएचएम से संविदा पर तैनात आरोपी डॉक्टर ने फिलहाल अस्पताल आना भी बंद कर रखा है। कमेटी ने जांच कर अपनी रिपोर्ट निदेशक को सौंपी। कमेटी में शामिल एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जांच में डॉक्टर पर लगे आरोप सही पाए गए हैं। निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि जांच कमेटी की रिपोर्ट को सीएमओ, जिलाधिकारी व शासन स्तर पर भेज दिया गया है। अब वहां से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जांच में साबित नहीं हुई चिकित्सक की लापरवाही

**अमृत विचार :** 2013 में बस्ती में तैनात रहे जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) पूरन सिंह चौहान ग्लोबल मेडिकेयर के चिकित्सक डॉ. दीपक अग्रवाल पर उपचार में गलत सलाह और लापरवाही साबित नहीं कर पाए। इस पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने वाद खारिज कर दिया है। मारुति पुरम् कालोनी अयोध्या रोड लखनऊ निवासी पूरन सिंह चौहान के मुताबिक वह 2013 में डीएसओ बस्ती रहे। उस समय पेट में दर्द होने पर वह ग्लोबल मेडिकेयर, लिवर लंग, गैस्ट्रोकेयर सेंटर यूनिट निराला नगर में भर्ती हुए। वहां डॉ. दीपक अग्रवाल ने उपचार किया। 11 सितंबर 2013 को जांच के दौरान हृदय रोगी पाया और इसका भी उपचार किया। दूसरे दिन डॉ. दीपक की सलाह पर परिजन एयर एंबुलेंस से मेदांता हास्पिटल गुरुग्राम ले गए। वहां जांच रिपोर्ट में रेस्पिरेटरी फेलियर और ब्रोन्कियल अस्थमा निकला। उपचार व आनेजाने में लाखों रुपये खर्च बताए। उसी समय डॉ. दीपक पर गलत सलाह व लापरवाही का आरोप लगाते हुए राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर कर कुल खर्च 49 लाख रुपये का दावा किया था। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति व अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। न्यायालय में डॉ. दीपक ने अपना पक्ष और साक्ष्य रखे। जबकि पूरन सिंह की तरफ ऐसा कोई चिकित्सीय प्रमाण नहीं दिया गया इससे की सेवा में कमी या चिकित्सीय लापरवाही साबित हो सके। न्यायालय ने कहा कि ऐसे में आशंका, अनुमान और कल्पना के आधार पर चिकित्सक को दोषी नहीं ठहरा सकते। इसलिए वाद निरस्त कर दिया।

## 10 जूनियर रेजीडेंट की हालत बिगड़ने के मामले में नहीं आयी जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू की बड़ी पैथोलॉजी में नमूनों की जांच करते वक्त प्रयोग किए फॉर्मेलीन से 10 जूनियर रेजीडेंट की हालत बिगड़ गई थी। किसी तरह उन्हें इलाज मुहैया कराया गया था। जूनियर डॉक्टरों ने फार्मेलीन के दुष्प्रभाव की आशंका पहले ही जाहिर की थी। केजीएमयू प्रशासन का कहना है एक जूनियर डॉक्टर को कुछ दिक्कत हुई थी। इलाज बाद उसकी हालत में सुधार है। बाकी जूनियर डॉक्टरों को पहले दिन से राहत मिल चुकी है। केजीएमयू बड़ी पैथोलॉजी में हिस्ट्रोपैथोलॉजी से जुड़ी जांच होती है। पैथोलॉजी में टिशू को फिक्स में रखने के लिए फार्मेलीन का प्रयोग होता है। हर दिन पैथोलॉजी में करीब 30 से अधिक नमूने जांच के लिए आते हैं। संस्थान में टिशू को सुरक्षित रखने के लिए नए बैच के फार्मेलीन की आपूर्ति हुई थी। पैथोलॉजी विभाग के दस जूनियर डॉक्टर की फार्मेलीन का प्रयोग करते वक्त हालत बिगड़ गई थी। किसी को आंख से धुधला दिखने लगा तो किसी का चेहरा झुलस गया था। संस्थान अधिकारियों ने उस बैच के फार्मेलीन के प्रयोग पर रोक लगाते हुए मामले की जांच के आदेश दिए। प्रति कुलपति डॉ. अभिजीत कौर के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित हुई। हालांकि दस दिन से अधिक समय बीतने बाद भी जांच कमेटी की रिपोर्ट नहीं आई है। इस संबंध में केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि फॉर्मेलीन के प्रयोग से एक जूनियर रेजीडेंट की आंख में परेशानी हुई थी। उसे धुधंला दिखने लगा था। बाकी रेजीडेंट के प्राथमिक इलाज बाद उनकी हालत में सुधार हो गया था।

प्ररूप सी–2

(राजनैतिक दल द्वारा वेबसाइट, समाचार–पत्रों/ टी वी में प्रकाशित करने हेतु)

**पार्टी द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार

(पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और और्स बनाम भारत संघ एवं ए0एन0आर0)

नाम और राजनैतिक दल : कौशल किशोर, भारतीय जनता पार्टी

*निर्वाचन का नाम: लोकसभा सामान्य चुनाव वर्ष 2024

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश का नाम: उत्तर प्रदेश

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित आपराधिक प्रकरण | | (B) दण्डनीय अपराध का दोषसिद्ध प्रकरण के सम्बन्ध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकरण संख्या एवं प्रकरण (नों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि (यां) | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दण्ड | अधिकतम लगाया गया दण्ड |
| 1 | 34 मोहनलालगंज उ0प्र0 | कौशल किशोर | स्पे0 न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ 66/2007 | 171 (च) IPC | Nil | Nil | Nil |
| 2 | 34 मोहनलालगंज उ0प्र0 | कौशल किशोर | स्पे0 न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ 68/2007 | 171 (च) IPC | Nil | Nil | Nil |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## एक नजर

### व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सहित दो निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को मड़ियांव व बीकेटी में मानक विपरीत बनाये जा रहे व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सहित दो निर्माण सील कर दिये। जोनल अधिकारी जोन चार रवि नंदन सिंह ने बताया कि नीरज सिंह, बृजेश सिंह व अन्य द्वारा बीकेटी में चंद्रिका देवी रोड पर पर्वतपुर चौराहे के पास ग्राम भवानीपुर में लगभग 3,500 वर्ग फिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 22 दुकानों का निर्माण कराया गया था। वहीं नदीम व अन्य द्वारा मड़ियांव के मुतक्कीपुर में आईआईएम रोड तिराहा के पास लगभग 2,555 वर्ग फिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा था।

### बहुभाषी राष्ट्रीय विविधता में एकता विषयक पर संगोष्ठी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ ने गुरुवार को सरोजनीनगर के श्री कृष्णा आस्था धाम में बहुभाषी राष्ट्रीय विविधता में एकता विषय पर संगोष्ठी की। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अनिल शुक्ला अमल ने की। सीतापुर के साहित्यकार जगजीवन मिश्रा ने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा और एकता के सूत्र में बंधा है। बाराबंकी के साहित्यका शिव किशोर तिवारी खंज, साहित्यकार रवीश पांडेय ने भी विचार रखे। अनिल ने कहा कि हमारी एकता रूपी अमृत से वर्तमान भारत का संपूर्ण लोक मानस अभिसिंचित है। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन कर रहे साहित्यकार अतुल वाजपेई ने जब अवधी बोली में एक लोकोक्ति 'क्वास – क्वास पर पानी बदलै, तीन क्वास पर बानी' कही तो पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में श्री कृष्णा आस्था धाम के संरक्षक संतोष त्रिपाठी द्वारा सभी साहित्यकारों व विद्वानों को सम्मानित भी किया गया।

# वोट के उजियारे को गोमती में करेंगे दीपदान

## मंडलायुक्त ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बीएलओ घर-घर जाकर भी 20 मई को मतदान करने की करेंगे अपील
- अच्छा काम करने वाले बीएलओ को दिया जाएगा प्रशस्ति पत्र



मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत गोमती नदी में दीपदान किया जाएगा और बीएलओ घर-घर जाकर 20 मई को प्रत्येक मतदाता से मतदान करने की अपील करेंगे।

मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने गुरुवार को आयुक्त सभागार में मतदान से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि मतदान से जुड़े कर्मचारी और बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से वोट अवश्य डालने की अपील करें। मंडलायुक्त ने कहा कि अच्छा काम करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। मंडलायुक्त ने सभी उप जिलाधिकारियों को मतदाता पर्ची का समय पर और शत प्रतिशत वितरण कराने के निर्देश भी दिए। आरडब्ल्यूए कालोनियों में मतदान के दिन संबंधित कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर घर-घर जाकर मतदान की अपील करने के लिए भी कहा।

बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ शुभी सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदाता महोत्सव में रचाई मेहंदी, बनाए पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



छात्रों का उत्साहवर्धन करते जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार व डॉ. आरपी मिश्रा।

- स्काउट व गाइड ने सेन्टीनियल इंटर कॉलेज में किया मतदाता जागरुकता महोत्सव

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव में लोगों को शत प्रतिशत मतदान को जागरूक करने के लिए गुरुवार को सेन्टीनियल इंटर कॉलेज गोलागंज में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। उप्र भारत स्काउट और गाइड की ओर से आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत सुबह जिला संस्था के संरक्षक डॉ. आरपी मिश्र ने की।

महोत्सव में कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने मेहंदी रचाई, पोस्टर बनाए, रंगोली बनाई और हस्तकला के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक और प्रेरित किया। हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज कालेज, सुभाष मार्ग की गाइडस ने जागरुक करने वाला नुकक्ड़ नाटक और संगीत भी प्रस्तुत किया। महोत्सव में आए लोगों ने स्काउट्स व गाइड्स द्वारा बनाये गए सैल्फी पाइन्ट पर फोटो भी खींची।

जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि कम समय में महोत्सव की अच्छी तैयारी की गई है। उन्होंने स्काउट्स व गाइड्स से कहा कि माता-पिता, परिजन के अलावा आसपास के लोगों को भी 20 मई को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि वोटर आईडी न होने पर कई अन्य वैध आईडी से मतदान करने की सुविधा भी मतदाताओं को दी गई है। संचालन डीओसी (गाइड) मधु पाण्डेय ने किया। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या एवं संस्था की उपाध्यक्ष शर्मिला सिंह, एएसओसी लखनऊ मण्डल पूनम संन्धू, प्रधानाचार्या शाशि भूषण गर्ल्स इण्टर कालेज, सयुंक्त सचिव डॉ. मीता श्रीवास्तव, गाइड रीता मौर्या व जिले संस्था के समस्त पदाधिकारी और कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य, रोवर एवं रेंजर उपस्थित रहे।

### नामांकन तभी बढ़ेगा जब होंगी सुविधाएं

अमृत विचार, लखनऊ : शिक्षण संस्थानों में नामांकन तभी बढ़ेगा जब सरकार सुविधायें देगी। यहां बिल्डिंग, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास के लिए बजट ही नहीं है। निजीकरण के इस दौर में सरकारी संस्थाएं अपना दम तोड़ती जा रही हैं। इस पर ध्यान देन की जरूरत है। यह बातें खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया ने कहीं। डॉ. अंशु कॉलेज में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नव निर्वाचित संसद से हमारी अपेक्षाएं पर आयोजित गोष्ठी में अपना पक्ष रख रही थीं। इसमें समाजशास्त्र विभाग की डॉ. स्नेह लता शिवहरे ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों में मनोरंजन की जगह पुस्तकालयों में जाकर अध्ययन करने की प्रवृत्ति विकसित करे। कॉमर्स विभाग से डॉ. अपर्णा ने कहा कि उच्च शिक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए शैक्षिक राजनीतिकरण को समाप्त किया जाए। शिक्षाशास्त्र विभाग की साइमा ने कहा कि उच्च शिक्षा में ज्यादा नवाचार शिक्षा से भटका रहा है। शिक्षणेतर स्टाफ में अश्विनी सक्सेना ने कम नंबर पर भी प्रवेश, स्टाफ की नियुक्तियां और किशोर श्रीवास्तव ने रैंकिंग व्यवस्था की दौड़ को कम करने की बात कही।




बच्चों के साथ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली व हाजी शिराजउद्दीन। अमृत विचार

# मतदान में लखनऊ को नंबर एक बनाएं : इमाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जागरुकता कार्यक्रम में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने की अपील

अमृत विचारः ट्विंकलिंग स्टार्स प्ले स्कूल बाग काजी यहियागंज में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने प्ले कार्ड के जरिए आए हुए अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगीमहली ने आए हुए अभिभावकों और मेहमानों से कहा कि 20 मई को मतदान है। इस बार मतदान में लखनऊ को नंबर एक बनाना है। लोकतंत्र के इस महापर्व पर कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। वोट डालने के लिए खुद भी जाएं और साथ अपने परिवार और पड़ोसियों को भी ले जाएं। स्कूल के मैनेजर हाजी शिराजउद्दीन ने अभिभावकों से अपील की कि मतदान दिवस को पिकनिक न मनाएं, बल्कि एक जिम्मेदार शहरी के तौर पर खुद भी मतदान करें और परिवार व आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए भेजें।

### महापौर व नगर आयुक्त की उपस्थिति में हो विदाई समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों का विदाई एवं सम्मान समारोह चुनाव आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद आयोजित करने का अनुरोध किया है। संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को इसके लिए पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पिछले माह 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों विदाई एवं सम्मान समारोह में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण महापौर, नगर आयुक्त और किसी अधिकारी के शामिल न हो पाने से सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके परिजन निराश हुए थे। समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने आचार संहिता के बाद महापौर, नगर आयुक्त एवं संबंधित विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन करने की मांग की थी। अध्यक्ष ने कहा कि 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का विदाई एवं सम्मान समारोह 1 जून को शाम 4 बजे नगर निगम मुख्यालय में होना है। अनुरोध है कि संबंधित को इसके लिये निर्देशित करें।



सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करतीं चिकित्सा कर्मचारी व अन्य। अमृत विचार

### सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का लिया संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर चिकित्सालय में 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया, जिसका समापन गुरुवार को निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एनबी सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम चिकित्सालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गए जिसमे जागरूकता कार्यक्रम, चालक जांच शिविर, रैली, पोस्टर निर्माण, सामुदायिक जागरूकता और शिक्षा सत्र आयोजित किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के महत्व को लेकर समूह चर्चा भी की गई। समापन के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि सड़क सुरक्षा के महत्व को और बढ़ावा देंगे तथा सभी को जागरूक करते रहेंगे।

# छोटे करदाताओं को शिक्षित कर बढ़ाएं संख्या : प्रधान आयकर आयुक्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सेमिनार में शामिल प्रधान आयकर आयुक्त और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- "करदाता साक्षरता" पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

अमृत विचारः "करदाता साक्षरता" पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन गुरुवार को रामतीर्थ मार्ग प्रत्यक्ष कर भवन में किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश (पूर्व) के लखनऊ और फैजाबाद की प्रधान आयकर आयुक्त-1 मीनाक्षी सिंह ने हिस्सा लिया। उन्होंने कर आधार को व्यापक और अधिक विस्तार देने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रधान आयकर आयुक्त ने छोटे करदाताओं को शिक्षित करने और उनकी प्रभावी संख्या बढ़ाने पर अपने विचार रखे।

सेमिनार में संयुक्त आयकर आयुक्त, रेंज-1 डॉ. प्रीति सिंह एवं रेंज-3 नागेन्द्र दीक्षित की मौजूदगी रही। सेमिनार में आयकर विभाग में पंजीकृत टैक्स रिर्टन प्रिपेयरर (टीआरपी) द्वारा भाग लिया गया। टीआरपी कर दाता एवं आयकर विभाग के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। चूंकि रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई निकट है। ऐसे में टीआरपी को कर सबंधी महत्वपूर्ण जानकारी से ज्यादा से ज्यादा कर दाताओं को आयकर विवरणी भरने के लिए प्रेरित किया जाए। आयकर अधिकारी नीरज श्रीवास्तव द्वारा कर नियमों पर व्यापक प्रस्तुतीकरण दिया गया। कमल कान्त वाजेपयी ने सेमिनार का संचालन किया। कार्यक्रम में अर्चना सिन्हा, उज्जवल कपूर, श्रीकान्त मिश्रा, ब्रजेश यादव, अशीष कुमार वर्मा, रजा हुसैन एवं अन्य लोगों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।

### व्यापारी ने मारपीट का लगाया आरोप छह पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : अमीनाबाद थाना अंतर्गत विशाल खंड निवासी व्यापारी विजय कुमार चावला का प्रलाप मार्केट में एक भवन है। जिसे हरीश चावला को किराये पर दे रखा है। आरोप है कि हरीश ने उन्हें बताये बिना भवन में जबरन बाथरूम कब्जा कर निर्माण करा लिया। विजय ने तोड़-फोड़ का विरोध किया तो हरीश समेत करीब 10 लोगों ने गाली गलौज कर मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने दुकान खाली करने को कहा तो इंकार कर धक्का-मुक्की की। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने हरीश समेत चार को नामजद कर छह अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।



डॉ. आरके धीमन को पद्मश्री से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। अमृत विचार

### राष्ट्रपति ने डॉ.आरके धीमन को पद्मश्री से किया सम्मानित

लखनऊ, अमृत विचार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. राधा कृष्ण धीमन को पद्मश्री से सम्मानित किया है। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. धीमन को यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई थी। पद्म पुरस्कार देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मानों में से एक है। यह तीन श्रेणियों में दिया जाता है। यह श्रेणियां पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री हैं। जिन 110 लोगों को पद्मश्री के लिए नामित किया गया था, उनमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन का नाम भी शामिल था। जिसके बाद आज यानी गुरुवार को प्रोफेसर आरके धीमन को इस सम्मान से अंलकृत किया गया है।

### लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का कार्यकाल तीन माह बढ़ाया

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रान्तीय महामंत्री ने बताया कि जिला शाखा का दो वर्षीय कार्यकाल 9 मई को समाप्त हो गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण चुनाव कराना संभव नहीं है। जिला शाखा लखनऊ के अनुरोध एवं क्षेत्रीय शाखा लखनऊ की सहमति के आधार पर जिला शाखा का कार्यकाल तीन माह के लिए बढ़ाया जाता है।

### युवक को पीट कर लूटे रुपये, 22 पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : मेला देखने गये युवक को पीट मरणासन्न हालत में फेंक लूट करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद और 20 अज्ञात समेत 22 पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर राय का कहना है कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। थाना अंतर्गत भीलमपुर निवासी मुकेश कुमार ने बुधवार को पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उसका भांजा राजकुमार 26 अप्रैल को शाम करीब 7:30 बजे मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये लेकर धनुवासाड गांव मेला देखने गया था। धनुवासाड निवासी कृष्ण पाल गौतम ने रात करीब 11 बजे मुकेश को फोन कर अपने घर से राजकुमार को ले जाने की बात कही। मुकेश परिजन के साथ पहुंचा तो 20 से 22 लोगों ने घर कर हमला कर दिया। कहा कि भांजे को मरणासन्न कर खदान में फेंक दिया है। मुकेश के अनुसार वह खदान पहुंचा तो भांजा बेहोशी की हालत में खून से लथपथ मिला। उसे बाइक से सीएचसी ले गये। जहां से डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था। मुकेश ने आरोपियों पर भांजे से मोबाइल और रुपये लूटने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया कृष्ण पाल गौतम व दुर्गेश गौतम समेत 22 के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# रोक हटी, बेफिक्र पालें पसंदीदा कुत्ते

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 24 विदेशी नस्ल के कुत्ते पालने के लिए नगर निगम बनाएगा लाइसेंस नवीनीकरण भी होगा

अमृत विचार : पशु प्रेमी बेफिक्र होकर अपना पसंदीदा कुत्ता पाल सकते हैं। केंद्रीय पशुपालन विभाग के आदेश पर नगर निगम ने पिटबुल, राटबिलर और अमेरिकन बुलडॉग सहित 24 विदेशी नस्ल के खूंखार कुत्तों के पालने पर प्रतिबंध हटा लिया है।

कुत्तों के काटने की लगातार बढ़ती घटनाओं के बाद केंद्रीय पशुपालन विभाग ने 12 मार्च को इन विदेशी नस्ल के कुत्तों को खूंखार बताकर इनके पालने, प्रजनन और खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी थी। इसके बाद नगर निगम ने इनका लाइसेंस बनाने और नवीनीकरण पर रोक लगा दी थी। नगर निगम अब फिर इनका लाइसेंस बनायेगा। शहर में ऐसे लगभग 750 विदेशी नस्ल के कुत्ते हैं। इनमें से लगभग 500 डॉग लाइसेंस का ही रोक लगने तक नवीनीकरण कराया गया था। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि अब नगर निगम सभी डॉग के लाइसेंस बनाने के साथ नवीनीकरण करेगा।

**लाइसेंस बनवाने के लिए यहां करें सम्पर्क :** पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि सभी प्रजातियों के कुत्तों का लाइसेंस बनवाने के लिए नगर निगम मुख्यालय में पशु कल्याण अधिकारी कार्यालय में लाइसेंस बनवा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर 9511156792 और 9721095021 पर फोन करके जानकारी ले सकते हैं।



### इन विदेशी नस्ल के कुत्ते पालने पर लगी थी रोक

अमेरिकन बुलडॉग, पिटबुल टेरियर, राटबिलर, अमेरिकन टेरियर, टोसा इनू, फिला ब्रासीलेरियो, डोगो अर्जन्टीनो, बोरबोल, कंगल, साउथ रसियन, सेंट्रल एशियन, काकेशियन, टोरंजक, सरपैलनिक, जापानी टोसा, जापानी अकता, टेरियर्स, रोडेसियन रिजबैक, वोल्फ, कैनारियो, वैनदागो, अक्बैस, मास्को गार्ड, केन कारसो।

प्ररूप सी–1

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)

आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और औरर्स बनाम भारत संघ एवं ए0एन0आर0)

अभ्यर्थी का नाम और पता: कौशल किशोर म0नं0 602/511 बेगरिया, दुबग्गा, काकोरी, लखनऊ उ0प्र0

राजनीतिक दल का नाम: भारतीय जनता पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम: लोकसभा सामान्य चुनाव वर्ष 2024

*निवार्चन क्षेत्र का नाम: 34 मोहनलालगंज उ0प्र0

मैं कौशल किशोर (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता/करती हूं:

(ए) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्पे0 न्यायिक मजि0 प्रथम लखनऊ | 66/2007 | विचाराधीन | 171 (च) IPC |
| 2 | स्पे0 न्यायिक मजि0 प्रथम लखनऊ | 68/2007 | विचाराधीन | 171 (च) IPC |

(बी) दण्डनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण Nil

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | | | |

*राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### 42 लाख की अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. एसटीएफ की बरेली इकाई ने गुरुवार को 42 लाख कीमत की अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गन्ना मिल नेकपुर में हुई है। एसटीएफ उपाधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि इनमें विशारतगंज बरेली के रहने वाले रईस अहमद, यहीं के संजय कश्यप और चौपारन हजारीबाग के रहने वाले विकास कुमार शामिल हैं। पूछताछ के दौरान रईस अहमद ने बताया कि वह चौपारन हजारीबाग से रंजीत दांगी से संपर्क कर अफीम मंगवाता है। अच्छे दामों पर बरेली व आस-पास के जनपदों में बिक्री कर देता है, इससे मोटा मुनाफा होता है।

### व्यापारी से लूट का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 2022 में कौशांबी के ककोडा हाईवे पर व्यापारी से लूट करने के आरोप में वांछित अपराधी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा हुआ था। एएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बृजेश यादव जौनपुर के सफराबाद का निवासी है। बृजेश यादव ने पूछताछ में बताया कि व्यापारी से लूट कांड की घटना में उसने अपने साथी संजू डोकरे, रोशन यादव, अरून गुप्ता और अन्य 3-4 व्यक्तियों के साथ मिलकर किया था।

### पहले आओ, पहले पाओ सीएससी व लर्निंग सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण इलाकों में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर व लर्निंग सेंटर का आवंटन और धनराशि मिलेगी। इसके लिए पंचायत राज निदेशालय ने 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवेदन मान्य होंगे।

# नहीं चले पंखे कूलर, पानी को भी भटके

## लो वोल्टेज के कारण परेशान हुए अहिबरनपुर के बिजली उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अहिबरनपुर इलाके में गुरुवार सुबह आठ बजे वोल्टेज लो हो गया। शाम तीन बजे फाल्ट सुधारकर समाधन किया गया। इस बीच टुल्लू पंप नहीं चलने से लोग पानी और कूलर, पंखे न चलने से गर्मी से परेशान रहे। मोहल्ले में घरों के ऊपर से 33 केवी की लाइन गुजर रही है। इस लाइन के ढीले तार टकराने से यहां आए दिन आए दिन फाल्ट और लो वोल्टज की समस्या हो जाती है।

अहिबरनपुर के कर्बला ढाल, मदेयगंज में करीब 20 हजार आबादी है। यहां सुबह आठ बजे वोल्टज लो हो गया। इससे टुल्लू पंप नहीं चल पाए, लोग पानी की तलाश में भटकते रहे। कर्बला ढाल




निवासी आजम ने बताया कि सुबह तारों में स्पार्किंग के बाद बिजली की आवाजाही शुरू हुई, फिर वोल्टज लो हो गया।

मदेयगंज निवासी फुरकान अली ने बताया कि आए दिन वोल्टज लो हो जाता है। कर्बला मस्जिद के पास रहने वाली नफीसा ने बताया कि गर्मी में लो वोल्टज से पानी की ज्यादा समस्या हो जाती है। घरों के टुल्लू पंप और इलाके में लगा सबमिर्सबल पंप नहीं चल पाता है। बिजली अधिकारियों को तारों और खंभों को शिफ्ट करने के लिए कई बार एप्लीकेशन दी गई, लेकिन कोई एक्शन आज तक नही लिया गया। इस संबंध में एसडीओ अहिबरनपुर प्रशांत सक्सेना ने कहा कि अहिबरनपुर के कर्बला ढाल, मदेयगंज में घरों के ऊपर से निकली लाइन की जानकारी है। विभाग की ओर से जल्द कार्रवाई शुरू की जायेगी। लेकिन लो वोल्टज की समस्या की जानकारी नही है। इस समस्या को दिखवाकर दूर कराया जाएगा।

### मुख्य अभियंता ने अधिशासी अभियंताओं के साथ की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांस गोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अधिशासी अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने निर्बाध बिजली आपूर्ति कराने के लिए मरम्मत व अन्य कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राजस्व सहित लाइन लॉस से विभाग को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए विचार विमर्श किया। मुख्य अभियंता ने बताया कि राजधानी का पारा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में क्षेत्र में कम से कम ट्रिपिंग हो, ब्रेकडाउन हो, उसके लिए अधिकारियों को प्लान बनाकर उस पर काम करने की सलाह दी है। प्रीपेड मीटरों के स्टॉक से लेकर बिजली बकायेदारों से पैसा वसूलने के लिए रणनीति बनाने के आदेश दिए है। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने के निर्देश देते हुए लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है।

# चुनाव ड्यूटी से लौट रहे सिपाही की पिस्टल गायब

## बरेली में मतदान कराने के बाद ट्रेन से लौटते समय हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर थाने में तैनात सिपाही की सरकारी पिस्टल चोरी होने का मामला सामने आया है। सिपाही बरेली से चुनाव ड्यूटी कर ट्रेन से लौटा था। एसीपी गोमतीनगर अंशू जैन का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। सिपाही ने ट्रेन में बैग से पिस्टल चोरी होने की बात कही है। मामले की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

एसपी के मुताबिक, गोमतीनगर थाने में तैनात सिपाही विशाल त्यागी की बरेली में चुनावी ड्यूटी लगी थी। तीसरे चरण यानी 7 मई को मतदान था। ड्यूटी समाप्त होने पर विशाल बुधवार को बरेली से लखनऊ ट्रेन से लौट

▸▸ गोमतीनगर थाने में दर्ज कराया गया चोरी का मामला

### जीआरपी थाने में दर्ज होना चाहिए था मामला

जानकारों के अनुसार सिपाही ड्यूटी करके बरेली से लखनऊ ट्रेन से वापस लौटा। थाना गोमती नगर पहुंचने पर बताया कि उसकी पिस्टल ट्रेन में चोरी हो गई। जब सिपाही ने ट्रेन में पिस्टल चोरी होने की जानकारी दी तो मुकदमा बरेली या लखनऊ जीआरपी थाने में मुकदमा होना चाहिए था। फिलहाल पुलिस ने गोमती नगर थाने में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति की है।

रहा था। उसकी तरफ से थाने में दिये प्रार्थना-पत्र में बताया गया है कि सरकारी पिस्टल बैग में रखी थी। लखनऊ पहुंचने पर बैग की चेन खुली होने पर उसे चोरी की आशंका हुई। इसके चलते उसने बैग चेक किया तो पिस्टल गायब थी। सिपाही ने ट्रेन में ही बैग से पिस्टल चोरी होने की बात कही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस पिस्टल चोरी का मामला बुधवार को ही अफसरों के संज्ञान में आ गया था। लेकिन वह छुपाते हुए पिस्टल की तलाश करते रहे। सुराग नहीं लगने पर गुरुवार को मामला पिस्टल चोरी का मामला दर्ज किया गया। यह भी बताया जा रहा है कि सिपाही को थाने से वापस भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस संभावित स्थानों पर पिस्टल की तलाश कर रही है। इसमें रेलवे बरेली व लखनऊ रेलवे पुलिस से भी संपर्क किया गया है।

# पुष्टाहार प्लांटों का होगा परीक्षण

## 43 जिलों में 204 टीएचआर प्लांट दो साल पहले खोले गए थे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 43 जिलों पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित टेक होम राशन यानी टीएचआर प्लांट में पुष्टाहार उत्पादन की लागत निकाली जाएगी। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारियों को परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अनुबंध पर 43 जिलों में 204 टीएचआर प्लांट करीब दो साल पहले खोले गए थे। इनमें समूह की महिलाएं द्वारा पुष्टाहार

▸▸ मिशन निदेशक दीपा रंजन ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारियों को परीक्षण कराने के दिए निर्देश

बनाया जाता है। इसकी एवज में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग धनराशि देता है। बजट के अभाव में ज्यादातर प्लांट बंद है। इधर, शासन ने प्लांट में पुष्टाहार उत्पादन की लागत मांगी है। इस क्रम में मिशन निदेशक दीपा रंजन ने संबंधित मुख्य विकास अधिकारी को पत्र जारी कर पुष्टाहार उत्पादन में आने वाली लागत का परीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है।

### इन जिलों में हैं टीएचआर प्लांट

आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहाइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबांकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, लखनऊ, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव व वाराणसी।

# मकान मालिक पर छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई कोतवाली में महिला ने मकान मालिक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। बच्चों के झगड़े में मारपीट किए जाने का भी आरोप है। उन्नाव असोहा निवासी महिला तेलीबाग में किराए पर रहती है। बुधवार को मकान मालिक बबलू ने किराएदार के कमरे में पहुंचकर गाली गलौज की। विरोध करने पर छेड़छाड़ करते हुए महिला और उसकी बेटी के कपड़े फाड़ दिए। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने बबलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# जम्मू-भागलपुर एक्सप्रेस 36 घंटे विलंब से आई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंबाला रेल मंडल के शंभू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के चलते यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके चलते कई ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। जम्मूतवी और अमृतसर की ओर जाने और आने वाली ट्रेनें जहां बदले रूट से चलाई जा रही हैं वहीं इसके चलते सफर पूरा करने में काफी समय लग रहा है।

अब आलम यह पहुंच गया है कि ट्रेनें डेढ़ दिन यानी 36 घंटे देरी से चल रही हैं। ट्रेन नंबर 15098 जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस गुरुवार को 36 घंटे की देरी से पहुंचने की जानकारी यात्रियों का मिली। जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस 15 घंटे, ट्रेन नंबर 13308 फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 13 घंटे, ट्रेन नंबर 15652 लोहित एक्सप्रेस 10 घंटे और ट्रेन नंबर 13152 जम्मूतवी- कोलकाता एक्सप्रेस छह घंटे की देरी से चारबाग आई। इन ट्रेनों से सफर करने पहुंचे अधिकांश यात्रियों ने ट्रेन के लेट होने के कारण रिजर्वेशन निरस्त कर दिये। बुधवार को लखनऊ से रवाना हुई बेगमपुरा एक्सप्रेस गुरुवार को 8:30 घंटे की देरी से जम्मूतवी पहुंची। हावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरी एक्सप्रेस 15.16 घंटे लेट हो गई।

### 108 किसानों ने दान दिया एक हजार क्विंटल भूसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए किसान आगे आए हैं। 108 किसानों ने गोशालाओं पर एक हजार क्विंटल भूसा दान किया है। जो भूसा बैंक में एकत्र किया गया है। गेहूं की कटाई को देखते हुए गोशालाओं में भूसा एकत्र करने के लिए प्रशासन ने किसान, समाजसेवी समेत अन्य लोगों से दान की अपील की है। ग्रामीण इलाकों में संचालित 98 अस्थाई गोशालाओं के लिए सभी विकास खंड को 93,749 क्विंटल भूसा दान में एकत्र करने का लक्ष्य दिया है। इस क्रम में पशु पालन, कृषि विभाग और पशु पालन विभाग की अपील पर 108 किसानों ने एक हजार क्विंटल भूसा दान दिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि किसान भूसा दान के लिए आगे आए हैं। 15 जून तक अभियान चलाकर इसी तरह भूसा एकत्र करेंगे और वर्षभर के लिए खरीद भी करेंगे।

# परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर बही काव्य धारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत की ओर गुरुवार को कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने बताया कि परशुराम जयंती मनाने के एक पीछे ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के साथ भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करना है। संगठन की ओर से डॉ. दिनेश शर्मा को भगवान



परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर हुए कार्यक्रम में सांसद दिनेश शर्मा को सम्मानित करते अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत के पदाधिकारी।

परशुराम का स्मृति चिन्ह और फरसा देकर ब्राह्मण शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्र में काम कर रहे समाज के लोगो में सुधाकर त्रिपाठी, डॉ. एके तिवारी, सुरेश मिश्रा, डॉ. अंशुल द्विवेदी सहित कई लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कवि प्रख्यात मिश्रा ने वंश के गर्व को तोलना चाहिए, आपसी ग्रंथियां खोलना चाहिए जय श्रीराम के साथ ही ब्राह्मणों को जय परशुराम भी बोलना चाहिए..., और कवि चंदन तिवारी ने कार सेवकों उठो चलो फिर श्री श्याम के चरणों में 24 का मतदान समर्पित करो राम के चरणों में.... रचनाएं प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरी।

# सदर गुरुद्वारे में मनाया गुरु अंगद देव का प्रकाश उत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा सदर में गुरुवार को गुरु अंगद देव का प्रकाश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। दीवान की शुरुआत असा की वार कीर्तन हजूरी रागी भाई अवनीत सिंह ने की।

हेड ग्रंथी ज्ञानी हरविंदर सिंह ने कथा के माध्यम से बताया की गुरु अंगद देव का प्रारंभिक नाम लहणा था। 1539 में साहिब श्री गुरुनानक देव ने अपने जीवन काल में ही गुरुगद्दी पर शुशोभित कर दिया और उनको गुरु अंगद जी के नाम से सिखों के दूसरे गुरु के नाम से सब श्रद्धालु जानने लगे। हरपाल सिंह जग्गी निवर्तमान अध्यक्ष एवम सचिव ने कहा की गुरु अंगद जी का जन्म 1504 मतै की सराय जिला गुरदासपुर पंजाब में हुआ।

उनके द्वारा सबसे उल्लेखनीय कार्य पंजाबी भाषा को गुरमुखी लिपि मे इज़ाद करना है, जो देवनागरी लिपि के आधार पर है। गुरमुखी लिपि उनके द्वारा अवतरित करने के तत्पश्चात गुरु अर्जन देव जी द्वारा पोथी साहिब का संपादन और साहिब श्री गुरुगोबिंद सिंह जी द्वारा गुरुग्रंथ साहिब जी का संपादन का कार्य गुरमुखी भाषा में किया गया। आयोजन में इंदर सिंह, हरदीप सिंह नंदा और अन्य सदस्य शामिल रहे।

## सार-संक्षेप



बख्शी का तालाब के बड़ी बाजार में महाराणा प्रताप की जयंती मनाते व्यापारी।

### व्यापारियों ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**अमृत विचार, बीकेटी :** बख्शी का तालाब के बड़ी बाजार में संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। व्यापार मण्डल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके चरित्र पर प्रकाश डाला। संगठन के महामंत्री अन्नू सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह, दिनेश वर्मा, सचिव सुखदेव वर्मा, मान सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सुखदेव लोधी, मुकेश गुप्ता, योगेंद्र प्रताप सिंह, संदीप शुक्ला, कुलदीप सिंह, दिलीप गुप्ता समेत अन्य उपस्थित रहे।

### ठेला लगाने के विवाद में पिता-पुत्र घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानपुर सब्जी मंडी में ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में सब्जी विक्रेता और उसका बेटा घायल हो गया। लोधौली निवासी मुन्नीलाल का बेटा सोनू मंडी में ठेला लगाता है। वहीं पर सब्जी विक्रेता गोलू भी दुकान लगाता है। गुरुवार को दोनों के बीच ठेला लगाने को लेकर झगड़ा हुआ। सोनू व पिता मुन्नीलाल को गम्भीर चोट लगी। इंस्पेक्टर मार्कण्डेय यादव के मुताबिक तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### 25 हजार के इनामी समेत चार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। वहीं, ठाकुरगंज पुलिस ने बंद घरों में चोरी की वारदात करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचा है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि सीतापुर महमूदाबाद निवासी वेल्डिंग कारीगर मनीष कुमार को घैला पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। मनीष पर 25 हजार का इनाम था। उधर, इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मल्लपुर निवासी गौतम शुक्ला, मोहिनीपुरवा निवासी अरविंद और करन को पकड़ा गया। आरोपियों ने गुड़ंबा, अलीगंज, नाका, महानगर, हसनगंज और ठाकुरगंज में वारदातों को अंजाम दिया था।

### बाइक हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर पुलिस ने बिजली मैकेनिक की बाइक हड़प कर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि ग्वारी चौराहे के पास से नगराम निवासी मो. आरिफ को पकड़ा गया। आरोपी के पास से हड़पी गई बाइक बरामद हुई है। जो दुबग्गा निवासी बिजली मैकेनिक रोशन लाल से हड़पी थी।

### नशे में अस्पताल घुसकर तोड़फोड़, पैसे मांगने का आरोप

**अमृत विचार, बीकेटी :** क्षेत्र में संचालित निजी अस्पताल में घुसकर तोड़फोड़ कर रुपये मांगने का युवक पर आरोप लगाया गया है। निजी अस्पताल संचालक डॉ. वाई पी सिंह ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र बताया मंगलवार शाम सिरसा कमालपुर निवासी युवक अपने साथी के साथ नशे में अस्पताल में घुसा। कर्मचारी राम प्रसाद को धमकाकर दस हजार रुपए मांगे। मना करने पर तमंचा निकाल धमकाते हुये कांच तोड़ दिया। आरोपी ने अस्पताल को बम से भी उड़ाने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल एससीएसटी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### सुमति मंडल अध्यक्ष और नवनीत बने मंडल मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल एससीएसटी एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव माननीय जोनल अध्यक्ष बच्चूलाल एवं जोनल महामंत्री राम प्रकाश जी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसमें सुमित अम्बेडकर को मंडल अध्यक्ष, अजय कुमार को मंडल कार्यकारी अध्यक्ष, नवनीत वर्मा को मंडल मंत्री, पवन कुमार को अपर मंडल मंत्री, राम अनुज को मंडल कोषाध्यक्ष चुने गए। मंडल के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को एएच सिद्दीकी, मोहम्मद नसीम, भईया लाल ने माला पहना कर स्वागत किया।

# सरकारी कामकाज में करें हिंदी का प्रयोग : डीआरएम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीआरएम ने कहा कि हम सभी अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग कर संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करे।

बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) विक्रम कुमार और राजभाषा अधिकारी सह मंडल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बादशाहनगर डॉ. बीएनचौधरी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने नियमित आहार में स्वस्थ खान-पान का प्रयोग करना चाहिए। तनाव को कम करने के लिए नियमित रूप से सभी को 30 से 45 मिनट की जॉगिंग और योग करना चाहिए।

### महाप्रबंधक ने किया दौरा

अमृत विचार, लखनऊ : पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने गुरुवार को आरडीएसओ का दौरा किया। इस अवसर पर शरद कुमार जैन अपर महानिदेशक आरडीएसओ, दिनेश शुक्ला, पीईडी रोलिंग स्टॉक, सुरेश कुमार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### गोरखपुर से लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हरियाणा और उप्र. एसटीएफ के संयुक्त प्रयास से गुरुवार की देर शाम गोरखपुर से लारेंस विश्नोई गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोरखपुर के रहने वाले लारेंस गैंग के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर गैंग के लिए मध्य इंदौर से असलहों की सप्लाई करता था। लारेंस विश्नोई गैंग के सदस्य मनीष कुमार यादव की गिरफ्तारी गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र से की गई। मनीष यहीं के वार्ड नंबर 43 बरगतवा (रामलीला मैदान के पास) का निवासी भी है। एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गोरखपुर के ही आदर्शनगर सिंघड़िया निवासी शशांक पांडेय विगत दिनों अंबाला जेल में बंद था। जेल में ही शशांक पांडेय की मुलाकात विक्की लाला से हुई थी। विक्की लाला लारेंस गैंग का सदस्य है। जेल से छूटने के बाद शशांक पांडेय भी विक्की लाला के माध्यम से लारेंस गैंग का सदस्य बन गया। यह लोग इंदौर मध्य से लारेंस गैंग के लिए असलहों की सप्लाई करने लगे।

# शौचालय जाने को यात्रियों को खरीदना पड़ा पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मी के इस मौसम में यात्रियों को लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करना दुश्वार होता जा रहा है। सफर में कभी पानी खत्म होने तो कहीं एसी के कूलिंग न करने की दिक्कतें आ रही हैं। गुरुवार को कई यात्रियों ने ट्रेनों के एसी डिब्बों में कूलिंग न होने की शिकायत की तो वहीं कई डिब्बे में पानी खत्म होने पर भी लोग परेशान होते रहे।

ट्रेन नंबर 12237 बेगमपुरा एक्सप्रेस के यात्रियों ने शिकायत कर ट्रेन में हुई असुविधाओं की जानकारी दी। एसी फर्स्ट क्लास में वाराणसी से लखनऊ आ रहे यात्री डा. गुरपीत सिंह मौजूद थे। उन्होंने बताया कि एसी कूलिंग नहीं कर रहा है इससे यात्री

▸▸ फरक्का एक्सप्रेस में पानी खत्म होने पर परेशान होते रहे यात्री

▸▸ एसी में कूलिंग न होने और पानी न मिलने की शिकायतें आती रहीं

परेशान हो रहे हैं। इसी ट्रेन की एसी थर्ड बी-1 कोच के यात्री पवन गुप्ता ने एसी के काम न करने पर शिकायत के माध्यम से नाराजगी जताई। ट्रेन नंबर 12328 में देहरादून- हावड़ा उपासना एक्सप्रेस की एसी थर्ड बोगी एम-1 के यात्री भी गर्मी से बेहाल होते रहे।

ट्रेन नंबर 13414 फरक्का एक्सप्रेस में तो पानी खत्म होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई। ट्रेन के एसी थर्ड बोगी बी-2 और बी-3 में पानी ट्रेन के लखनऊ पहुंचने से पहले ही खत्म हो गया। ऐसे में यात्रियों को शौचालय जाने के लिए पानी की बोतलें खरीदने को मजबूर हो गए। ऐसा ही हाल नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली ट्रेन नंबर 12430 एसी एक्सप्रेस का रहा। बोगी में पानी खत्म हो जाने की यात्री रवि अग्रवाल ने शिकायत की। ट्रेन नंबर 12230 लखनऊ मेल की स्लीपर बोगी एस-3 और 12212 आनंद विहार-गोरखपुर गरीब रथ एक्सप्रेस की बोगी जी-17 में पानी बीच सफर में खत्म हो जाने से यात्री परेशान होते रहे।

सबसे खास बात यह रही कि एक यात्री की शिकायत को बिना दूर किए हुए ही उसे निस्तारित दिखा दिया गया। यात्री राहुल सिंह ट्रेन नंबर 09066 छपरा-सूरत स्पेशल से यात्रा कर रहे थे। यह ट्रेन सात घंटे की देरी से चल रही थी। ऐसे में यात्रियों के खानपान के लिए ट्रेन में कोई व्यवस्था भी नहीं की गई थी।

नियमों की अनदेखी | आरटीओ कार्यालय के अधिकारी जल्द चलाएंगे अभियान

# चौराहों पर ऑटो, ई-रिक्शा चालक भरते हैं सवारी, लगता जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक तरफ जाम से निपटने को वातानुकूलित कमरों में बंद हो कर एक से बढ़ कर एक प्लान तैयार किये जा रहे हैं। दूसरी तरफ ऑटो चालक नियमों को रौंद कर सवारियां भर रहे हैं। चौराहों से 50 मीटर आगे या पीछे ही सवारियां उतारने और बैठाने का नियम है, इसके विपरीत चालक वीआईपी माने जाने वाले चौराहों पर भी सवारियां बैठाते और उतारते हैं। इससे जाम लग जाता है।

शहर के अति व्यस्ततम चौराहों में शुमार हजरतगंज चौराहे पर यात्रियों को बिठाने के लिए ऑटो चौराहे पर खड़े कर दिए जाते हैं। जेब्रा क्रासिंग पर ऑटो इस तरह खड़े किए जाते हैं कि पैदल चलना दुश्वार हो जाता है। सबसे अधिक दिक्कत तब होती है जब ग्रीन सिग्नल होने के बाद भी इन ऑटो के चक्कर में वाहन नहीं निकल पाते और जाम लग जाता है। इतना ही नहीं कई बार जल्दबाजी के चक्कर में वाहन एक-दूसरे से भिड़ भी जाते हैं। इस चौराहे से मात्र दस से 15 कदम की दूरी पर पुलिस का बूथ है। यहां पर अधिकारी वातानुकूलित कमरों में मौजूद रहते हैं। लेकिन वे इन ऑटो चालकों को न तो फटकार लगाते हैं, न ही इनका चालान करते हैं। हजरगंज के साथ ही महाराणा प्रताप चौराहा, बर्लिंग्टन चौराहा, प्रतिभा सिनेमा हाल चौराहा, सिंकदरबाग चौराहा तकरीबन सभी जगह यही हाल है। इन चौराहों की हालत देखते हुए अन्य चौराहों पर यातायात व्यवस्था कितनी व्यवस्थित है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। शहर में सबसे व्यस्ततम मार्ग चारबाग से निशातगंज का है। इसके बाद भी इस रूट के चौराहों पर ऑटो चालक 50 मीटर के नियम को नहीं मान रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस रूट सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक यातायात का भारी दबाव रहता है। चारबाग से निशातगंज तक रोजाना 6 लाख से अधिक वाहन आवागमन करते हैं। ऐसे में चौराहों पर ऑटो के खड़े होने से यातायात कई बार अवरुद्ध हो जाता है।

▸▸ 50 मीटर दूर तो छोड़िये, जेब्रा क्रासिंग पर खड़े रहते हैं ऑटो

इस मामले में जल्द ही ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक की जाएगी। साथ ही हमारी टीम भी ऐसे ऑटो चालकों के खिलाफ करेगी। हमारे यहां अब एक ही मामले में तीन बार चालान करने पर परमिट निरस्त किए जाने की व्यवस्था है। यातायात अवरुद्ध करने पर संबंधित ऑटो का चालान किया जाएगा।

**- संदीप कुमार पंकज, आरटीओ प्रवर्तन, लखनऊ परिवहन विभाग**



हुसैनगंज चौराहे पर सवारी भरते ऑटो व ई-रिक्शा चालक।

### एक्सरे सहायक पर अभद्रता करने का आरोप

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव निवासी पांशुल तिवारी ने बताया कि कई दिन पहले डेढ़ वर्षीय भतीजे देवर्श तिवारी के हाथ की उंगलियों में चोट लग गई थी। गुरुवार को उसे मरहम पट्टी कराने के लिये मोहनलालगंज सीएचसी ले गए थे। हाथ में सूजन होने पर डॉक्टर ने एक्सरे कराने की सलाह दी। डॉक्टर के पर्चे व भतीजे को साथ लेकर एक्सरे रूम ले गए। पर्चा देने पर एक्सरे सहायक सरला यादव ने बच्चे का आधार कार्ड मांगा। उसे बताया गया कि बच्चा छोटा है, इसलिए अभी आधार कार्ड नहीं बना है। आरोप है कि एक्सरे सहायक ने अभद्रता की और बच्चे का एक्सरे करने से मना कर दिया। इस पर परिजन ने हंगामा शुरू कर दिया शोर सुनकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और सहायक को फटकार लगाने के साथ एक्सरे कराया।

एक : क्षमावतां दोषो द्वतीयो नोपपद्यते।
यदेनं क्षमया युक्तमशक्तं मन्यते जन : ॥

क्षमाशील व्यक्तियों में क्षमा करने का गुण होता है, लेकिन कुछ लोग इसे उसके अवगुण की तरह देखते हैं। यह अनुचित है।

## संपादकीय

# दूरियां पाटने की कोशिश

मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर की पहली भारत यात्रा को भारत-मालदीव के बीच दूरियां कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी देश है। विदेश मंत्री जमीर की यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है। करीब छह महीने पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने पर दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आने के बाद से मालदीव की ओ्र से यह पहली उच्च-स्तरीय यात्रा है। मुइज्जू जितने भारत विरोधी हैं, उतने ही चीन के समर्थक भी। हाल ही में मालदीव और चीन के बीच कई अहम समझौते भी हुए हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने 'इंडिया आउट' का कैंपेन चलाया था। मुइज्जू 'इंडिया आउट' के नारे के दम पर चुनाव जीते थे और उन्होंने राष्ट्रपति बनते ही पहले तुर्की और फिर चीन की यात्रा की थी। मुइज्जू के मालदीव में तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर देने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव में आ गया। इस बीच भारत ने अब तक अपने 51 सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने देश से सभी भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा निर्धारित की है। ऐसे में मूसा जमीर की भारत यात्रा को कई मायनों में खास माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-मालदीव संबंधों का विकास आपसी हितों, पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। 1965 में जब मालदीव आजाद हुआ था, तो भारत उन देशों में शामिल था, जिसने उसे सबसे पहले मान्यता दी थी।

गौरतलब है कि भारत कई अवसरों पर मालदीव के लिए सबसे पहले आगे बढ़कर मदद देने वालों में रहा है। भारत मालदीव को विकास सहायता देने वाले देशों में भी प्रमुख है। भारत की कई परियोजनाओं से मालदीव के लोगों को लाभ हुआ। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर चिकित्सा निकासी और स्वास्थ्य केंद्र तक शामिल हैं। भारत ने अनुकूल शर्तों पर वित्तीय सहायता दी है। भारत के सहयोग ने साझा गतिविधियों, उपकरण, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के माध्यम से मालदीव की सुरक्षा और कल्याण को भी मजबूत किया है। हिंद महासागर की शांति और सुरक्षा दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। हिंद महासागर को शांतिपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए मिलकर काम करना सभी के हित में है। भारत और मालदीव के रिश्तों के इतिहास को देखते हुए, उम्मीद है विदेश मंत्री जमीर का दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती देगा।

# सतयुग-त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक परशुराम



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है।

महर्षि भृगु से लेकर परशुराम तक भार्गव वंश को ज्ञान और विद्या से जोड़ा जाता है। भृगु तो भृगुसंहिता के प्रणेता थे ही, परशुराम के पितामह ऋचीक अथर्वण मंत्रदृष्टा ऋषि थे। राम भार्गवेय नामक एक वैदिक ऋषि का सूक्तद्रष्टा ऋषि के रूप में आया है। परशुराम की प्रारंभिक शिक्षा ऋषि जमदग्नि के आश्रम में हुई उसके पश्चात् ऋषि कश्यप से दीक्षा ली तदंतर कैलाश पर्वत पर जाकर भगवान शंकर से समस्त शास्त्र और शस्त्र तथा मंत्र-तंत्र की विद्या में पारंगत हुए। भार्गव और अंगिरस कुल के ऋषियों ने समस्त शास्त्रों का नवसंस्कार किया है।

भार्गव और हैहयों में बारह पीढ़ी से द्वंद्व होता रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह रहा है कि हैहय ऋषि परंपरा को समाप्त कर राजाश्रित पुरोहिती परंपरा का पक्षधर था उसने वेतन पर ऋषियों को अपने राज्य में रखना चाहा। आर्येतर जातियों को अपने राज्याश्रित गुरुकुलों में प्रवेश नहीं देता था। भगवान दत्तात्रेय से वरदान पाकर सहस्त्रार्जुन कार्तवीर्य दंभी हो गया, उसके अनीति और विस्तारवादी नीति से जम्बूद्वीप के राजाओं और ऋषियों-मुनियों में असंतोष फैलाने लगा था। पराकाष्ठा तो तब हो गई जब एक बार अर्जुन, जमदग्नि से मिलने उसके आश्रम आया और आश्रम की कामधेनु की मांग कर दी, जमदग्नि ने समझाया की यह कामधेनु मेरे पुत्र परशुराम की अमानत है। इस आश्रम में मैं तुम्हे दान स्वरूप भी इसे नहीं दे सकता। अर्जुन तो विवाद के उद्देश्य से आया था उसने बलात जमदग्नि ऋषि की हत्या करके कामधेनु गौ का अपहरण कर आश्रम को ध्वस्त कर दिया। इस घटना का उल्लेख अथर्ववेद (5 /18 /10) में आया है।

भार्गवेय परशुराम अध्ययन और तपस्या के उपरांत उसी समय अपने आश्रम कतिपय संकल्पों के साथ लौट रहे थे। उन्हें अपने युग की प्रतीति थी। राजाओं का अत्याचार चरम पर था, आर्य और आर्येतर जातियों में असमानता बढ़ता जा रहा था, ऋषियों के आश्रम में भय व्याप्त था। इनके निदान के संकल्प के साथ जब परशुराम आश्रम पहुंचे तो उनका स्वागत मां के विलाप और ध्वस्त आश्रम तथा भयभीत ऋषियों ने किया। इन क्षणों में परशुराम को वेद की वे ऋचाएं संबल बनी- हे वाचस्पति हमें शास्त्र और शास्त्र धारण करने की बुद्धि और शक्ति प्रदान करे। संपूर्ण जम्बूद्वीप में इस कुकृत्य की निंदा होने लगी ऋषिकुलों से ऋचीक, वशिष्ठ विश्वामित्र, कश्यप, अगस्त आदि ऋषियों के साथ कई राजशक्तियां और आर्येतर जातियों के प्रतिनिधि परशुराम के आश्रम में एकत्र हुए और यह निर्णय लिया कि हैहयों के विरुद्ध एक संगठित युद्ध की घोषणा परशुराम के नेतृत्व में की जाए। पितामह ऋचीक ने विष्णु का दिव्य वैष्णव धनुष परशुराम को दिया, ब्रह्मर्षि कश्यप ने अविनाशी वैष्णव मंत्र दिया। परशुराम कैलाश गिरिश्रृंग जाकर भगवान शंकर का आशीर्वाद रूप में विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया।



परशुराम जयंती पर

परशुराम पहले नायक हैं, जिन्होंने किसी अत्याचारी राजा को दंड देने के लिए राजाओं को ऋषियों को ग्रामवासियों को एक जुट किया और उनके अंतःकरण से भय तिरोहित कर न्याय स्थापित करने की आग प्रज्ज्वलित की। इसके पूर्व पुरुरवा, वेन, नहुष जैसे राजाओं के अत्याचार पर ऋषियों ने अपने स्तर पर ही दंडित किया। उस काल में समस्त जम्बूद्वीप में हैहयों की सौ अक्षौहिणी सेना का बड़ा आतंक था। उसने धन के बल पर विशाल सेना और आयुध इकट्ठा कर रखा था, महिष्मति के अलावा हैहयों के चार राजवंश थे। सिंध और राजस्थान के राजवंश भी हैहयों के साथ थे। ऋषिकुलों के प्रयास से सूर्यवंशी राजाओं के साथ चंद्रवंशी राजा भी परशुराम के साथ खड़े हुए। ऋषि अंगिरस के प्रयास से शम्बर, बल, नमुचि, वृत्र, पाणी जैसे अनार्य भार्गव के पक्ष में खड़े हुए। कश्यप ने सप्तसिंधु और सारस्वत क्षेत्र के राजवंशों के साथ ही सागर देश के राजवंशों को भी भार्गव के पक्ष में खड़ा किया। हैहयों से प्रताड़ित यदुवंशी और हैहयवंशी जिसमे सुबलहैहय और शत्रुघ्न यादव प्रमुख रूप से युद्ध में सम्मिलित हुए। इस महायुद्ध के लिए परशुराम ने ग्रामजनों को भी शस्त्र शिक्षा दी। अत्रि की पत्नी अनुसुइया, अगस्त की पत्नी लोपामुद्रा तथा परशुराम शिष्य के अकृत्वान ने एक विशाल नारी सेना भी तैयार की थी।

जम्बूद्वीप का प्रथम महायुद्ध-भार्गव हैहय महायुद्ध, मानवता का दानवता के विरुद्ध, सभ्यता का बर्बरता के विरुद्ध, नम्रता का अहम के खिलाफ, शिष्टता का अशिष्टता के विरुद्ध युद्ध था। यह ऋषि परंपरा को जीवित रखने के लिए युद्ध हुआ। सहस्रार्जुन का वध करके परशुराम ने समस्त विजित प्रदेश अपने गुरु कश्यप ऋषि को सौंप कर गुरु की आज्ञा से प्रायश्चित कर शूर्पारक प्रदेश चले गए। भृगुकच्छ-भड़ोच से लेकर कन्याकुमारी तक का पश्चिम समुद्र तट का प्रदेश-परशुराम प्रदेश या शूर्पारक नाम से प्रसिद्ध है।

भारतीय कृषि के साथ परशुराम को जोड़ा जाता है। अगस्त, कश्यप ऋषि तथा इंद्र की सहायता से परशुराम ने साढ़े तीन सौ कोस के समुद्री तट को समुद्र से मुक्त कराकर कृषि योग्य बनाया जिसे सप्त कोंकण कहा जाता है। कृषि गीता एक मलयालम ग्रंथ है जिसमें कृषि को लेकर परशुराम और ब्राह्मणों में चर्चा है। इसके मूल लेखक और रचनाकाल का पता तो नहीं चल पाया, पर यह रचना पंद्रह सौ ईसवी की मानी जाती है। परशुराम ने अछूत माने जाने वाले लोगों को शिक्षित किया और उन्हें कृषि कर्म में लगाया। उन्होंने दुराचारी संस्कारहीन ब्राह्मणों का सामाजिक बहिष्कार किया। उनके आश्रम में अध्ययन करने वाले ऋषि ब्राह्मण जो ऋषिकर्म स्वीकार नहीं करते थे, उन्हें परशुराम कृषिकर्म के लिए प्रेरित करते थे। इस महायुद्ध के पश्चात् ही कृषि जीवन जीने वाले भूमिहार ब्राह्मण अस्तित्व में आए जिन्हें त्यागी, महिपाल, गालव, अनाविल, कार्वे, राव, हेगड़े, अयंगर, अय्यर आदि उपनामों से विभूषित किया जाता है। श्रीविद्या के आदि साधकों में परशुराम की गणना की जाती है जिसके आदिदेव भगवान दत्तात्रेय हैं। दक्षिण भारत में एक तांत्रिक संप्रदाय परशुराम के नाम से जाना जाता है जिसके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं-परशुराम कल्पसूत्र और परशुराम प्रताप। मालाबार में अभी भी परशुराम शक संवत चालू है। कलरीपायट्टु केरल की एक युद्ध कला है, जो परशुराम से जुड़ी मानी जाती है। परशुराम सतयुग त्रेतायुग के संक्रमण काल के महानायक थे, जिन्होंने ऋषि परंपरा के स्वतंत्रता की रक्षा की अनीति के विरोध में जनमानस को तैयार किया ज्ञानार्जन के लिए भेद को समाप्त किया। परशुराम के महाभारत और रामायण में प्राप्त निर्देश कालविपर्यस्त हैं, अतः अनैतिहासिक हैं। परशुराम रामायण, महाभारत के बहुत पूर्वकालीन थे। इस काल विपर्यन का स्पष्टीकरण चिरंजीवता से उपयुक्त नहीं लगता। परशुराम की ऋषि परंपरा रामायण-महाभारत काल तक रही हो और उस काल के परशुराम को महिमामंडित करने के लिए पूर्व पुरुष का सातत्य बनाए रखा गया हो।

भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं, सातवें-आठवें अवतार राम व कृष्ण हैं जिन पर बहुत काव्य महाकाव्य लिखे गए। परशुराम पर कोई भी महाकाव्य, रामायण, महाभारत की भांति उपलब्ध नहीं है। ऋग्वेद में पांच सूक्त ही विष्णु से संबंधित हैं, जो की ब्राह्मण ग्रंथों के सर्वश्रेष्ठ देवता हो गए। पाणिनि काल में वासुदेव की उपासना की जाती रही। दक्षिण भारत से पनपे वैष्णव संप्रदाय में राम और कृष्ण के भक्तिमार्ग का विकास हुआ। भक्ति मार्ग में विष्णु के अवतार परशुराम स्थान नहीं प्राप्त कर सके। लोकजीवन में परशुराम का महत्व और चर्चा विष्णु के राम व कृष्ण के अवतार रूप से कम नहीं है। वे ऋषि परंपरा से समाज और राज्य की व्यवस्था को स्थापित करने वाले जननायक हैं।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का वीरगाथा काल

पुराने समय में जब राजा लोग युद्ध के लिए निकलते थे तो तमाम तरह के ताम-झाम के साथ निकलते थे। मेरा मतलब प्रयाण करते थे। रानियां बख्तरबंद पहनाती थीं। पंडित मंत्रोच्चार करते थे। चापलूस और भाट उनकी तारीफ के किस्से चिल्लाते हुए गाते थे। अपने-अपने राजाओं को सूर्य के समान तेजस्वी, सागर के समान विशाल हृदय वाला, चंद्रमा के समान शीतल टाइप बताते थे, जो भाट जित्ती कुशलता से अपने अन्नदाता की तारीफ कर सके वो उत्ता बड़ा कवि माना जाता था जिसके दरबार में जित्ता बड़ा कवि होता था वो राजा उत्ता शूरवीर कहलाता था। राजाओं की वीरता उनके दरबारी कवियों की काबिलियत पर निर्भर करती थी।

युद्ध में एक राजा हार जाता होगा। मारा जाता होगा। एक राजा के हारने का मतलब एक चापलूस कवि के सूर्य का अस्त हो जाना, एक समुद्र का सूख जाना, एक चंद्रमा पर ग्रहण लग जाना होता था। हारे हुए राजा का कवि अपना पोथी-पत्रा उठाकर प्रतिद्वंद्वी कवि के अंडर में काम करने लगता होगा। कभी जिस राजा का अलग-अलग तरीके से संहार करवाया होगा अपने मरे हुए राजा से अब उसी राजा की वीरता का श्रृंगार करने लगता होगा।



अनूप शुक्ल
कानपुर

आज जमाना आधुनिक हो गया है। युद्ध की जगह चुनाव होने लगे हैं। तलवारों की जगह जबाने चलती हैं। पहले राजाओं के पास अपने खास हथियार होते थे, जिन्हें वे अपनी कड़ी मेहनत और घोर तपस्या से अर्जित करते थे। आज जमाना बहुत आगे जा चुका है। आज के शूरवीरों को अपने लिए हथियार अर्जित करने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। एक बहादुर दूसरे की कमियों को अपने हथियार की तरह प्रयोग करता है। एक की नीचता दूसरे की महानता बन जाती है। एक का घपला दूसरे के लिए उपलब्धि बन जाता है। एक का भ्रष्टाचार दूसरे का हथियार। जब एक की कमजोरी दूसरे की ताकत बन जाती है तो काहे के लिए अपनी ताकत के लिए पसीना बहाना। दूसरे की कमियां खोजो, बड़े मियां बन जाओ। पुराने जमाने में राजा लोग जब लड़ते थे तो तलवारें टकरातीं थीं। चिंगारियां निकलती थीं। खून बहता था। लोग घायल होते थे। अब जमाना आधुनिक हो गया है। भाले, तलवार की जगह घपले, दंगे, भाई-भतीजावाद, वंशवाद के आरोपों से हमले होते हैं। एक के एक घपले का जबाव अगले के पचीस घपले हैं। छोटे दंगे का जवाब बड़ा दंगा है। छोटी नीचता का जवाब बड़ी नीचता है। एक रंगी चिरकुटई के जबाब में अगले की बहुरंगी हरकतें हैं। मामला फुल हाईटेक हो गया है।

चुनाव चल रहा है। प्रचार युद्ध शुरू हो चुका है। प्रचारक अपने-अपने हथियार तेज कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नए-नए खाते बन रहे हैं। पुरानी खबरों/सूचनाओं को अपने-अपने हिसाब से रंग-रोगन करके दूसरे पक्ष पर हमले शुरू हो गए हैं। अपने यहां संसदीय लोकतंत्र है। प्रधानमंत्री बहुमत पाए दल के लोग चुनते हैं। कौन जीतेगा यह तय नहीं। वोटिंग अभी चल रही है, लेकिन प्रधानमंत्री चुन लिए गए हैं। जिस दल ने नहीं चुने उसका उसके प्रधानमंत्री प्रतिद्वंद्वी दल ने चुन के दे दिया है। ले बे, ये है तेरा प्रधानमंत्री। चल युद्ध शुरू करें।

युद्ध भूमि भी पहले की तरह संकुचित नहीं रही। पूरे देश में पसरा है लड़ाई का मैदान। जहां-जहां वोटर है, वहां -वहां युद्ध का मैदान है। चापलूस और भाट सोशल मीडिया पर मुस्तैद हो गए हैं। टीवी चैनल पर डट गए हैं। अखबार में कलम कस के आ गए हैं। हमले शुरू हो गए हैं। हमले और बचाव का फीता कट गया है। सोशल मीडिया पर तैनात अनगिनत स्वतःस्फूर्त और भाड़े के प्रचारक किसी भी सूचना या बयान को अपने नेता खिलाफ पाते हैं तो वे उस पर टूट पड़ते हैं। सूचना और बयानबाज के चिथड़े-चिथड़े कर डालते हैं। अपने नेता की शान के खिलाफ बोलता हुआ हर व्यक्ति उनके लिए पांडवों के कुत्ते सरीखा है जिसका मुंह वे एकलव्य की तरह अपने बयान बाणों से बंद कर देते हैं।

यहां नेता कैसा भी हो, उसके कसीदे ही काढ़े जाने हैं। दोनों तरफ से अपने नायक की संभावित विजय की गाथाएं भी लिखी जा चुकी हैं। मजे की बात है कि दोनों विजयगाथाओं को लिखने का ठेका एक ही भाट कंपनी को मिला है। एडवांस में लिखी जा रही विजयगाथा का भुगतान भी एडवांस में हो चुका है।

# कितने सेल्फ गोल करेंगे



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं।

एक बार, दो बार, तीन बार, कितनी बार, इंडी गठबंधन के नेता बारंबार सेल्फ गोल मारेंगे तो मोदी को 2024 के लोकतंत्र का सबसे बड़ा मैच का विजेता बनने से कौन रोक सकता है। आप रायता फैलाते रहो और फिर उसे समेटते रहो। आपके सामने जो ऑल राउंडर कप्तान खड़ा है वो हर गूगली, बाउंसर और फुल टॉस को मैदान के बाहर भेजने का एक्सपर्ट है।

हाल ही में राजीव गांधी के सलाहकार रह चुके और वर्तमान में राहुल गांधी के राजनैतिक गुरु सैम पित्रोदा ने भारत राष्ट्र की अस्मिता पर हमला करते हुए देश को नैन नक्श और चमड़ी के रंग से ही बांटने का कुत्सित प्रयास कर दिया। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि इंडिया में उत्तर पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में अफ्रीकन जैसे दिखते हैं, पश्चिम में अरब जैसे और उत्तर में गोरे होते हैं। क्या इन्हें नहीं पता कि भारत विविधताओं से भरा हुआ एक सुंदर गुलदस्ता है, जहां विभिन्न नैन नक्श, चमड़ी के रंग, भाषा और भौगोलिक परिस्थिति में भारतीय रहते हैं, उन्हें आप किसी भी रूप में बांट नहीं सकते। क्योंकि इन सब में भारत की आत्मा बसती है, भारत के संस्कार और मूल्य बस्ते हैं, इतनी सारी विविधताओं के बावजूद हम सब एक हैं।

एक चुनावी रैली में इस वक्तव्य का मोदी ने जवाब दिया तो पूरी कांग्रेस के नेताओं ने पहले कहा अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के चेयरमैन पित्रोदा के इस वक्तव्य से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। यह उनका व्यक्तिगत विचार है। समझ में नहीं आता सार्वजनिक जीवन में सार्वजनिक मंच से कही गई कोई बात कैसे सुविधानुसार व्यक्तिगत हो जाती है? हैरानी तब हुई जब कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया, क्योंकि वो कांग्रेस में सर्वशक्तिमान के गुरु हैं। एक दिखावा जरूर किया जब पित्रोदा ने स्वतः अपने पद से इस्तीफा देने की नौटंकी की।

ध्यान रहे कांग्रेस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। यह वही हैं, जो वही बयान देते हैं, जो इनका शिष्य चाहता है या जो कहना चाहते हैं, वह शिष्य से कहलवा देते हैं। ध्यान रहे जब चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जातीय आधार पर जनगणना कर किसी बड़े एक्शन की बात कही तो पित्रोदा ने तब यह कह कर कि मृत्यु के बाद अमेरिका में पचपन प्रतिशत संपत्ति पर सरकारी अधिकार होने का जुमला उछाल कर चुनावी भूकंप ला दिया। लोगों में संशय पैदा हो गया कि यह बात कहीं भारत में न लागू करवा दें। भारत एक राष्ट्र नहीं राज्यों का समूह है, यह विभाजनकारी वक्तव्य भी पित्रोदा द्वारा आयोजित एक समारोह में राहुल ने दिया था।

अभी इस अनर्गल झंझट से निपट ही रहे थे कि लालू ने 7 मई की सुबह चुनाव प्रारंभ होने से पहले यह कहकर कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए मुस्लिम वोट पाने के लिए चुनाव का आख्यान ही बदल दिया और जब शाम को चुनाव संपन्न हो गया तब एक शातिर झूठे की तरह सुबह के बयान से शाम को पलटते हुए कह दिया आरक्षण का आधार सामाजिक होना चाहिए।

उधर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक्शा खराब है। क्या इनको यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी, वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए। यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, कोरोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात करते हैं या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से, नैन नक्श से, जातियों में बांटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य है हमारे देश में सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक गिरने वाले नेताओं को राष्ट्र प्रेमी जनता को झेलना पड़ रहा है।

## सोशल फोरम

# जंगल की आग

अकबर-बीरबल संवाद शायद होगा। अकबर ने दरबारियों से पूछा कि सबसे अच्छी धूप कौन सी लगती है? बीरबल ने कहा था कि वो धूप जो लंबी बारिश के बाद होती है। कल पुंगराऊ, नाकुरी और महरगाड़ी की घाटियों में इतनी बारिश तो हो ही गई जिसने जलते जंगल की अग्नि को फिलहाल शांत कर दिया है।

हालांकि इस बारिश से मेरे गांव में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को कुछ नुकसान हुआ है, लेकिन इस नुकसान की तुलना में जंगल में लगी आग को बुझाने में इस बारिश का योगदान अतुलनीय है। जिन मित्रों ने पहाड़ी जीवन जिया है उनको पता है कि अभी डेढ़ माह भयंकर गर्मी पहाड़ में दुबारा जंगलों में गिर गए पत्तों में आग का खतरा पैदा कर देगी, लेकिन जमीन में कुछ नमी इसके प्रभाव को कम कर सकती है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

बांज के जो जंगल कुछ बच गए हैं, नए पत्ते आने से उनमें जीवन आ जाएगा। किसी न्यूज चैनल में देख रहा था कि शासन ने इस ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। सेवानिवृत्त होने के बाद शासन के कार्य पर लिखना छोड़ दिया है, लेकिन इस विपदा को देखते हुए सुझाव देना जरूरी हो गया है कि वन विभाग की जवाबदेही प्रत्येक स्तर पर तय करना जरूरी हो गया है। साथ ही स्थानीय जनता के मन में अपने वनों से जुड़ने का अभियान चलाया जाना भी आवश्यक है।

वन विभाग की मानसिकता स्वयं को अभेद्य होने की हो गई है। शायद उच्च न्यायालय जैसी संस्था कभी इस बात का संज्ञान ले सके और विभाग से पूछ सके कि आग पर नियंत्रण के लिए विभाग ने क्या क्या तैयारी की थी और स्थानीय जनता को सहयोग करने के लिए क्या प्रयास किया था? यह तो सर्वविदित है कि दो-चार कर्मचारी बिना जनसहयोग से स्थिति नहीं सुधार सकते हैं। अपने गांव डौणू में सभी परिवार बांज-बुरांस के जंगल पालने में समर्पित रहते हैं। इसलिए चार किलोमीटर की परिधि में हरियाली सुरक्षित है।

**-फेसबुक वॉल से**

# कर्मवीर पंडित सुंदर लाल

देश के प्रमुख स्वाधीनता सेनानी, विश्व-शांति आंदोलन के कर्ताधर्ता, 'भारत में अंग्रेजी राज' जैसे गौरव-ग्रंथ के लेखक और इलाहाबाद से छपने वाले 'भविष्य', 'कर्मयोगी' तथा देवनागरी और उर्दू दो लिपियों में छपने वाले 'नया हिन्द' के संपादक कर्मवीर पंडित सुंदर लाल का 9 मई, 1981 को 95 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हुआ तब उनकी अंतिम यात्रा में विष्णु प्रभाकर, विश्वंभर नाथ पाण्डेय और विश्वनाथ प्रताप सिंह शामिल हुए थे।

विश्व राजनीति के इस पुरोधा को लोगों ने जल्दी ही भुला दिया जिसके ख्रुश्चेव, माओ जैसे लोगों से व्यक्तिगत संबंध थे। गांधी, मोतीलाल नेहरू, मंजर अली सोख्ता, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा भगवान दीन, डॉ. ताराचंद, अब्दुल मजीद, ख्वाजा मौलाना सुलेमान नदवी, तेज बहादुर सप्रू जैसे लोगों के साथ मिलकर उन्होंने बहुत काम किया। क्रांतिकारी अमीर चंद बंबवाल, लाला हनुवंत सहाय और पंडित परमानंद उनके गहरे मित्र थे। बाद को विश्वंभर नाथ पाण्डेय ने तो उनके साथ रहकर बहुत काम किया। सांप्रदायिक सद्भाव के लिए उन्होंने जीवन भर काम किया। पंडित जी ने अपना अंतिम समय अपने मित्र इश्तियाक मिर्जा के घर बिताया। शुरुआत में अरविंद से प्रभावित होकर क्रांतिकारी आंदोलन में सक्रियता के बाद वे गांधी और कांग्रेस से जुड़े, लेकिन उनमें उग्र राजनीतिक चेतना बरकरार रही। देश आजाद होने के बाद नेहरू उन्हें मंत्रिमंडल में लेना चाहते थे, लेकिन सुंदर लाल इसके लिए तैयार नहीं हुए। 1951 में नेहरू ने उन्हें चीन की यात्रा पर सद्भावना मिशन का नेता बनाकर भेजा जिसमें उनके साथ मुल्कराज आनंद और आरके करंजिया जैसे लोग थे। वहां वे माओत्से तुंग, चाउ एन लाई, लिउ शाओ चि तथा अन्य चीनी नेताओं से मिले। उन्होंने क्यूबा, वियतनाम, वियना, स्टॉकहोम, कोलंबो, मास्को, लेनिनग्राड, बर्लिन, वार्सा, लंदन की यात्राएं करके देश का गौरव बढ़ाया।



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

26 सितंबर, 1886 को मुजफ्फरनगर जिले के खतौली कस्बे में जन्मे सुंदर लाल ने अपनी आत्मकथा भी लिखी जिसमें उनके राजनीतिक सफरनामा और विचार पक्ष को बखूबी चीन्हा जा सकता है। मुझे संतोष है कि पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी, विष्णु प्रभाकर, मुल्कराज आनंद, कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर', ओमप्रकाश पालीवाल, शिव वर्मा, मन्मथनाथ गुप्त, बैजनाथ सिंह 'विनोद', भगवानदास केला, जनार्दन भट्ट, हंसराज रहबर, सैयद मुजफ्फर हसन और सत्यभक्त के पास उनकी यादों का जो अकूत खजाना था, उसे मैंने समय रहते सुरक्षित कर लिया।

# हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही

जो लगता है अक्सर होता नहीं है। होता कुछ है लगता कुछ है। सैम पित्रोदा ने भारतीयों की पहचान को लेकर जो सामान्यीकरण किया वह अनावश्यक था। पहली बात तो आमतौर पर मनुष्य मात्र को लेकर, उसके उद्भव और विकास को लेकर विज्ञान सम्मत जानकारी का अभाव है। ऐसे में मनुष्य की पहचान, उसकी जाति और रहन-सहन आदि मुद्दों पर कैजुअल टिप्पणी से बचना चाहिए। सच तो यह है कि वैज्ञानिक वर्गीकरण में धरती पर कम से कम 45-50 हजार वर्षों से जिस मनुष्य नाम्नी प्राणी का एकछत्र राज्य रहा है, उसका नाम है होमो सैपियेंस यानि प्रबुद्ध मानव।

वैज्ञानिक वर्गीकरण में बस यही एक 'प्रजाति' है, जो धरती के कोने-कोने में अपना अधिपत्य जमाए हुए है। चाहे वह धरती भौगोलिक-राजनीतिक लिहाज से चीन, रूस अमेरिका, इंग्लैंड, भारत की, कहीं की भी हो। सब में आनुवंशिकी के समान धागों-गुणसूत्रों की संख्या 46 ही है। कोई फर्क नहीं है। हां आबो हवा और चमड़ी तथा रंगरूप और अन्य शारीरिक फर्कों के हिसाब से उनकी कई उपजातियां (रेसेज) हैं। यहां जाति यानि कास्ट का अभिप्राय एकदम अलग है, जो सामाजिक मान्यताओं की देन है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

कार्लेटन एस कून नामक वर्गीकरण विज्ञानी द्वारा 1962 में किए गए मानव उपजातियों के वर्गीकरण को आज भी व्यापक स्वीकृति मिली है जिसके अनुसार पूरे विश्व में चार उपजातियां (रेसेज) हैं, मगर हैं सभी मूलतः होमो सैपियेंस। काकेसायड-गोरे रंग वाली यह उपजाति रूस-पश्चिमी एशिया, यूरोपीय भागों और उत्तरी अफ्रीका की है। कहते हैं रामायण की पात्र कैकेयी एक सोवियत रूस के क्षेत्र काकेशस मूल की थीं (वैज्ञानिक पुष्टिकरण वांछित)। मांगोलॉयड- इनका अधिपत्य पूर्वी एशिया और सहारा के दक्षिणी हिस्से में है। यही मंगोल हैं। चीन में इनकी ही प्रमुख आबादी है। निग्रोयड-काले रंगी प्रमुखतः अफ्रीका वासी हैं और सहारा के दक्षिण में भी हैं। आस्ट्रैलॉयड-आस्ट्रेलियाई मूल के सभी लोग इसी मूल के हैं।

हालांकि इस मुख्य विभाजन के दीगर भी गौण संख्या में ख्वायसैनायड- बुशमेन, होटेनाट्स और प्रशांत वंशीय भी हैं। आदिवासी भी हैं। एक तरह से कुल मिला जुलाकर दर्जन भर उपजातियां हैं, मगर सभी होमो सैपियेंस ही हैं। और अब ज्यादातर वैज्ञानिक यही मानते हैं कि आज के मानव का उद्भव अफ्रीका में हुआ और वहीं से कालान्तर में यह प्रजाति विश्व भर में फैलती गई।

इसके बावजूद दुनिया भर में रंग रूप के आधार पर मानव मानव में विभेद, नस्लीय भेदभाव का काला इतिहास रहा है। किसी भी विवेकवान व्यक्ति को ऐसी टिप्पणियों और वक्तव्यों से बचना चाहिए, क्योंकि इनके अनेक साभिप्रायपूर्ण निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। विवादित हो सकते हैं। भारत के किसी भी प्रांत में रहने वाले वाह्य रुप से किन्हीं भी उपजातियों से साम्य रखें, हैं तो सभी होमो सेपियेंस ही।

## एक नजर

### छह दुर्दांत नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो महिलाओं समेत छह दुर्दांत नक्सलियों ने गुरुवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों पर कुल 36 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छह दुर्दांत नक्सलियों, दूधी पोज्जा, पत्नी दूधी पोज्जे, महिला नक्सली जयक्का उर्फ आयते कोरसा, कवासी मुड़ा, कारम नारन्ना उर्फ भूमा और रेणु उर्फ मड़कम सुक्का ने आत्मसमर्पण किया। दूधी पोज्जे के सिर पर आठ लाख रुपये, जयक्का, कवासी मुड़ा, कारम नारन्ना और रेणु पर पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया था।

### आंध्र प्रदेश में ट्रक से 8.36 करोड़ बरामद

**गारिकापाडु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर गुरुवार को एक ट्रक से 8.36 करोड़ रुपये बरामद किए। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गारिकापाडु गांव में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अंतर्राज्यीय जांच चौकी पर पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से नकदी बरामद हुई है। हैदराबाद से गुंटूर जा रहे ट्रक में चालक की सीट के पीछे केबिन में 8.36 करोड़ रुपये रखे थे। शेख अजीज के नाम पर ट्रक पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक और क्लीनर से पूछताछ कर रही है।

### त्रिपुरा के राज्यपाल ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या:** त्रिपुरा के राज्यपाल एन. इंद्रसेन रेड्डी नल्लू गुरुवार को अपने माता-पिता की स्मृति में रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रोटोकॉल के तहत वे सबसे पहले सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कुछ देर विश्राम के बाद सरयू नदी पहुंचकर उन्होंने आरती उतारी और फिर हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद राम मंदिर पहुंचे और रामलला के चरणों में हाजिरी लगाई। राज्यपाल एन. इंद्रसेन रेड्डी नल्लू ने कहा कि वह रामलला का दर्शन करने के लिए कई वर्षों से प्रयास कर रहे थे। उनके माता-पिता कारसेवा के समय अयोध्या आए थे, लेकिन वे रामलला का दर्शन नहीं कर पाए थे। अब वे इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी स्मृति में उनकी तरफ से भी रामलला का दर्शन किया।

# चिलचिलाती गर्मी से कई राज्यों में दो दिन राहत

## पश्चिमी विक्षोभ से देश के विभिन्न हिस्सों में आंधी और वज्रपात के साथ बारिश होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में छाए रहेंगे बादल, उत्तर प्रदेश में चलेगी धूल भरी आंधी



मई महीने के पहले सप्ताह से ही पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई राज्यों में मौसम करवट लेगा। अगले दो दिन तक दिल्ली में जहां बादल छाए रहेंगे, वहीं उत्तर प्रदेश में धूल भरी आंधी चलेगी। राजस्थान और मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। दोनों राज्यों में दो दिन तक हीटवेव यानी लू चलेगी।

देश के मध्य, पूर्व और दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में 12 मई तक आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में शुक्रवार तक लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में सुधार होने का अनुमान है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग स्थानों पर 12 मई तक भारी बारिश, गरज, बिजली-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिन के दौरान गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी शुक्रवार को भारी बारिश होने के आसार व्यक्त किये गये हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार को मध्य प्रदेश, विदर्भ, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर नौ, 12 और 13 मई को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में नौ और 12 मई को, रायलसीमा और तेलंगाना में 13 मई को, केरल और माहे में 12, 13 मई को बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग ने बताया कि गुजरात के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक गर्म और आर्द्र मौसम बना रहेगा।

### नकदी बरामदगी मामला
## मंत्री के निजी सचिव की पत्नी से ईडी की पूछताछ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल से नकदी बरामदगी मामले में गुरुवार को पूछताछ की। ईडी का समन मिलने के बाद रीता लाल यहां ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं।

रीता लाल दुपट्टे से मुंह को ढके हुए वकील के साथ ईडी कार्यालय पहुंचीं, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उनसे पूछताछ शुरू की गई। संजीव लाल और रीता लाल को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के यहां से 35. 23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था।

# 7वें चरण में स्वामी प्रसाद समेत 23 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 7वें चरण की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव को लेकर गुरुवार को 23 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अब तक 42 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में 14 मई नामांकन की अंतिम तारीख है। एक जून को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि महराजगंज में दो, गोरखपुर में दो, कुशीनगर में दो, देवरिया में तीन, घोसी में पांच, सलेमपुर में दो, बलिया में तीन, गाजीपुर में एक व चन्दौली में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि महराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद मौसमे आलम ने नामांकन किया। गोरखपुर क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से जावेद असरफ ने नामांकन किया। कुशीनगर क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या ने नामांकन किया। देवरिया क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से शशांक मणि ने नामांकन किया। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से भीम, बलिया क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से लल्लन ने नामांकन किया।

### छठे चरण में 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**लखनऊ।** प्रदेश में छठे चरण में 14 सीटों पर 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी के दिन गुरुवार को दो प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया। इसी प्रकार बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट के लिए कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सीटों पर मतदान 25 में को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रतापगढ़ व श्रावस्ती सीट से दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया।

# देश भर में हो रहा 102 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन

नई दिल्ली

**अमृत विचार :** भारतीय रेलवे सभी वर्गों को किफायती परिवहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में देश भर में 102 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

वंदे भारत ट्रेनों की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीती 31 मार्च तक 2 करोड़ 15 लाख से अधिक लोग इससे यात्रा कर चुके हैं। बीती 7 मई को वंदेभारत ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी 98% थी। वित्त वर्ष 2024-25 में 7 मई तक औसत ऑक्यूपेंसी 103% होने के साथ वंदे भारत ट्रेन सेवाओं को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान वंदे भारत ट्रेनों की कुल ऑक्यूपेंसी 96% से अधिक रही। वंदे भारत एक्सप्रेस लोगों को हवाई यात्रा जैसा अनुभव प्रदान कर रही है। यही वजह है कि लोग वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा करना पसंद करते हैं। देश के 284 जिले वंदे भारत से जुड़ चुके हैं। रेलवे नेटवर्क के 100 रूटों पर कुल 102 वंदे भारत ट्रेनें सेवाएं दे रही हैं।



### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पलटी बस, दो यात्रियों की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पहले से ट्रक पलटने से फैली मक्का व उससे भरे बोरों पर चढ़ने से स्लीपर बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 27 लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने बस से निकालकर एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां से पांच को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया।

एक स्लीपर बस गुरुवार को सवारियां लेकर बिहार से दिल्ली जा रही थी। तड़के करीब तीन बजे एक्सप्रेस वे के 205 कट पर ठठिया थाना क्षेत्र के होलेपुर गंव के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई।

# चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही कांग्रेस : नड्डा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** कांग्रेस जाति, धर्म के बाद अब चमड़ी के नाम पर देश को बांट रही है। घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को बेड़ी पुलिया के पास पार्टी प्रत्याशी और सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थन में हुई जनसभा में कहीं।

चिलचिलाती धूप के दौरान नड्डा का हेलीकाप्टर लगभग एक बजकर 25 मिनट पर उतरा। मंच पर पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रतीक चिह्न, गदा आदि भेंट की। नड्डा ने सैम पित्रोदा का नाम लिए बिना कहा, राहुल का एक सिपहसालार है, जब भी विदेश जाते हैं, वो बड़े-बड़े बाल वाले उनके साथ घूमते रहते हैं, उनके सलाहकार हैं। उन्होंने क्या किया... अब चमड़ी के आधार पर भारत का विभाजन कर रहे हैं। चमड़ी के रंग पर बात करते हैं। नड्डा ने राहुल गांधी पर तंज कसा। बोले, आजकल राहुल गांधी संविधान की कापी लेकर घूमता रहता है, मैंने कहा कभी पढ़ भी लिया कर। बाबा साहेब आंबेडकर ने लिखा है कि आरक्षण कभी धर्म के नाम पर नहीं होगा और कांग्रेस दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के अधिकार पर डाका डालकर धर्म के नाम पर आरक्षण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज कामदनाथ में भक्तों पर पुष्पवर्षा हो रही है जबकि एक समय भक्तों पर गोली चलती थी, आप गोली चलाने वालों को याद रखोगे कि नहीं रखोगे।



जनसभा में गदा लेकर जीत की हुंकार भरते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल और अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सोमेश्वर में बादल फटने और चौखुटिया में अतिवृष्टि से तबाही

**अल्मोड़ा :** सोमेश्वर जिले के चनौदा में बादल फटने और चौखुटिया में हुई अतिवृष्टि से मची तबाही के बाद गुरुवार को प्रशासन ने बचाव व राहत कार्य शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में जुटी रहीं। कौसानी हाईवे को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई। रात तक हाईवे को खोलने में सफलता नहीं मिल सकी थी।

बुधवार देर शाम तेज बारिश से सोमेश्वर के चनौदा में बाघ गधेरा उफान पर आ गया, जिससे बरसाती पानी के साथ मलबा और बड़े बड़े बोल्डर खिड़की दरवाजे तोड़कर लोगों के घरों और दुकानों में घुस गए। सोमेश्वर-कौसानी हाईवे पर मलबा आने से आवाजाही ठप हो गई। गुरुवार को पुलिस, एसडीआरएफ, आपदा प्रबंधन और तहसील की टीम ने मोर्चा संभाला और राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

### आजम खान के सरकारी सफाई मशीनों को गायब करने के मामले में सुनवाई 22 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की मुश्किलें इन दिनों कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता वाकर अली खान द्वारा दर्ज मामले में आजम खान और अन्य की जमानत याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई गुरुवार को एक बार फिर से टाल दी गई है। अपर महाधिवक्ता पी.सी. श्रीवास्तव की प्रार्थना पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगामी 22 मई को सुनिश्चित कर दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता वाकर अली ने आरोप लगाया था कि सपा शासन काल के दौरान रामपुर में सफाई व्यवस्था के लिए सरकारी पैसे से नगर पालिका में सरकारी सफाई मशीन खरीदी गई थी, लेकिन उन मशीनों को आजम खान और उनके बेटे ने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर खान के साथ मिलीभगत करके जौहर विश्वविद्यालय में लगवा दिया।

### अब्बास अंसारी के करीबी नियाज अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में रंगदारी, मारपीट, गुंडागर्दी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल अब्बास अंसारी के गिरोह के सक्रिय सदस्य नियाज अंसारी की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता पी.सी. श्रीवास्तव के अनुरोध पर मामले की सुनवाई टाल दी गई है। मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने आगामी तिथि 28 मई सुनिश्चित की है। मामले के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने अब्बास अंसारी, नियाज अंसारी सहित तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा 2/3 के तहत पुलिस स्टेशन करवी कोतवाली नगर, चित्रकूट में 29 जनवरी 2024 को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि अब्बास अंसारी ने चित्रकूट जेल में रहते हुए एक नया गैंग बनाया है, जिसका सक्रिय सदस्य नियाज अंसारी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आर्थिक लाभ के लिए लोगों से रंगदारी वसूलता है और मारपीट तथा अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में सपा प्रत्याशी को मिली अंतरिम राहत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समाजवादी पार्टी प्रत्याशी श्रीमती पिंकी यादव को अंतरिम राहत देते हुए मामले की अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मौजूदा याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले को आगामी 30 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। मालूम हो कि याची ने वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान संभल (चंदौसी) में कोरोना दिशा निर्देशों तथा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर डोर टू डोर भ्रमण करते हुए चुनाव प्रचार किया।

### आज पौने चार घंटे अयोध्या में बिताएंगे उपराष्ट्रपति

**अयोध्या :** राष्ट्रपति के अयोध्या भ्रमण के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। वह लगभग पौने चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। उप राष्ट्रपति शुक्रवार को लगभग चार बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे।

### लैंगिक पूर्वाग्रह का पर्याय बनती जा रहीं एसिड अटैक की घटनाओं पर हाईकोर्ट गंभीर

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के संपूर्ण सामाजिक, पारिवारिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक व्यक्तित्व को झकझोरने वाली एसिड अटैक की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समय के साथ एसिड अटैक लैंगिक पूर्वाग्रह से ग्रसित हिंसा के रूप में बदलता जा रहा है। एसिड हमलों से न केवल पीड़िताओं की शारीरिक बनावट को नुकसान पहुंचता है, बल्कि ऐसी घटनाएं उन्हें सामाजिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी तोड़ देती हैं, जिससे उनके समग्र विकास में बाधा उत्पन्न होती है। एसिड अटैक से जुड़ीं घटनाओं को देखकर ऐसा लगता है कि एसिड की आपूर्ति और वितरण के लिए नियमों और कानून का कोई उचित कार्यान्वयन नहीं हुआ है।

# समय से पूर्व सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील बनें अधिकारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारियों द्वारा अपरंपरागत सेवानिवृत्ति के विकल्प की गलत व्याख्या करने पर उपरोक्त अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि समय से पहले सेवानिवृत्ति के विकल्प को परंपरागत सेवानिवृत्ति के विकल्प से विपरीत समझा जाना चाहिए, न कि इसे किसी शिक्षक द्वारा ग्रेच्युटी प्राप्त करने के लालच के रूप में देखा जाना चाहिए। 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति एक अधिकारपूर्ण तथ्य नहीं है जो कर्मचारी को ग्रेच्युटी प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता हो। ग्रेच्युटी का अधिकार किसी कर्मचारी को उसकी सेवा के वर्षों की संख्या के आधार पर मिलता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने सेहरून निशा की याचिका को स्वीकार करते हुए की। साथ ही अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, लखनऊ को पीठ द्वारा की गई टिप्पणी और पारित वर्तमान आदेश को ध्यान में रखने का निर्देश दिया। जिससे माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अन्य अधिकारियों द्वारा भविष्य में शिक्षकों की ग्रेच्युटी के बहुमूल्य अधिकार के प्रति ऐसी विकृत व्याख्याएं और पूर्वाग्रह प्रदर्शित न किए जाएं। इसके अलावा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रयागराज द्वारा पारित आक्षेपित आदेश को निरस्त करते हुए याची की ग्रेच्युटी को मंजूरी तथा ग्रेच्युटी की गणना करने के लिए विपक्षियों को आदेश दिया।

कोर्ट ने याची की ग्रेच्युटी गणना आदेश के 15 दिनों के भीतर करने और उसके अगले 15 दिनों के भीतर ग्रेच्युटी भुगतान का निर्देश भी दिया। दरअसल, याची ने 57 वर्ष की आयु में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मांग की थी, इसलिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा उनके ग्रेच्युटी दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि ग्रेच्युटी केवल 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को देय है।

## वर्ग पहेली-65

**बाएं से दाएं**

1. 1. दल बनाना 2. आपस में कुछ लोगों के साथ मिलकर अलग गुट या दल बनाने की क्रिया या भाव 3. आपसी मतभेद के कारण किसी समुदाय या संस्था के सदस्यों का छोटे-छोटे गुट या दल बनाना।

5. 1. जो उदारवादी न हो, रूढ़िवादी 2. रूढ़िवादी दल से संबद्ध 3. संकीर्ण मानसिकतावाला।

6. 1. जल्दी मचाना, आतुर होना, उतावला हो जाना 2. तन-मन से असंतुलित हो जाना।

8. 1. योग 2. संयोग, मिलाप 3. जोड़ 4. एक प्रकार का गीत जो कन्या और वर दोनों पक्षों में विवाह के समय गाया जाता है।

9. 1. किसी वस्तु को क्रय करने के लिए दिया जाने वाला धन, मूल्य, दाम 2. प्रतिष्ठा, महत्व 3. योग्यता, गुण।

**ऊपर से नीचे**



2. वह दिखावे भर की घुड़की जिसका कोई परिणाम न हो, महज़ डराने भर की धमकी, झूठी धमकी, गीदड़ भभकी।

3. 1. रंगीन द्रव जो किसी सतह पर साज-सज्जा या सुरक्षा हेतु लगाया जाता है 2. चित्र बनाने में प्रयुक्त होने वाले रंगीन द्रव, रोगन।

4. सुंदर अवसर, अच्छा मौका, कार्य-साधन हेतु अनुकूल और उपयुक्त परिस्थितियां।

7. जो नष्ट हो चुका हो या किया जा चुका हो, नष्ट।

### वर्ग पहेली -64 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | ■ | ■ | 2 अ | 3 गु | रु | ■ |
| हू | ■ | 4 वि | भे | द | ■ | 5 या |
| र | ■ | ■ | द | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | मू | ■ | ■ | आ |
| 6 अ | वि | च | ल | 7 ता | ■ | व |
| ब | ■ | ■ | 8 क | र | ता | री |
| री | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 1 | 3 | | |
| 4 | | | | | 2 | | | |
| 6 | | | | | | 1 | | |
| | 8 | | | 5 | | | | |
| | 2 | 6 | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | | | | |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| | | | | | | | 4 | |

### सुडोकू -143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 11 मई 02 .50 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष :** आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिए। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें। आपको जीवन की सच्चाइयों का सामना करना पड़ेगा। कारोबार बढ़ाने के अतिरिक्त प्रयास करने पड़ेंगे। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण रखें।

**वृष :** आज लोगों पर आपका प्रभाव काफी अच्छा पड़ेगा। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपनी आय बढ़ाने के काफी प्रयास करेंगे। परिवार के छोटों की चिंता रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साहवर्धन करेगा।

**मिथुन :** आज दांपत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। दिखावे के लिए खर्च करने से बचें। आपको तनाव वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहना वाला है। प्रेमीजन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। आप दूसरों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी सामाजिक छवि में वृद्धि होगी। नए कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

**सिंह :** आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। प्रबंधन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। साहित्य में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आपको शारीरिक श्रम ज्यादा करना पड़ेगा,किंतु आप एकाग्र होकर अपने कार्यों में लगे रहें।

**कन्या :** आज जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में सफलता मिलेगी। अधिकारी वर्ग से मनमुटाव हो सकता है। लोगों की बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**तुला :** आज मित्रों की राय लेना न भूलें। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। आपको उधार धन देने से बचना होगा। गलत और अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। धन के निवेश को लेकर सावधान रहें। मन में असंतोष का भाव रहेगा।

**वृश्चिक :** आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है जिसका आप काफी इंतजार कर रहे थे। आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। व्यापार में धन लाभ होगा। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। संतान से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**धनु :** आज आप चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अधूरे पड़े कार्य आप शुरू कर सकते हैं। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही अच्छा है। स्वर्ण और महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपका दिन विशेष उन्नति कारक रहेगा।

**मकर :** आज आपके पाचन तंत्र में गड़बड़ी हो सकती है। शेयर मार्केट के माध्यम से लाभ हो सकता है। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। संतान की पढ़ाई को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी।

**कुंभ :** आज राजनीति से जुड़े लोगों को आलोचना झेलनी पड़ेगी। वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। घर के सदस्यों से मनमुटाव हो सकता है। माता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। शाम के समय दोस्तों के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं।

**मीन :** आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन शुभ है। आपको पिछले अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। अधिकारी आपके कार्यों से खुश रहेंगे। बिजनेस में गति आ सकती है। प्रतियोगिता और परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 10 .47 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- जान से प्यारा — सुबह :10 .47
- लोहा — रात : 07 .02

**&pictures**
- बत्ती गुल मीटर चालू — सुबह : 08 .06
- खट्टा मीठा — दोपहर : 02 .15

**Sony Pix**
- एनाकोंडा — सुबह : 10 .15
- एज ऑफ टूमारो — रात : 07 .17

**Zee Cinema**
- बाजी — सुबह : 10 .15
- नाम शबाना — रात : 07 .55

**Colors Cineplex**
- दो रास्ते — सुबह : 11 .27
- कुछ कुछ होता है — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02 .15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस (चोर से)- तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर-सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

पति- मैं नाश्ता नहीं करुंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी-मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
चार पराठे खाने के बाद
पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी-अजवाइन
सुनते ही पति के होश उड़ गए।

# लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए जीत का मंत्र दे गये नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यहां संगठन की बैठकों में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को करो या मरो का मूलमंत्र देते हुए लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए जी-जान से जुट जाने को कहा है। गुरुवार को लखनऊ पहुंचे जेपी नड्डा ने चार लोकसभा सीटों के चुनाव प्रबंधन में लगे जिम्मेदार पदाधिकारियों से एक-एक बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने को उत्साहित किया। इस दौरान नड्डा ने अपने पर्टीजनों का यह कहते हुए उत्साहवर्धन किया कि उप्र. की सभी लोकसभा सीटों पर हम जीत दर्ज करने जा रहे है। पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।




पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

नड्डा ने पार्टी उम्मीदवारों को जिताने के लिए हर घर कुंडी खटखटाने की सलाह दी। वहीं चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान की समीक्षा में पन्ना प्रमुखों से भी उम्मीद की कि वह अपने पन्ने के सभी वोटों पर जोर दें। हर मतदाता से कम से कम तीन-चार बार संपर्क हो जाये। इसके साथ ही उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अपने -अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को

- **बोले, नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री**
- **उप्र. की सभी लोस सीटों पर भाजपा व सहयोगी दलों की होगी जीत**

जागरूक करने और पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने जैसे बिन्दुओं पर भी सुझाव दिया।इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अब तक के चुनावी चरणों में पार्टी के प्रदर्शन की जानकारी लेते हुए रायबरेली और अमेठी के भी राजनीतिक माहौल का फीडबैक लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में एक-एक घंटे की दो अलग-अलग बैठकों में शामिल हुए और लोकसभा की चार सीटों की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में लखनऊ, मोहनलालगंज, उन्नाव और रायबरेली सीट को लेकर मंथन किया गया।

चौथे चरण का माहौल समझाने के साथ पांचवें चरण के चुनाव जिसमें दो केंद्रीय मंत्रियों की सीट शामिल है, की रणनीति तैयार की गई।

लखनऊ सीट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोहनलाल गंज सीट पर मंत्री कौशल किशोर को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। नड्डा ने सभी लोकसभा सीटों के प्रभारी और क्लस्टर इंचार्ज से भी अलग-अलग चुनाव पर चर्चा की। इसके साथ ही भाजपा की तरफ से चलाए जा रहे सभी चुनावी अभियानों की समीक्षा भी उन्होंने पदाधिकारियों के साथ की हैं। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## चुनावी चक्कर

**43 साल अमेठी की सेवा की है:**
अमेठी और रायबरेली सीट गांधी परिवार की है। 1983 से गांधी परिवार के साथ और आपकी सेवा मे हूँ। यह बातें अमेठी से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को गौरीगंज में कहीं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी अमेठी से चार बार सांसद चुने गए थे। दुर्भाग्यवश 1991 में राजीव गांधी की हत्या हो गई ।इसके बाद राजीव गांधी की खड़ाऊ लेकर कैप्टन सतीश शर्मा अमेठी में चुनाव लड़कर जीते थे। अमेठी से सोनिया गांधी सांसद चुनी गई थी। इसके बाद 2004 में सोनिया गांधी अपनी सियासी विरासत राहुल गांधी को सौंप कर रायबरेली से चुनाव लड़कर सांसद बनी। राहुल गांधी अमेठी से तीन बार 2004,2009 और 2014 में सांसद चुना गया। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि आपके प्रेम और गांधी परिवार के नेतृत्व के साथ आपके हर सुख-दुख में मैं साथ रहा।

## अपनी ढपली अपना राग



अब भाजपा और सपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं। इनकी गारंटी और वादे हकीकत में पूरे नहीं हुए। सब जानते हैं। -मायावती



भारत में मुस्लिम आबादी का बढ़ना लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए घातक, चार बीवी 40 बच्चे भारत में नहीं चलना चाहिए। जो व्यवस्था राष्ट्र हित में हो उसका कड़ाई से अनुपालन होना चाहिए। - साक्षी महराज



मै भी इंडी गठबंधन का हिस्सा था, वहां कोई विजन नहीं है, केवल कनफ्यूजन है। भटक गया था। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने पर यह सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। -जयंत चौधरी



भाजपा और संघ अनुसुचित वर्गों, पिछड़ों और आदिवासियों से नफरत करते हैं। संघ प्रमुख खुले तौर पर कह चुके हैं आरक्षण ख़त्म होना चाहिए। -संजय सिंह

# अपनों को जिताने के लिए भूल गये पुरानी राजनीतिक दुश्मनी

### बाराबंकी से तनुज तो गोंडा से श्रेया को जिताने के लिए जुगलबंदी

### पीएल पुनिया और बेनी प्रसाद के बीच हमेशा होती रही राजनीतिक तकरार

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कहते हैं राजनीति में न कोई किसी का हमेशा का दोस्त होता है और न ही हमेशा का दुश्मन। सब कुछ समय पर निर्भर करता है। चुनाव के लिये हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के इंडिया गठबंधन ने बाराबंकी और गोंडा लोकसभा सीट पर यह कहावत एकदम सच साबित कर दिया है। क्योंकि दोनों ही पार्टी के दो दिग्गज नेता जो कभी एक दूसरे के धुर विरोधी थे, आज चुनावी मजबूरी के चलते उनकी दूसरी पीढ़ी एक मंच पर दिखाई पड़ रही है।

हम बात कर रहे हैं सपा के कद्दावर नेता रहे स्व. बेनी प्रसाद वर्मा यानी बाबूजी और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद और अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले पीएल पुनिया की। जब तक बाबूजी जिंदा रहे, उन्होंने बाराबंकी में पीएल पुनिया का पुरजोर विरोध किया। वह खुले मंच से पुनिया पर बाहरी होने का आरोप लगाते थे। वहीं जवाब में पुनिया भी बेनी बाबू पर जवाबी तीर चलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते थे। क्योंकि दोनों की राजनीति की धुरी बाराबंकी से ही जुड़ी थी और वर्चस्व की लड़ाई में दोनों खुद को एकदूसरे से बड़ा साबित करना चाहते थे। लेकिन, पिछले दो लोकसभा चुनाव में भाजपा से मिली करारी हार के बाद दोनों ही दलों को यह लग गया कि अगर वे मिलकर चुनावी मैदान में उतरें, तभी भाजपा का मुकाबला कर सकते हैं। शायद इसी वजह से सपा का गढ़ कही जाने वाली बाराबंकी सीट अखिलेश यादव को जिले के नेताओं की इच्छा के खिलाफ जाकर भी कांग्रेस को देनी पड़ी। तो पीएल पुनिया और पूर्व मंत्री राकेश वर्मा को अपने बच्चों को जीत दिलाने के लिये अपनी पुरानी सियासी दुश्मनी तक भुलानी पड़ी। हालांकि इंडी गठबंधन ने कांग्रेस के तनुज पुनिया को बाराबंकी से तो सपा की श्रेया वर्मा को गोंडा से प्रत्याशी बनाकर एक तीर से दो निशाने भी साधे। गठबंधन ने कुर्मी और अनुसूचित वर्ग के वोट बैंक को अपने पक्ष के होने का भी संदेश दिया है। आज दोनों लोकसभा सीटों का आलम यह है कि कभी एक स्थान पर न दिखने वाले स्व. बेनी प्रसाद वर्मा और डॉ. पीएल की दूसरी पीढ़ी यानी पूर्व मंत्री राकेश वर्मा और तनुज पुनिया बाराबंकी में अक्सर मंच साझा कर रहे हैं। जबकि गोंडा लोकसभा सीट पर खुद डॉ. पीएल पुनिया बेनी बाबू की पोती के लिये जीत का माहौल बना रहे हैं।

दरअसल स्व. बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य होने के साथ ही उत्तर प्रदेश में कुर्मियों के बड़े नेता माने जाते थे। एक समय बाराबंकी में उन्होंने एकक्षत्र राज किया। जातियों में उलझी प्रदेश की राजनीति में किसी दूसरी पार्टी के पास कुर्मी लीडर के तौर पर वर्मा की काट नहीं थी। बाराबंकी से लेकर बहराइच और लखीमपुर तक के कुर्मी वोटों पर उनकी मजबूत पकड़ थी। ऐसे में बेनी बाबू की पुरानी राजनीतिक जमीं को देखते हुए कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया एक बात बहुत अच्छे से समझते हैं कि पुत्र तनुज पुनिया को बाराबंकी लोकसभा सीट से जीत दिलाने के लिये उन्हें हर हाल में बाकी वोट बैंकों के साथ कुर्मी मतदाताओं को भी साधना ही होगा। इसी वजह से कभी बेनी को कांग्रेस की गंदगी बताने वाले डॉ. पीएल पुनिया आज उनके कसीदे पढ़ रहे हैं।

हाल ही में हुई जनसभाओं में पीएल पुनिया बेनी बाबू को कर्मयोगी और विकास पुरुष बता रहे हैं। पुनिया सपा कार्यकर्ताओं को बाबूजी की फौज का सिपाही बताकर अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हैं। तो वहीं राकेश वर्मा गोंडा में पीएल पुनिया के सहारे दलित वोट बैंक श्रेया वर्मा के पक्ष में लाने में लगे हैं। इसके अलावा मुस्लिम और यादव वोटबैंक को दोनों ही अपने पक्ष में मानकर रहे हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के नतीजों में बाराबंकी और गोंडा सीट से भाजपा बाजी मारेगी या इंडी गठबंधन, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन इस चुनाव में स्व. बेनी प्रसाद वर्मा और डॉ पीएल पुनिया की दूसरी पीढ़ी की दोस्ती ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सियासत में जनता भले ही नेताओं को स्थाई दोस्त या दुश्मन माने। लेकिन अपना फायदा दिखते ही वही नेता अपने सारे पुराने गिले शिकवे भूलकर किसी से साथ भी हाथ मिला सकते हैं।

बाराबंकी की सियासत को काफी नजदीक से समझने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर श्रीवास्तव का कहना है कि भारतीय राजनीति उतनी सीधी सपाट नहीं है, जितनी दिखाई पड़ती है। वह जलेबी जैसी गोल और उलझी हुई है। विचारधारा, सामाजिक-न्याय, जनता की सेवा और कट्टर ईमानदारी जैसे जुमले अपनी जगह हैं। लेकिन समय के साथ किसी को दोस्त और किसी को दुश्मन बनाना अच्छे और सफल राजनेता की असली पहचान होती है।

स्व. बेनी बाबू ने अपनी जिंदगी में हमेशा दो कदम आगे की सोची। वहीं पीएल पुनिया का भी बड़ा राजनीतिक अनुभव है। ऐसे में दोनों की दूसरी पीढ़ी के साथ आने को भले ही कोई राजनीतिक मजबूरी कहे, लेकिन शायद दोनों को समय की यही मांग दिख रही होगी।

### बेनी प्रसाद को लेकर पुनिया का चर्चित बयान



कांग्रेस से वापस सपा में जाने के बाद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा था कि बेनी कांग्रेस से नहीं गए, बल्कि गंदगी चली गई। आस्तीन के सांपों का चला जाना ही ठीक है। वह कांग्रेस की जड़ों में मट्ठा डाल रहे थे। उनके जाने से कांग्रेस खिलेगी। बेनी प्रसाद वर्मा का कुर्मियों में कोई प्रभाव नहीं है। कुर्मी समाज किसी के कहने भर से फैसले नहीं लेता। वह अपने पुत्र को कुर्मी बाहुल्य इलाके से भी चुनाव नहीं जिता पाए।

### पीएल पुनिया को लेकर बेनी प्रसाद का चर्चित बयान



जिले में राजनीतिक वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों नेताओं के बीच तनातनी रहती थी। स्व. बेनी प्रसाद वर्मा खुली सभा से कई बार कह चुके थे पीएल पुनिया पंजाब से आए हैं। बाराबंकी में बाहरियों का कोई काम नहीं। उनका बाराबंकी से कोई लेना-देना नहीं। यहां के सब लोग हमारे साथ हैं। बेनी बाबू के इन बयानों के बाद जिले से लेकर दिल्ली तक की राजनीति भी कई बार गर्माती देखी गई थी।



बाराबंकी के सिद्धौर में तनुज पुनिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते राकेश वर्मा।



गोंडा में श्रेया वर्मा के पक्ष में बैठक करते पीएल पुनिया और राकेश वर्मा। अमृत विचार

# 8 वर्षों बाद सोनिया ने जोड़ा था अमेठी से गांधी परिवार का रिश्ता

**1991** में पहली बार अमेठी से गांधी परिवार का टूटा था रिश्ता

**1999** में सोनिया गांधी ने अमेठी से राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी



वर्ष 2001 में अमेठी संसदीय क्षेत्र के परशदेपुर में लोगों के साथ तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी। (फाइल फोटो)

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** गांधी परिवार के चुनाव ना लड़ने से अमेठी इस समय पूरे देश में चर्चित है, लेकिन इसके पहले भी 33 वर्ष पूर्व राजीव गांधी की मौत के बाद गांधी परिवार ने अमेठी में चुनाव नहीं लड़ा था। उस समय अमेठी से गांधी परिवार के टूटे रिश्ते को जोड़ने के लिए सोनिया गांधी आगे आई थी और उन्होंने 1999 में अपने राजनीतिक सफर की शुरुवात अमेठी से कर के 8 वर्षों बाद गांधी परिवार से अमेठी के रिश्ते को जोड़ा था।

वर्ष 1991 में देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री राजीव गांधी अमेठी से लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे थे। 20 मई को मतदान हुआ और 21 मई को राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई। मतगणना में मतों की गिनती हुई तो दिवंगत राजीव गांधी एक लाख 12 हजार 85 मतों से विजयी हुए, लेकिन उनकी मौत से अमेठी में लोकसभा का उपचुनाव कराने की नौबत आ गई। सोनिया गांधी के राजनीति में आने से इंकार करने की वजह से 1977 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब गांधी परिवार से अमेठी में कोई चुनावी मैदान में नहीं उतरा। राजीव गांधी के करीबी कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव लड़ें और जीते भी। सतीश शर्मा ने 1996 में भी जीत हासिल की, लेकिन 1998 में भाजपा के संजय सिंह ने सतीश शर्मा को पराजित कर पहली बार कांग्रेस के गढ़ में कमल खिलाने में सफलता हासिल की, जहां कांग्रेस के गढ़ में भाजपा का कब्जा हो गया था।

वहीं गांधी परिवार से भी अमेठी की दूरी काफी बढ़ गई थी। ऐसे में 1999 में सोनिया गांधी अपना राजनीतिक सफर शुरू करने के लिए अमेठी आई। सोनिया गांधी को 4 लाख 18 हजार 960 वोट मिले थे और उन्होंने 3 लाख 12 वोटों से बड़ी जीत हासिल की थी।

### दूसरी बार गांधी परिवार से टूटा रिश्ता

पहली बार राजीव गांधी की मौत के बाद 1991 में अमेठी का गांधी परिवार से रिश्ता टूटा था जो 08 वर्षों बाद सोनिया गांधी के अमेठी आने पर जुड़ा था। अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के रायबरेली जाने से दूसरी बार अमेठी का गांधी परिवार से रिश्ता टूटा है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के काफी करीबी हैं और खुद प्रियंका गांधी उनके समर्थन में चुनाव प्रचार में जुटी हैं।

### बेल्लारी से भी मिली जीत, नहीं छोड़ा अमेठी

सोनिया गांधी ने अमेठी के अलावां कर्नाटक की बेल्लारी सीट से भी लोकसभा का चुनाव लड़ा था। दोनों जगह जीतने के बाद उन्होंने बेल्लारी छोड़ दिया था जिससे 8 वर्षों बाद गांधी परिवार से अमेठी का टूटा रिश्ता फिर जुड़ गया।

# राजनीति की वंशबेलि के भविष्य को भी तय करेगा चुनाव

### जीत-हार के पीछे अयोध्या में लिखी जा रही एक और पटकथा

### एक साथ चल रही सियासत से विरासत की जंग

### फैजाबाद लोकसभा चुनाव में 13 प्रत्याशी हैं मैदान में

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अयोध्या का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अहम है। यह जिले में दशकों से सक्रिय राजनीतिक परिवारों के भविष्य को भी तय करेगा। जीत-हार के पीछे गणित की एक और पटकथा लिखी जा रही है। यह विरासत के साथ भविष्य के सियासत की है। इसके लिए भी यह चुनाव याद किया जाएगा।

वर्तमान की राजनीति में अयोध्या अहम है। यह देश की राजनीति को नई दिशा देने की तैयारी कर रही है। सबसे सशक्त मुद्दों के बीच तैर रही है। नेताओं के भाषण की अंतर्धारा में कहीं न कही अयोध्या चल रही है। जो देश की सियासत को हवा दे रहा है। लेकिन अयोध्या में चुनावी घमासान के पर्दे के पीछे भी राजनीति की एक और पटकथा लिखी जा रही है। यह जीत-हार से अलग है लेकिन प्रत्याशियों की जीत हार से ही इसका गहरा संबंध है। राजनीति के जानकार इस पर मंथन कर रहे हैं। संभावनाएं तलाश रहे हैं।

अयोध्या में कई राजनीतिक परिवारों की वंशबेलि रही है। कुछ समय के साथ पर्दे के पीछे चले गए लेकिन कुछ का प्रकाश और प्रभाव टिमटिमा रहा है। यह चुनाव उसके लिए भी संजीवनी का काम करेगा।





लल्लू सिंह



अवधेश प्रसाद



अरविंद सेन

### जन बल की अधिक जरूरत

राजनीति के जानकार कहते हैं कि सियासत में विरासत को आगे बढ़ाने के लिए धन बल के साथ ही जन बल ज्यादा जरूरी होता है। दौर बदलने के बाद भी जन बल ज्यादा प्रभावी है। सियासत के लिए राजनीति दलों की निगाह व्यक्ति के व्यक्तित्व के साथ पीछे खड़ी भीड़ पर होती है। चुनाव में प्रत्याशी की जीत-हार के साथ ही मिले वोट उसकी सियासी हैसियत का आंकलन करवाते है। ऐसे में सांसद लल्लू सिंह और विधायक अवधेश प्रसाद के सियासी परिवार की राजनीति का भविष्य उनकी जीत-हार और मिले मतों से जुड़ा है। भविष्य में इसका असर दिखाई पड़ेगा।

विरासत के साथ भावी सियासत इसकी पृष्ठ भूमि में है। भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन इसके पहले उदाहरण हैं। वह चुनाव के जरिए सेन परिवार के विरासत की जंग लड रहे हैं।

सत्तर के दशक से जिले की सियासत में अपना अलग मुकाम रखने वाले स्व. मित्रसेन यादव इसकी जड़ में है। सेन परिवार की तीन पीढियां राजनीति में पहुंच गई। बेटे और बहू के बाद पोता भी सियासत में है। लेकिन पिछला लोकसभा चुनाव लड़कर रनर रहने वाले आनंदसेन का टिकट कटने के बाद इस परिवार की राजनीति पर कुछ समय के लिए कुहासा महसूस किया गया। हालांकि वह अब भी सपा में सक्रिय हैं। लेकिन राजनीति में एक बार धारा से किनारे लगने पर फिर धारा मे वापस आने मे वक्त लगता है। इसे भांपकर ही स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन अपने परिवार की सियासी विरासत को सहेजने के लिए मैदान में आ डटे। चुनाव में हार हो या जीत लेकिन सेन परिवार सियासत की मुख्य धारा में बना रहेगा।

इंडी गठबंधन और सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद उम्र के जिस पड़ाव पर है। विरासत वहीं से अगली पीढ़ी के लिए हस्तांतरित किए जाने का प्रयास होता है। वह 79 साल के हैं। सत्तर के दशक से सियासत में है। नौ बार के विधायक और कई बार के मंत्री हैं। वह इस समय स्वयं विधायक हैं लेकिन अगली पीढ़ी को प्रयास के बावजूद राजनीति की मुख्य धारा में नहीं ला पाए हैं। बेटे को जिला पंचायत का चुनाव लड़ाया लेकिन कामयाब नहीं रहे। यह उनके लिए सियासी विरासत को आगे बढ़ाने का बेहतर मौका हो सकता है। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह सांसद है। 80 के दशक में विद्यार्थी परिषद से कॅरिअर की शुरुआत की। संघ से गहरा रिश्ता है। साल 1989 से चुनावी शतरंज पर मोहरे चलते आ रहे हैं।

पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद है। प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। 69 साल के हो गए। जिले में सियासी परिवार के रूप में पहचान है। सियासी विरासत अगली पीढ़ी तक हस्तांतरित होने के लिए अब अनुकूल माहौल चाहिए।

### वोट बैंक में सेंध लगाने के चक्कर में प्रत्याशी

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में कुल 13 प्रत्याशी है। चुनाव में चार प्रत्याशियों के बीच कदमताल तेज है। यह चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए रात दिन एक कर रहे है। भाजपा और सपा प्रत्याशी एक दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने के चक्कर में है। जबकि अन्य दो अपना वोट बैंक सहेजकर टक्कर देने प्रयास में हैं। भाजपा से सांसद लल्लू सिंह पांचवी बार लोकसभा के चुनाव मैदान में है। इंडिया गठंधन व सपा से अवधेश प्रसाद पहली बार इस लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। इसके पहले एक बार वह अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी से सच्चिदानंद पहली बार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आईपीएस रहे अरविंद सेन भी पहली बार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी है।

### पिछले दो लोकसभा चुनाव का परिणाम

#### 2019 में किसको मिले कितने मत




#### 2014 में किसको मिले कितने मत



## चौथे चरण में प्रमुख उम्मीदवार


हैदराबाद, तेलंगाना : एआई एम आईएम नेता असदुद्दीन औवेसी


सिंकदराबाद, तेलंगाना : जी किशन रेड्डी, राज्य भाजपा अध्यक्ष, केंद्रीय पर्यटन मंत्री


लखीमपुर खीरी, यूपी : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी


कन्नौज, यूपी : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव


बेगुसराय, बिहार : भाजपा नेता गिरिराज सिंह


उजियारपुर, बिहार : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।


मुंगेर, बिहार : जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह


कडपा, आंध्र प्रदेश
वाईएस शर्मिला


खूंटी, झारखंड
अर्जुन मुंडा


आसनसोल, पश्चिम बंगाल
शत्रुघ्न सिन्हा


बहरामपुर, पश्चिम बंगाल : अधीर रंजन चौधरी और यूसुफ पठान

13 मई को चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में भी लोकसभा चुनाव खत्म हो जाएगा। चौथे चरण की समाप्ति के साथ देश के 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 379 लोकसभा सीटों पर आम चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। लोकसभा की शेष बची 164 सीटों के लिए बचे हुए तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण में सबसे ज्यादा 42 लोकसभा सीटें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश की 13 मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में आठ-आठ के साथ बिहार की पांच और झारखंड व ओडिशा की चार-चार सीटें महत्वपूर्ण हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच इन सीटों पर कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण आंध्र प्रदेश हैं, क्योंकि वहां 25 लोकसभा सीटों के साथ 13 मई को विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे।



### आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ, मुश्किल में फंसे नजर आ रहे सीएम जगन मोहन

# सियासत का हर रंगः विरासत, बदला जातीय चक्रव्यूह और परिवारिक जंग

मनोज त्रिपाठी

- टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जनसेना के साथ मिलकर सत्ता विरोधी लहर को और तेज कर दिया
- भाजपा एनटी रामाराव की पुत्री डी पुरंदेश्वरी तो कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में लड़ चुनाव रही

**अमृत विचारः** लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव होने के कारण आंध्र प्रदेश में सियासत का हर रंग देखने को मिल रहा है। कहीं विरासत की जंग है, तो कहीं बदले की राजनीति, कहीं पिता-पुत्र आमने-सामने हैं, तो कहीं भाई-बहन एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। इन सबके बीच जातीय समीकरण और लोक लुभावन स्कीमों का तड़का भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.89% वोट प्राप्त करके 25 में से 22 सीटें जीती थीं। टीडीपी को 40.19% वोट मिले थे और वह लोकसभा की तीन सीटें ही जीत सकी थी। कांग्रेस और भाजपा का राज्य में खाता ही नहीं खुला था। विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 49.95% वोट शेयर के साथ 175 सीटों में 151 सीटें जीती थीं। टीडीपी 39.17% वोट पाकर 23 सीटों पर सिमट गई थी। बसपा और वाम दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी जनसेना पार्टी ने एक सीट जीती थी, उसे 5.53% वोट मिले थे। कांग्रेस को मात्र 1.17% वोट मिले थे और उसका यहां भी खाता नहीं खुल पाया था।

आंध्र प्रदेश में इस बार लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में टीडीपी और वाईएसआरसीपी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। पिछली बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव टीडीपी अकेले लड़ी थी, लेकिन इस बार चंद्रबाबू नायडू ने भाजपा और पवन कल्याण की जन सेना का साथ हासिल करके वाईएसआरसीपी प्रमुख और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के सामने सत्ता और साख बचाने की ऐसी घेरेबंदी की है, जिससे बाहर निकलना उनके लिए काफी मुश्किल नजर आ रहा है। नायडू और जगन मोहन के बीच छिड़ी जंग के बीच दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस राज्य के दिग्गज नेताओं की पुत्रियों के सहारे जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा एनटी रामाराव की बेटी डी पुरंदेश्वरी और कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में चुनाव लड़ रही है। वाईएस शर्मिला मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की सगी बहन हैं।

### जो विधानसभा जीतेगा, लोकसभा चुनाव में भी उसी का ऊंचा रहेगा झंडा

- आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। ऐसे में मतदाता भी केंद्र व राज्य के लिए अलग-अलग वोट करते नहीं दिखते हैं। जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करती है, लोकसभा की ज्यादा सीटें भी वही जीतती है। 2014 के चुनाव में टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि वाईएसआरसीपी को नौ सीटें मिली थीं। विधानसभा चुनाव चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने जीता था। 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी ने विधानसभा की 151 सीटों को साथ लोकसभा की 22 सीटें जीत ली थीं।

- **भाजपा के साथ होकर भी मुस्लिम आरक्षण पर टीडीपी की अलग राह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर हमलावर हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में भाजपा की सहयोगी एनडीए में शामिल टीडीपी मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर अलग रुख रखती है। टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू भाजपा के प्रचार के खिलाफ वादा कर रहे हैं कि सत्ता में आने पर वह मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण जारी रखेंगे। हालांकि भाजपा इस पर चुप है।

### चुनावी अभियान में 'सिद्धम' और 'मेमंता सिद्धम' की गूंज

- आंध्र प्रदेश में पूरा चुनावी अभियान नायडू के 'सिद्धम' और जगन मोहन के 'मेमंता सिद्धम' के बीच छिड़ा नजर आ रहा है। तेलुगु के सिद्धम शब्द का अर्थ जहां तैयार हैं, तो मेमंता सिद्धम का मतलब हम तैयार हैं है। भाजपा और जनसेना से गठबंधन करने से पहले राज्य में टीडीपी कमजोर दिख रही थी, तब जगन मोहन ने "175 क्यों नहीं" का नारा देकर चुनावी अभियान शुरू किया था। लेकिन टीडीपी, भाजपा और जनसेना का गठबंधन बनते ही हालात तेजी से बदले हैं। ऐसे में जगन ने सत्ता विरोधी लहर भांपते हुए सबसे पहले पार्टी के कमजोर उम्मीदवारों को हटा दिया। एक चौथाई मौजूदा विधायक या तो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं या उनकी सीट बदल दी गई है। इसी तरह 22 सांसदों में केवल छह ही दोबारा मैदान में उतरे हैं और पांच साल के काम तथा डायरेक्ट बेनिफिट स्कीमों के सहारे चुनाव मैदान में है।


चंद्रबाबू नायडू।


जगन मोहन रेड्डी

### तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण को रोक पाएंगी वाईएसआरसीपी सांसद

- ईस्ट गोदावरी जिले की पिठापुरम विधानसभा सीट से जनसेना पार्टी के मुखिया और तेलुगू के सुपरस्टार पवन कल्याण चुनावी मैदान में हैं। पवन का मुकाबला वाईएसआर कांग्रेस की काकीनाडा से सांसद वंगा गीता विश्वनाथ से है। पवन कल्याण को रोकने के लिए जगन मोहन ने अपनी लोकप्रिय सांसद को यहां से उतारा है। गीता पहली बार पवन कल्याण के बड़े भाई अभिनेता चिरंजीवी की पार्टी प्रजा राज्यम से विधायक बनी थीं। पवन को लेकर युवाओं में खासा जोश है। उनका कहना है कि वे लोग उन्हें पर्दे पर देखकर बड़े हुए हैं, अब अपने बीच पाकर उत्साहित हैं।


पवन कल्याण।


वंगा गीता विश्वनाथ।



**हम ही असली**
थाणे लोकसभा क्षेत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रत्याशी नरेश मास्के के समर्थन में भाजपा विधायक के साथ प्रचार करके खुद को असली शिवसेना बताया।

## नाबालिग बेटे से ईवीएम का बटन दबवाना पड़ा महंगा

**भोपाल।** भोपाल में एक भाजपा नेता पर कथित तौर पर अपने नाबालिग बेटे को सात मई को बैरसिया में एक मतदान केंद्र पर ले जाने और उससे ईवीएम का बटन दबवाना महंगा पड़ गया है। वीडियो वायरल होने पर निर्वाचन आयोग के आदेश पर भाजपा नेता पर मामला दर्ज किया गया है। निर्वाचन विभाग से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक भोपाल के जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतदान केंद्र संख्या 71-खितवास के मतदान अधिकारी संदीप सैनी को निलंबित कर दिया है और भाजपा जिला पंचायत सदस्य विजय मेहर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिलाधिकारी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि मेहर के वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की गई है। यह वीडियो वायरल हो गया है। पीठासीन अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया और कहा कि यह 'चुनाव प्रक्रिया का मजाक' है।

## तेलंगानाः दलबदल का दलदल


सांसद धर्मपुरी आनंद।


पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव।


मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी।

तेलंगाना की सभी 17 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस से विधानसभा चुनाव हारने के बाद केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना गढ़ बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस विधानसभा चुनाव जैसी ही सफलता की उम्मीद लगाए है, जबकि भाजपा नेता अपनी सीटों की संख्या दहाई तक पहुंचाने के लिए धुआंधार प्रचार में जुटे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों यहां बीआरएस की कीमत पर दलबदल के सहारे चुनाव मैदान में हैं। राज्य की 14 सीटों पर तीनों प्रमुख पार्टियों का कोई न कोई उम्मीदवार 'दलबदलू' है। 2019 में भाजपा ने चार, कांग्रेस ने तीन, एआईएमआईएम ने एक और बीआरएस ने नौ लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन बीआरएस के छह सांसद भाजपा और कांग्रेस में जा चुके हैं। भाजपा के तो 17 में 12 प्रत्याशी दूसरे दलों से आए हुए नेता हैं। हालांकि कांग्रेस और बीआरएस भी दलबदल के इस खेल में पीछे नहीं हैं। कांग्रेस के छह और बीआरएस के आठ प्रत्याशी ऐसे हैं जिनका नाता दूसरे दलों से रहा है। कांग्रेस ने बीआरएस से आए सभी छह नेताओं पर दांव लगाया है।

### हैदराबाद में पहली बार ओवैसी को मिल रही कड़ी टक्कर

- भाजपा प्रत्याशी शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी डॉ. माधवी लता ने यहां हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रखी है। मुस्लिम आबादी वाला पुराना शहर ओवैसी का गढ़ है, लेकिन वहां भी माधवी लता जमकर प्रचार कर रही हैं। औवेसी 2004 से अब तक चार बार यहां से जीत चुके हैं। इससे पहले उनके पिता सुल्तान सलाहुद्दीन ओवेसी 1984 से 2004 तक लगातार छह बार हैदराबाद से सांसद चुने गए थे।

### निजामाबाद में भाजपा को फिर जीत की उम्मीद

- भाजपा के फायरब्रांड नेता सांसद धर्मपुरी अरविंद का मुकाबला निजामाबाद लोकसभा सीट पर बीआरएस नेता बाजीरेड्डी गोवर्धन और कांग्रेस के टी. जीवन रेड्डी से हो रहा है। धर्मपुरी ने 2019 में बीआरएस की के कविता को हराया था। इस बार त्रिकोणीय संघर्ष है। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने निजामाबाद के सात विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर जीत हासिल की थी।

### सिंकदराबाद में भाजपा लगा सकती जीत की हैट्रिक

- सिकंदराबाद सीट पर भाजपा दो बार से जीत रही है। 2014 में बंडारू दत्तात्रेय के बाद 2019 में जी किशन रेड्डी जीते थे। वह तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और मोदी सरकार में पर्यटन मंत्री हैं। इस बार उनका मुकाबला चार बार के विधायक बीआरएस के टी पद्मा राव से है। कांग्रेस से पूर्व मंत्री और खैरताबाद से विधायक दानम नागेंद्र इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। नागेंद्र बीआरएस छोड़कर कांग्रेस में आए हैं।
- करीमनगर में भाजपा के पूर्व राज्य प्रमुख और मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार का मुकाबला बीआरएस नेता पूर्व सांसद बी विनोद कुमार से है। कांग्रेस ने यहां वेलिचाला राजेंद्र राव को उतारा है। विस चुनाव में वोट बढ़ने के बाद भी करीम नगर की एक भी सीट भाजपा नहीं जीत सकी थी। 2019 में बंदी संजय कुमार ने बीआरएस के विनोद कुमार को करीब 90,000 वोटों से हराया था। इस बार वह त्रिकोणीय संघर्ष में फंसे नजर आ रहे हैं।

# भाजपा दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों को दे सकती छूट

राजपुरुष

- केंद्रीय स्कूलों व अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, सायंकालीन कॉलेज, पार्किंग सुविधा बढ़ाने के साथ महिलाओं को 24 घंटे सहायता हो सकते हैं भाजपा के संकल्प पत्र का हिस्सा
- मतदान का एक पखवाड़ा शेष पर घोषणा के बावजूद आप और कांग्रेस अपने संकल्प पत्र को लेकर गंभीर नहीं, आप उलझी रही केजरीवाल की गिरफ्तारी में, कांग्रेस में नहीं हुई कोई बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने घोषणा करने के बावजूद लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली का अलग से घोषणा पत्र अभी जारी नहीं किया है, जबकि दिल्ली की सातों सीटों पर 25 मई को होने वाले मतदान में एक पखवाड़ा ही बचा है। जानकारी के मुताबिक भाजपा का 50 सूत्रीय संकल्प पत्र लगभग तैयार है, पार्टी अगले दो-तीन दिन में इसे सावर्जनिक करने पर विचार कर रही है।

भाजपा ने घोषणा पत्र में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों और राजधानी पर उनके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण, सार्वजनिक सुविधाएं, यातायात, अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण, आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके विपरीत घोषणा पत्र के सवाल पर आम आदमी पार्टी जहां चुप्पी साधे है, वहीं कांग्रेस की घोषणा पत्र तैयार करने के लिए बनायी गयी कमेटी अभी बैठक ही नहीं कर पायी है।

भाजपा ने पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी के नेतृत्व में दिल्ली के लिए अलग से संकल्प पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनाकर सुझाव देने के लिए मोबाइल नंबर जारी किया था। जानकारी के अनुसार पार्टी संकल्प पत्र में केंद्र द्वारा संचालित स्कूलों और अस्पतालों की संख्या और सुविधा में वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बस, मेट्रो और रेलवे किराये में छूट, सायंकालीन कॉलेज बढ़ाने, पार्किंग सुविधा में वृद्धि, महिलाओं के लिए चौबीस घंटे सहायता केंद्र जैसे डबल इंजन वादों को शामिल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, संगठित और असंगठित मजदूरों, स्ट्रीट वेंडर को भी संबोधित करने की कोशिश की जाएगी। ऐसा सीवेज नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जो 30 वर्षों तक टिकाऊ रहेगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक गश्ती बीट पर कम से कम एक महिला पुलिस कांस्टेबल तैनात हो। जरूरतमंद महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। युवाओं के लिए स्टार्ट-अप के लिए इनक्यूबेशन केंद्र और कौशल विकास केंद्र खोले जाने का वादा भी होगा। अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाना भी घोषणापत्र का हिस्सा हो सकता है। दिल्ली में संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित विरासत के मुद्दों को भी हल किया जाएगा चाहे वह शत्रु संपत्ति, फ्रीहोल्ड हो या डीडीए अथवा दिल्ली छावनी से संबंधित हो।

### 'आप' का भाजपा के वादों के जवाब में चुनावी अभियान

उधर, आप नेताओं का पूरा समय अपने नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने और इसी बहाने जम समर्थन जुटाने निकल गया है। ऐसे में भाजपा के वादों की झड़ी के जवाब में पार्टी ने अपने चुनावी अभियान की दिशा बदलना तय किया है। पार्टी अब शहर के चार प्रमुख समूहों व्यापारियों, ग्रामीण आबादी, महिलाओं और पूर्वांचल की आबादी पर ध्यान केंद्रित करेगी। पार्टी के अनुसार इन चार सामाजिक वर्गों की दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका है। आप के दिल्ली प्रभारी गोपाल राय के अनुसार पार्टी के चुनावी अभियान का अंतिम चरण 12 मई से शुरू होगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को बताया जाएगा। इसकी शुरुआत पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से होगी। आप की महिला संवाद श्रृंखला में पार्टी सीसीटीवी स्थापित करना, मुफ्त बस यात्रा और महिलाओं के लिए 1,000 रुपये प्रति माह का सम्मान जैसी अपनी योजनाओं पर अभियान चलाएगी। दक्षिण दिल्ली में पूर्वांचल समागम अभियान के लिए आप न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि, छठ घाट बनाने और अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर विकसित करने पर जोर देगी। पार्टी का कहना है कि पहले दिल्ली में केवल 80 छठ घाट होते थे, आज दिल्ली सरकार 1,000 से अधिक घाटों पर छठ पूजा की व्यवस्था करती है। उधर, कांग्रेस ने दो माह पहले दिल्ली के लिए अलग से न्याय संकल्प पत्र तैयार करने का ऐलान किया था। इसके लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की जानकारी दी गई थी। लेकिन पार्टी न्याय संकल्प पत्र जारी करने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,404.17 | 21,957.50 |
| नुकसान | 1,062.22 | 345.00 |
| प्रतिशत में | 1.45 | 1.55 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1100 बोल्ड 1130 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# उपज को मिला बाजार, मंडियों ने कमाए 1716 करोड़

## देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर किसानों को उनकी फसल के मिले वाजिब दाम

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- किसानों ने बढ़ाई मंडी की आय 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये हुई थी कमाई

**इन वर्षों में ये रही आय**

| | |
|---|---|
| 2018-19 | 1823 करोड़ |
| 2019-20 | 1986 करोड़ |
| 2020-21 | 977 करोड़ |

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की मंडी समितियों ने विपणन यानी मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को उपज के सही दाम और बाजार देकर जोड़ा है। किसानों को मंडियों में ई-नाम से उपज की देश-प्रदेश में मार्केटिंग और ग्रेडिंग के आधार पर वाजिब दाम मिलने से बिक्री में फायदा हुआ है।

इससे मंडी के बाहर बिचौलियों और व्यापारियों को औने-पौने दामों पर उपज बेचने की निर्भरता कम हुई है। इसका फायदा किसानों के साथ मंडी समितियों को भी हुआ है। किसानों और व्यापारियों के बीच मंडी में हुए कारोबार से कुल 251 मंडी समिति ने 2023-24 में 1716 करोड़ रुपये कमाये हैं। जबकि वर्ष 2022-23 में 1513 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी। इस एक वर्ष में 13 फीसद आय में इजाफा हुआ है। जबकि 2021-22 में 614 करोड़ रुपये आय प्राप्त हुई थी।

**दो साल से घटी थी आमदनी, बाहर शुल्क से हुआ फायदाः** मंडी समिति परिसर के अंदर और बाहर कारोबार पर पहले कुल ढाई फीसद शुल्क व्यापारियों से लेती थी। जो करीब दो साल पहले घटाकर डेढ़ फीसद किया गया। इसमें बाहर कारोबार पर शुल्क माफ किया गया। इससे मंडी के अंदर वाले व्यापारी भी बाहर से कारोबार करने लगे। इसमें काफी घाटा हुआ तो मंडी के बाहर भी डेढ़ फीसद शुल्क लागू किया गया। साथ ही दो साल से बंद सचल दल के चालू होने से शुल्क चोरी पर लगाम लगी और जुर्माना से आय में इजाफा हुआ। इसी तरह सुपर मार्केट का किराया, विशिष्ट मंडी का किराया व प्रीमियम, लाइसेंस शुल्क आदि से आय बढ़ी है।



**व्यवस्थाओं और सख्ती से आया बदलावः** मंडी समितियों में ऑफलाइन व्यवस्था से कारोबार सीमित था और व्यापारियों व बिचौलियों का हस्तक्षेप था। लेकिन, इधर दो वर्षों में ऑनलाइन व्यवस्था से मंडियां हाईटेक हुईं। किसानों की उपज ई-ऑक्सन यानी ऑनलाइन बोली से देश-प्रदेश में खरीदी जाने लगी।

वहीं किसानों को फसलों के दाम भी उपज की गुणवत्ता के आधार पर मिलने लगे। इससे किसान मंडियों के व्यापारियों तक सीमित नहीं रहे बल्कि सीधे बाहरी व्यापारियों से जुड़े। प्रदेश के किसानों को गेट पास, भुगतान, तौल आदि ऑनलाइन जैसी सहूलियत मिली है।

इस संबंध में मुख्यालय मंडी परिषद के उप निदेशक विपणन-प्रशासन चंदन कुमार पटेल ने बताया कि मार्केटिंग में सुधार कर किसानों को बिक्री में सुविधाएं दी हैं। उनकी उपज देश-प्रदेश में बिकने लगी है। दाम भी गुणवत्ता के आधार पर मिलते हैं। इससे किसानों को फायदा हुआ है और मंडी की आय एक वर्ष में कई गुना बढ़ी है। इसके चलते पूरे प्रदेश के सभी किसानों की आय में इजाफा हुआ है।

# बीते वित्त वर्ष में 238 में से 115 गंतव्यों को भारत का निर्यात बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 238 गंतव्यों में से 115 देशों को भारत का निर्यात बढ़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के इन 115 निर्यात गंतव्यों की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 46.5 प्रतिशत है। इन देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, चीन, ब्रिटेन, सऊदी अरब, सिंगापुर, बांग्लादेश, जर्मनी और इटली शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश का वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, सेवा निर्यात बढ़कर 341.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2022-23 में यह 325.3 अरब डॉलर था। आंकड़ों से पता चला कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 2022-23 में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में देश का कुल निर्यात 778.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 776.4 अरब डॉलर रहा था। इस तरह देश के निर्यात में 0.23 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,550 |
| चांदी आभूषण | 82,600। |

## सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 1,500 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# अभियान से भी कम नहीं हुई यूरिया की खपत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखीमपुर खीरी, कासगंज फर्रुखाबाद व बदायूं में सुधार नहीं
- पीएम प्रणाम से जनवरी में यूरिया की खपत हुई थी कम, फिर बढ़ी

**अमृत विचार :** कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुज्जफरनगर व मेरठ में पीएम प्रमोशन ऑफ अल्टरनेट न्यूट्रिएंट्स फॉर एग्रीकल्चर मैनेजमेंट (पीएम प्रणाम) अभियान का कोई असर नहीं दिखा।

इन जिलों में जागरूकता के बाद भी इस वर्ष 1 अप्रैल से पांच मई तक पिछले वर्ष की अपेक्षा 26,828 मीट्रिक टन यूरिया अधिक बिकी है। यदि यह यूरिया खेतों में इस्तेमाल हुई तो किसानों में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम नहीं हुई है। इसमें मिट्टी के साथ पर्यावरण को नुकसान हैं। जबकि अभियान का मकसद नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके आदि विकल्प का उपयोग कर रसायनिक उर्वरकों की खपत कम करना है। जनवरी में इस अभियान के असर से प्रदेश में यूरिया की खपत कम हुई थी और लक्ष्य से कम जिलों पर बिकी थी। जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलने से बढ़ा नाइट्रोजन, फासफोरस और पोटास (एनपीके) का अनुपात 10 प्रतिशत तक कम हुआ था। जो पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्य की तरह 75 प्रतिशत के आसपास था। संयुक्त निदेशक कृषि (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि किसी तरह की रोक नहीं है। लेकिन, जिन फसलों में जरूरत होती है वहां यूरिया का इस्तेमाल होता है।



**पांच जिलों में नहीं हुआ सुधारः** जनवरी में अभियान से बरेली, मुरादाबाद, चंदौली, अमरोहा, बाहराइच, लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, प्रयागराज, मिर्जापुर, सीतापुर व उन्नाव में जागरुकता आई थी। इससे जिलों पर लक्ष्य से कम यूरिया बिकी थी। जबकि लखीमपुर खीरी, कासगंज, बदायूं, बुलंदशहर, रामपुर, अलीगढ़, संभल, मैनपुरी, सहारनपुर, मथुरा व फर्रुखाबाद ने लक्ष्य से अधिक यूरिया बेची थी। इनमें लखीमपुर खीरी, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद व बदायूं में कोई सुधार नहीं हुआ है। जहां 35 दिन के अंतराल में 1000 मीट्रिक टन से अधिक यूरिया बिकी है।

## देशभर में अप्रैल में भर्ती गतिविधियां नौ प्रतिशत बढ़ीं

**मुंबई।** देश के भीतर अप्रैल में सालाना आधार पर भर्तियों में नौ प्रतिशत की 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो रोजगार अवसरों में सुधार की तरफ इशारा करता है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। फाउंडइट (पूर्व में मॉन्स्टर) के ऑनलाइन भर्ती सूचकांक से पता चलता है कि अप्रैल महीने में मुख्य रूप से उत्पादन एवं विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन एवं उर्वरक, इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और खुदरा क्षेत्रों में नियुक्तियों में सुधार आया है।

# राष्ट्रीय

## उप्र, मप्र समेत आठ राज्य सरकारों ने दिए बाल विवाह रोकने के निर्देश

**नई दिल्ली।** देश की राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मप्र और बिहार समेत आठ राज्य सरकारों ने अधिसूचनाएं जारी कर प्रशासन को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए गांवों और प्रखंडों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उत्तरप्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों ने अपने राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय और विभिन्न राज्यों के बाल अधिकार संरक्षण आयोगों ने गांवों और पंचायतों में अनिवार्य रूप से एक विवाह रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं।

## 15 सेंकड के लिए पुलिस हट जाए तो दोनों भाइयों का पता नहीं चलेगा

हैदराबाद, एजेंसी

- भाजपा नेता नवनीत राणा का ओवैसी भाइयों पर तीखा हमला

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई अकबरुद्दीन पर तीखा हमला करते हुए भाजपा नेता नवनीत राणा ने कहा कि अगर 15 सेकंड के लिए पुलिस को ड्यूटी से हटा दें तो दोनों भाइयों को पता नहीं चलेगा कि वे कहां से आए और कहां गए।

राणा का बयान एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 में दिए गए उस विवादित भाषण के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पुलिस को हटा दिया जाए तो देश में हिंदू-मुस्लिम अनुपात को बराबर लाने में उन्हें केवल 15 मिनट लगेंगे। महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राणा ने कहा-छोटा (अकबरुद्दीन) बोलता है कि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटाओ तो दिखाएंगे कि हम क्या कर सकते हैं। मेरा कहना है तुम 15 मिनट लगाओगे पर हमको 15 सेकंड लगेंगे। अगर 15 सेकंड पुलिस को हटाया तो छोटे और बड़े को यह पता नहीं लगेगा कहां से आए और कहां गए।



## वकीलों की शिकायत पर महिला आयोग, दिल्ली सरकार से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'दुष्कर्म संकट प्रकोष्ठ' में काम करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए कई वकीलों की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय राजधानी सरकार से जवाब तलब किया, जिसमें उनकी अल्पकालिक संविदा नियुक्ति और अपर्याप्त वेतन को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग को और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट में दलील दी है कि उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ कोई भी कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाए।

# 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल बनाम मोदी

## तेलंगाना में अमित शाह ने कांग्रेस-बीआरएस व एआईएमआईएम को कहा तुष्टीकरण की तिकड़ी

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी है और इसमें मुकाबला विकास के लिए वोट और जिहाद के लिए वोट के बीच है। तेलंगाना के भोनगीर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय गारंटी और राहुल गांधी की चीनी गारंटी के बीच हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को 'तुष्टीकरण की तिकड़ी' बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस नहीं निकालने देते और संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध भी करते हैं।



उन्होंने कहा-ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के अब तक हुए पहले तीन चरणों में भाजपा को करीब 200 सीटों पर जीत मिलेगी और पार्टी को 400 सीट के लक्ष्य को पार कराने में मदद के लिए तेलंगाना को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में तेलंगाना की 17 में से चार लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी।

### चुनाव मोदी के हाथों से फिसलता जा रहा है : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथ से फिसलता जा रहा है और अब वह देश के युवाओं को ध्यान भटकाने के लिये कुछ नया नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि चार जून को एक बार जब विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस अपनी सरकार बना लेगा तो वह उन्हें 15 अगस्त तक 30 लाख नौकरियां देने का काम शुरू कर देगी। युवाओं को देश की ताकत बताते हुए गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव मोदी के हाथ से फिसल रहा है और वह अब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव उनके हाथ से निकलता जा रहा है। वह फिसल रहे हैं और वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने अगले चार-पांच दिनों में आपका ध्यान भटकाने और किसी तरह का नाटक करने का फैसला किया है। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।

## एक नजर

### सुरक्षा बलों ने दो आईईडी को बरामद कर किया निष्क्रिय

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में गुरुवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुँचाने के इरादे से लगाए गए 10-10 किग्रा के दो देशी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस बलों ने बहुत ही सजगता से नक्सलियों के इन मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सुरक्षा बलों ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बर्रेम और पोटाली जाने वाले रास्ते पर जांच की और वहां से आईईडी बरामद किया। डीआरजी और बस्तर फाईटर दंतेवाड़ा के बल गुरुवार को थाना अरनपुर क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए निकले थे।

### हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल और सात मैगजीन बरामद की। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जालंधर 'काउंटर इंटेलिजेंस' ने इस अभियान को अंजाम दिया। इनकी पहचान रय्या के रहने वाले हरप्रीत सिंह और अमृतसर के राहुल मसीह के रूप में हुई।

## रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई नहीं आया

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीडब्ल्यू ने कई मीडिया संगठनों के दावों का किया खंडन

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि कोई भी पीड़िता कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आई है और आयोग के पास पहुंची एक महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके साथ जनता दल (एस) (जेडीएस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए जबरदस्ती की गई। आयोग ने कई मीडिया संगठनों के उन दावों का भी खंडन किया कि प्रज्वल रेवन्ना मामले में 700 महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी।

आयोग ने कहा-ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराने वाली 700 महिलाएं एक सामाजिक कार्यकर्ता समूह से जुड़ी हैं और मामले में प्राथमिक शिकायतकर्ता के साथ उनकी कोई सीधी भागीदारी या संबंध नहीं है। आयोग ने मीडिया में चल रही खबरों के जवाब में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को बनाए रखने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हुए स्वतःकार्रवाई शुरू की। आयोग ने कहा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने से कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए। रिपोर्ट में पीड़ितों द्वारा यौन शोषण की शिकायतों के आधार पर दो मामलों के पंजीकरण का संकेत दिया गया है, साथ ही एक रिश्तेदार द्वारा अपहरण के लिए दायर एक अतिरिक्त शिकायत भी दर्ज की गई है। आयोग ने एक बयान में कहा-इस मामले में कोई भी पीड़ित आयोग में शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आया है। एक महिला शिकायतकर्ता आयोग में सिविल वर्दी पहने तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आई थी, जिन्होंने कथित तौर पर खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी के रूप में पेश किया और उस पर इस मामले में झूठी शिकायत देने के लिए दबाव डाला। उन्होंने कहा कि उसे फोन करके शिकायत करने की धमकी दी जा रही है। बयान में कहा गया ''यह पता चला है कि इस शिकायतकर्ता को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा संभावित उत्पीड़न और झूठे आरोपों की धमकी के तहत शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था। साथ ही पीड़िता ने स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हुए अपने परिवार के कल्याण के लिए सुरक्षा की मांग की है।

## राज्यपाल ने सीसीटीवी फुटेज आम लोगों को दिखाई

कोलकाता, एजेंसी

**पश्चिम बंगाल का छेड़छाड़ मामला**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर राजभवन की एक महिला कर्मचारी की ओर से छेड़छाड़ का आरोप लगाये जाने के बाद राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को आम लोगों को परिसर की दो मई की सीसीटीवी फुटेज दिखाई।

राजभवन के ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल मार्बल हॉल में कुछ लोगों को दो मई शाम करीब 5.30 बजे की मुख्य (उत्तरी) गेट पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई गई। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने गत शुक्रवार को कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि बोस ने राज्यपाल आवास में उसके साथ छेड़छाड़ की थी। बोस ने बुधवार को कहा था कि वह राजनीतिक नेता ममता बनर्जी और उनकी पुलिस को छोड़कर आम लोगों को संबंधित सीसीटीवी फुटेज दिखाएंगे। एक घंटे से अधिक समय की फुटेज में, नीली जींस और टॉप पहने महिला को बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस चौकी की ओर जाते देखा गया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के सिलसिले में राजभवन परिसर में तैनात थे। मोदी दो मई को राजभवन में रात में ठहरे थे और उन्होंने 3 राजनीतिक रैलियों को संबोधित किया था।

## ऑनलाइन जुआ हारने पर व्यक्ति ने पत्नी व बेटी की हत्या करने के बाद की खुदकुशी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुड़ा में बृहस्पतिवार सुबह एक कार से एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी के शव बरामद किये गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। झारसुगुड़ा के पुलिस अधीक्षक परमार स्मित परषोत्तमदास ने बताया कि मृतकों की पहचान सुजीत रे, उनकी पत्नी खुशबू और बेटी अर्पिता के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के लखनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में बनीपाहदा के पास एक मैदान में खड़ी कार से उनके शव बरामद किए गए, जिन पर गोलियां लगने के घाव हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि ऑनलाइन जुआ में लाखों रुपये हारने के बाद परेशान होकर सुजीत ने पहले अपनी पत्नी तथा बेटी को गोली मारी और फिर खुदकुशी कर ली।

## संजय राउत की टिप्पणी के खिलाफ निर्वाचन आयोग व पुलिस को लिखा पत्र

**मुंबई।** भाजपा ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग और मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की कथित टिप्पणी के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने आरोप लगाया कि ऐसी टिप्पणियां प्रधानमंत्री के जीवन के लिए सीधा खतरा है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में कहा-राउत ने अहमदनगर में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को महाराष्ट्र में दफनाने की धमकी दी थी।

# खुली जेल भीड़ कम करने का हो सकता है समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुली जेल स्थापित करना जेलों में भीड़भाड़ कम करने का समाधान हो सकता है और इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान हो सकता है। अर्ध-खुली या खुली जेल प्रणाली के तहत दोषियों को दिन के दौरान परिसर के बाहर आजीविका कमाने और शाम को वापस लौटने की अनुमति होती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज में आत्मसात करने और उनके मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए लाया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



जेलों और कैदियों से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह देश भर में खुली जेलों की मौजूदगी का विस्तार करना चाहती है। पीठ ने कहा-जेलों में भीड़भाड़ की समस्या का एक समाधान खुली हवा वाली जेलों/शिविरों की स्थापना करना हो सकता है। उक्त प्रणाली राजस्थान राज्य में कुशलतापूर्वक काम कर रही है। जेल में भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के अलावा, यह कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान करती है। इसने स्पष्ट किया कि वह जेलों और जेल सुधारों से संबंधित मुद्दों पर नहीं जाएगी जो पहले से ही कुछ अन्य याचिकाओं में उसकी समन्वय पीठों के समक्ष लंबित हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि उसने खुली जेलों पर सभी राज्यों से प्रतिक्रिया मांगी थी और उनमें से 24 ने जवाब दिया है। इस मामले में न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने कहा कि दोषियों को इस बारे में सूचित नहीं किया जाता कि उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपीलीय अदालत से संपर्क करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर पूरे देश में एक समान ई-प्रिजन मॉड्यूल हो तो इनमें से कई चीजों को सुलझाया जा सकता है। उसने कहा कि व्यापक जेल प्रबंधन प्रणाली ई-प्रिजन मॉड्यूल के मुद्दे को एक समन्वय पीठ द्वारा निपटाया जा रहा है। पीठ ने कहा-हम इस कार्यवाही में खुली जेलों के मुद्दे पर भी विचार करेंगे।

## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटंस

बनाम

चेन्नई सुपरकिंग्स

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड हैदराबाद | 12 | 533 |

# प्ले ऑफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी सीएसके

**अहमदाबाद, एजेंसी**



चोटों और अंतर्राष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजुर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा।

चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं, उनमें चेन्नई (0.700) का रनरेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिए आगे का सफर काफी कठिन है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरूख खान और मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजों में मोहित और लिटिल महंगे साबित हुए हैं।

### कैंसर जागरूकता के लिए लैवेंडर जर्सी पहनेगी टाइटंस

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के 63वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम लगातार दूसरे वर्ष कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ घरेलू मैदान पर आखिरी मुकाबले में विशेष लैवेंडर जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा कैंसर अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित करता है और इसके लिए लैवेंडर जर्सी हमारी ओर से एक छोटा सा प्रयास है। जर्सी कैंसर रोगियों और उबरे लोगों के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए निवारक उपायों और शीघ्र निदान की आवश्यकता है।

# यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बजरंग को साल के अंत तक के लिए किया निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने की कार्रवाई, ट्रेनिंग के लिए नौ लाख की राशि की स्वीकृत



कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया था। बचाव में बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए। बजरंग ने बताया कि वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं।

## खेल डायरी

### नडाल इटालियन ओपन के दूसरे दौर में



**रोम।** अपने पसंदीदा टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन की तैयारी में लगे राफेल नडाल में गुरुवार को यहां पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नडाल बेल्जियम के क्वालीफायर जिजौ बर्ग्स के खिलाफ यह मैच 4-6, 6-3, 6-4 से जीता। नडाल का यह इस साल का दसवां मैच था। कूल्हे की चोट के कारण वह 2023 में अधिकतर प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाए थे। उनके फ्रेंच ओपन में खेलने की उम्मीद है जहां उन्होंने 14 बार खिताब जीता है।

### अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**वारसॉ।** फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे।

### अंतर्राष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी का निधन

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक (मेंटर) वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 वर्ष के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा। इस खेल के प्रति उनके अति-आधुनिक दृष्टिकोण ने उन्हें अपने अधिकांश साथियों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखा।

### ज्योति याराजी ने नीदरलैंड में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारत की 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी ज्योति याराजी ने गुरुवार को नीदरलैंड के वुघ्ट में हैरी शुल्टिंग खेलों में सत्र की पहली आउटडोर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 24 वर्षीय याराजी ने विश्व एथलेटिक्स के ई कैटेगरी की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 12.87 सेकंड का समय निकाला जो उनके करिअर का चौथा सर्वश्रेष्ठ समय है। याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकंड के क्वालीफाइंग मानक हासिल नहीं किया है, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की 'रोड टू पेरिस' सूची में वह अभी 26वें स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 40 धावक प्रतिस्पर्धा करेंगे जिनमें से 15 विश्व रैंकिंग के आधार से क्वालीफाई करेंगी जबकि 25 का प्रवेश क्वालीफाइंग मानक से होगा।

### हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की शृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

# आरसीबी ने लगाया जीत का चौका

## कोहली ने खेली 92 रनों की शानदार पारी, पंजाब को 60 रनों से हराया, बेंगलुरु के लिए प्ले ऑफ की उम्मीदें बरकरार



**धर्मशाला, एजेंसी**

विराट कोहली (92), रजत पाटीदार (55) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद गेंदबाजो के शानदार प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराकर प्ले ऑफ से बाहर कर दिया है।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान फाफ डुप्लेसी (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में विल जैक्स (12) को पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला और



तीसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 23 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 55 रन बनाए। वहीं विराट कोहली ने 47 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए 92 रनों की पारी खेली। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 241 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। विधवत कावेरप्पा ने दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और सम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में प्रभसिमरन सिंह (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रूसो ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 65 रनों की साझेदारी हुई। छठे ओवर में बेयरस्टो 16 गेंदों (26) रन बनाकर आउट हुए। रूसो ने 27 गेंदों में सर्वाधिक 61 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 19 गेंदों में (37), जितेश शर्मा (5), लिविंगस्टंग (शून्य), कप्तान सैम करन 16 गेंद में (22), आशुतोष शर्मा (8), हर्षल पटेल (0) और अर्शदीप चार रन बनाकर आउट हुए। राहुल चाहर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद सिराज ने आखिर तीन विकेट झटकते हुए पंजाब की पूरी टीम 17 ओवर में 181 रन पर सिमटते हुए अपनी टीम को 60 रनों से जीत दिला दी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

### बेंगलुरु 241/7

20 ओवर, अतिरिक्त: 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कैच रुसो बो अर्शदीप | 92 | 47 | 7/6 |
| डुप्लेसी कैच शशांक बो विद्वथ | 9 | 7 | 2/0 |
| विल जैक्स कैच हर्षल बो विद्वथ | 12 | 7 | 1/1 |
| रजत कैच बेयरस्टो बो सैम कुरेन | 55 | 23 | 3/6 |
| कैमरून ग्रीन कैच सैम कुरेन बो हर्षल | 46 | 27 | 5/1 |
| दिनेश कार्तिक कैच सैम कुरेन बो हर्षल | 18 | 7 | 1/2 |
| महीपाल लोमरोर बोल्ड हर्षल | 0 | 2 | 0/0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** विद्वथ 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, सैन कुरेन 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, राहुल चाहर 3-0-47-0, लिविंगस्टोन 3-0-28-0

### पंजाब 181/10

17 ओवर, अतिरिक्त: 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभुसिमरन सिंह पगबांधा बो स्वप्निल | 6 | 4 | 1/0 |
| बेयरस्टो कैच डुप्लेसी बो लॉकी | 27 | 16 | 4/1 |
| राइली रुसो कैच जैक्स बो कर्ण | 61 | 27 | 9/3 |
| शशांक सिंह रन आउट (कोहली) | 37 | 19 | 4/2 |
| जीतेश शर्मा बोल्ड कर्ण | 5 | 4 | 1/0 |
| लिविंगस्टोन कैच कर्ण बो स्वप्निल | 0 | 2 | 0/0 |
| सैम कुरेन बो लॉकी | 22 | 16 | 2/0 |
| आशुतोष शर्मा पगबांधा सिराज | 8 | 5 | 0/1 |
| हर्षल कैच लॉकी बो सिराज | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल चाहर नाबाद | 5 | 5 | 1/0 |
| अर्शदीप सिंह कैच कर्ण बो सिराज | 4 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 3-0-28-2, सिराज 4-0-43-3, यश दयाल 2-0-22-0, लॉकी 3-0-29-2, जैक्स 1-0-5-0, ग्रीन 1-0-16-0, कर्ण 3-0-36-2

## चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची रियल मैड्रिड



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रीयाल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई। फाइनल में रियल मैड्रिड की भिड़ंत एक जून को लंदन में बोरूसिया डोर्टमंड से होगी।

# केएल राहुल की कप्तानी की आलोचना अंतिम मैचों में भी कर सकते हैं अगुवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को करारी हार के बाद आईपीएल प्ले ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर होने से लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर बहस तेज हो गई है। अटकलें लगाई जा रहीं थी कि कप्तान स्वयं अपना पद छोड़कर बाकी बचे दो मैचों में अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान दे सकते हैं। हालांकि सिर्फ दो मैच बचे होने के कारण राहुल के टीम की अगुआई करते रहने की उम्मीद है।

आईपीएल के सूत्र अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अगले मैच से पहले पांच दिन का ब्रेक है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है लेकिन समझा जा रहा है कि अगर राहुल बाकी बचे दो मैच में सिर्फ अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाते हैं तो प्रबंधन को कोई दिक्कत नहीं होगी। सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी हार के बाद लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका का राहुल के साथ नाराजगी में बात करने का वीडियो सोशल मीडिया पर आया था।

# डायमंड लीग के जरिए ओलंपिक की तैयारी करेंगे नीरज और किशोर

**दोहा, एजेंसी**

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भाला फेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। चोपड़ा ने कहा मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है। यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा।

### ओमेगा ने नीरज चोपड़ा को खेल दूत बनाया



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक टाइमकीपर (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है। चोपड़ा भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी है। ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

# भारतीय महिला टीम ने किया क्लीन स्वीप 5-0 से जीती शृंखला



**सिलहट।** दयालन हेमलता (37) और स्मृति मंधाना (33) रनों की पारियों और उसके बाद गेंदबाजी में राधा यादव के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को पांचवें टी-20 मैच में बांग्लादेश की टीम को 21 रन से हराते हुए शृंखला 5-0 से अपने नाम कर ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 157 रनों का लक्ष्य दिया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 156 रन बनाए। 156 रनों के जवाब में मेजबान बांग्लादेश के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन रहा और वे भारतीय गेंदबाजी के आगे टीक नहीं सके। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 135 रन ही बना सकी और मुकाबला 21 रन से हार गई।

## बॉलीवुड हलचल

# सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। कहा जा रहा है कि सलमान खान की एक्शन ड्रामा फिल्म सिकंदर के लिए अभिनेत्री का नाम फाइनल हो गया है। रश्मिका मंदाना फिल्म सिकंदर में सलमान खान के अपोजिट काम करती नजर आ सकती हैं। माना जा रहा है कि रश्मिका मंदाना सुपरस्टार सलमान खान के साथ पहली बार काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार भी हैं। फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




### मनोज की भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। भैया जी, मनोज बाजपेयी के करिअर की 100वीं फिल्म है। भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरूआत में फिल्म का एक किरदार बार-बार पूछता है कि भैया जी कौन है? बार-बार पूछने पर भी जब उसे जवाब नहीं मिलता तो वह एक बार फिर चिल्लाकर पूछता है। इसके जवाब में दूसरा किरदार कहता है कि पॉलिटिक्स की बात करें को सत्ता पक्ष को विपक्ष और विपक्ष को सत्ता पक्ष करने के मास्टरमाइंड भैया जी। उनके फावड़े ने हजारों कुकर्मियों को संसार से मुक्त किया है। एक समय था, जब कुकर्मी मात्र उनकी कहानियां सुनकर कुकर्म त्याग देता था। उस समय सरकार भी वही थे, प्रजा भी वही थे, क्राइम भी वही थे, कानून भी वही थे। भैया जी, रॉबिन हुड नहीं हैं वो उसका बाप है। भैय्या जी, गांव पुपड़ी, जिला सीतामंडी, बिहार। एक सीन में मनोज बाजपेयी ऐलान करते हैं कि निवेदन नहीं नरसंहार होगा, नरसंहार। मनोज बाजपेयी इस फिल्म को को-प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म 24 मई को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# वैजयंतीमाला समेत कई हस्तियां अलंकृत





डॉ. वैजयंतीमाला बाली, जोशना चिनप्पा और कोनिडेला चिरंजीवी को पुरस्कार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित।

- सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज दिवंगत एम. फातिमा बीवी को पद्म भूषण से किया गया सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश (दिवंगत) एम. फातिमा बीवी को पद्म भूषण से सम्मानित किया।

इसके अलावा अभिनेत्री वैजयंतीमाला बाली और अभिनेता कोनिडेला चिरंजीवी को भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने अंडमान और निकोबार की किसान के. चेल्लाम्मल को कृषि के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में जोशना चिनप्पा, हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक सोम दत्त बट्टू, कृषि के क्षेत्र में सत्यनारायण बेलेरी और कला के क्षेत्र में जॉर्डन लेप्चा को पद्मश्री से सम्मानित किया। उन्होंने मीडिया दिग्गज होर्मूसजी एन. कामा को दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ। उन्हें साहित्य एवं शिक्षा-पत्रकारिता के क्षेत्र में पुरस्कार मिला है। राष्ट्रपति मुर्मू ने मूर्तिकार ए. वेलु आनंद चारी को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में सत्यब्रत मुखर्जी (मरणोपरांत) को पद्म भूषण प्रदान किया। बता दें, इस साल 132 पद्म पुरस्कार को मंजूरी दी थी।

# वैवाहिक संबंध बनाने को पैरोल की अनुमति नहीं देता कानून

- दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से किया इनकार, लिव-इन पार्टनर से संतान पैदा करना चाहता है कैदी

नई दिल्ली, एजेंसी

उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी को राहत देने से इनकार करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि कानून और जेल नियमों के अनुसार एक दोषी व्यक्ति अपने लिव-इन पार्टनर से संतान पैदा करने के लिए मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकता है, जबकि उसका जीवनसाथी जीवित है और उसके पहले से ही बच्चे हैं।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि जेल नियम किसी कैदी को वैवाहिक संबंध बनाए रखने के आधार पर पैरोल की अनुमति नहीं देते हैं। अदालत ने कहा कि लिव-इन पार्टनर की बात छोड़ दें किसी की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी के साथ भी दाम्पत्य संबंध बनाए रखने के आधार पर पैरोल देने की अनुमति नहीं देता है। अदालत ने उक्त टिप्पणी करते हुए कैदी की जमानत याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता कैदी ने पहले यह जानकारी नहीं दी थी कि महिला उसकी लिव-इन पार्टनर है। याचिका में महिला को उसकी पत्नी बताया गया था।

याची ने यह भी नहीं बताया था कि वह अपनी पहली पत्नी से कानूनी तौर पर अलग नहीं हुआ है और उसके तीन बच्चे हैं। दिल्ली जेल नियमों के अनुसार एक कैदी को अपने पारिवारिक जीवन में निरंतरता बनाए रखने और पारिवारिक और सामाजिक मामलों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए पैरोल या छुट्टी दी जा सकती है। अदालत ने पैरोल देने से इनकार करते हुए कहा है कि, परिवार के सदस्य में याचिकाकर्ता का लिव-इन पार्टनर शामिल नहीं होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने छात्र वीजा नियम बदले, आज से लागू




*ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय छात्र वीजा सेविंग की अनिवार्यता में इजाफा कर दिया है। अब भारतीय और अन्य अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पाने के लिए 16 लाख 29 हजार रुपये की सेविंग के प्रूफ अपने बैंक अकाउंट में दिखाने होंगे। ऑस्ट्रेलिया सात महीने के दौरान वीसा सेविंग में 41% की बढ़ोतरी कर चुका है। पिछले साल अक्टूबर तक भारतीय स्टूडेंट को वीजा पाने के लिए 11 लाख 54 हजार रुपये अपने सेविंग बैंक अकाउंट में दिखाने होते थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने सेविंग लिमिट को 13 लाख 44 हजार रुपये कर दिया था। अब इसे बढ़ाकर 16 लाख 29 हजार रुपये कर दिया है। नए नियम 10 मई यानी आज से लागू होंगे।*

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे

ऑस्ट्रेलिया में अभी 1.22 लाख भारतीय छात्र हैं। दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 के दौरान भारतीय छात्र 48 फीसदी घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्टूडेंट्स को दाखिले के लिए मिनिमम स्कोर को 5.0 से बढ़ाकर 5.5 कर दिया है। हर पखवाड़े में स्टूडेंट वर्क ओवर को 56 घंटे से घटा कर 48 घंटे कर दिया गया। कोई भी छात्र अपने मुख्य कोर्स के साथ एक समय में दूसरे कोर्स में भी एनरोलमेंट नहीं करा पाएगा।

## अग्रेजी भाषा टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना जरूरी

इसके अलावा, इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट में भी अच्छे नंबर लाना अब जरूरी कर दिया गया है। साथ ही सरकार छात्रों को ऐसे तरीके अपनाने से रोक रही है जिनसे वो अपना वीजा एक्सटेंड करवा सकें। ऑस्ट्रेलिया में दिए गए अस्थायी छात्र वीजा की संख्या जुलाई 2023 में 6,54,870 के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है।

## पढ़ाई के साथ खर्च निकाल सकेंगे छात्र

विदेशी छात्रों को ऑस्ट्रेलियन वीज़ा के लिए क्वालीफाई करने के लिए कम से कम 16,29,964 सेविंग दिखाना होगा, ये नियम कल यानी 10 मई, 2024 से लागू होगा। सरकार का ये कहना है कि ये बदलाव इसलिए किया जा रहा है ताकि छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के दौरान जरूरी खर्च निकाल सकें।

## एक नजर

### एनआईए की कार्रवाई, आतंकवाद से जुड़ी चार और संपत्तियां जब्त

**नई दिल्ली।** एनआईए ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकवादी संगठन हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के सदस्यों की चार और संपत्तियों को जब्त किया है। एनआईए की ओर से जारी बयान के अनुसार, जिन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकी साजिश रचने और आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए किया गया था, सभी आरोपी मोहम्मद आलम भट, मोहम्मद यूसुफ ख्वाजा, शब्बीर अहमद गखड और जाकिर हुसैन मीर की थीं, जो हिज्बुल के पाकिस्तान स्थित आकाओं/गुर्गों/ हिज्बुल मुजाहिदीन के कमांडरों से जुड़े थे।

### सिंगापुर: धोखाधड़ी के जुर्म में भारतवंशी को आठ साल की सजा

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक घोटालेबाज को छह लोगों से 28.5 लाख सिंगापुरी डॉलर (21 लाख डॉलर) तक की ठगी करने के जुर्म में गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई। मीडिया के अनुसार, 47 साल के मुरलीधरन मुहुंदन ने अपने पीड़ितों को 'फीस', 'कमीशन' और अन्य फर्जी भुगतान के जरिए धोखा दिया। पीड़ितों को पहले के निवेश में पहले ही नुकसान हो चुका था। सिंगापुर के शख्स ने जून 2020 और अक्तूबर 2022 के बीच अपराधों को अंजाम दिया था। अब पांच अप्रैल को उसे 7,37,036 डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी के 18 मामलों में दोषी ठहराया गया। गुरुवार को आठ साल जेल की सजा सुनाई गई।

### हज जायरीन का पहला जत्था सऊदी अरब के लिए रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर से हज जायरीन का पहला जत्था गुरुवार को सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, 642 जायरीन दो उड़ानों से इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल मक्का और मदीना के लिए रवाना हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस साल जम्मू-कश्मीर से 7 हजार से अधिक जायरीन हज पर जाएंगे। जब रिश्तेदारों ने हज जायरीन को विदा किया तब श्रीनगर के हज हाउस में भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और हर साल दुनियाभर के मुस्लिम इसे करने के लिए मक्का और मदीना जाते हैं।

### गुजरात : पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले में एक व्यक्ति को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गुजरात अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बताया कि आरोपी प्रवीण मिश्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों और रक्षा-संबंधित अनुसंधान एवं विकास फर्मों की अत्यधिक गोपनीय जानकारी जुटाई थी। सीआईडी ने उधमपुर स्थित सेना आसूचना से जानकारी मिलने के बाद अपनी जांच शुरू की थी। सीआईडी ने कार्रवाई के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला मिश्रा को भरूच से गरिफ्तार किया है।

# भारत को अस्थिर करने में जुटा अमेरिका

# रूस बोला-पन्नू मामले में आरोप बेतुके

## अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता

मॉस्को, एजेंसी

रणनीतिक साझीदार देश अमेरिका की एजेंसियों की तरफ से कभी भारत की धार्मिक आजादी के मुद्दे पर तो कभी खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर घेरा जा रहा है। ऐसे में भारत का पुराना रणनीतिक साझीदार देश रूस भारत के समर्थन में खुलकर आया है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यहां तक कहा कि अमेरिका भारत को अस्थिर करने की कोशिश में है। पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में अमेरिका की तरफ से कोई ठोस सुबूत नहीं दिया गया है। मारिया ने कहा, 'अमेरिका को भारत के इतिहास और मानसिकता की समझ नहीं है। इसलिए अमेरिका लगातार भारत पर धार्मिक आजादी के मुद्दे पर आधारहीन आरोप लगा रहा है। इसका कारण यह है कि अमेरिका भारत में आंतरिक संतुलन को प्रभावित करना चाहता है और वहां चल रहे आम चुनाव को पेचीदा बना रहा है। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। खालिस्तान समर्थक आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप भारत पर लगाने के मामले में भी जाखारोवा ने कहा, 'अभी तक हमारे पास जो सूचना है उसके मुताबिक अमेरिका ने भारत को अभी तक कोई ठोस सुबूत नही दिया है। इसमें किसी भारतीय नागरिक के शामिल होने की बात सामने नहीं आई है।

अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को नहीं समझता। रूसी विदेश मंत्रालय के इस बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय ने बेहद सधी हुई टिप्पणी की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जब अमेरिका की रिपोर्ट आई थी, तभी हमने अपनी बात सामने रख दी थी। हम यह भी मानते हैं कि अगर कोई हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है तो वह गलत है।

### पन्नू मामले में भारत पर क्या आरोप लगे

अमेरिका ने पिछले साल नवंबर में भारत पर न्यूयॉर्क में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था।



हालांकि अमेरिका ने इस साजिश को नाकाम कर दिया गया था। इसके बाद 29 नवंबर को इस मामले में न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आई थी। इसमें भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता का नाम था। चार्जशीट में लिखा था- मोदी के अमेरिकी दौरे के वक्त पन्नू को मारने की कोशिश की गई। इसकी प्लानिंग भारत के पूर्व सीआरपीएफ अफसर ने की। रिपोर्ट सामने आने के बाद अमेरिका लगातार भारत से मामले की जांच में सहयोग की अपील कर चुका है। वहीं भारत ने अमेरिका के आरोपों को बेतुका बताया है। हाल ही में अमेरिका मीडिया हाउस वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय जांच एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) का हाथ था। रिपोर्ट के मुताबिक पन्नू की हत्या की पूरी प्लानिंग रॉ के एक सीनियर अधिकारी विक्रम यादव ने की थी।

# अमेरिका में भारतीय छात्र लापता, तलाश जारी

वाशिंगटन, एजेंसी



भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ना एक सपना रहा है, लेकिन बीते कुछ समय से यह सपना बुरे सपने में बदलता जा रहा है। दरअसल अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों के गायब होने या हत्या होने की घटनाओं में बढोतरी हुई है।

फिर से अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय और पुलिस के संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द ही रुपेश का पता चल जाएगा। शिकागो पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें रुपेश के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। रुपेश बीती 2 मई से शिकागो के 4300 ब्लॉक से एन शेरिडन रोड से लापता है। इससे पहले मार्च शव बरामद हुआ था।

# कनाडा में गिरफ्तार भारतीयों की नहीं दी गई प्रासंगिक जानकारी

**नई दिल्ली।** निज्जर हत्याकांड में कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतीयों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कनाडा ने हमें गिरफ्तारी के बारे में सूचित किया है, लेकिन हमें कोई औपचारिक संचार नहीं मिला है। इस मामले में हमें कोई विशिष्ट या प्रासंगिक सबूत या जानकारी नहीं दी गई है।

बता दें, पिछले हफ्ते, कनाडा के अधिकारियों ने तीन भारतीय नागरिकों पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था। रणधीर जायसवाल ने कहा, हम लंबे समय से कहते आए हैं कि अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वालों को कनाडा में राजनीतिक जगह दी गई है। उन्होंने कहा, हमारे राजनयिकों को धमकी दी गई और उनके कर्तव्य निर्वहन में बाधा उत्पन्न की गई। जायसवाल बोले, हमने कनाडा के अधिकारियों को यह भी बताया है कि भारत से संबंधित संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा में प्रवेश और निवास की अनुमति दी गई है।

### ऑस्ट्रेलिया: भारतीय छात्र की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में भारत के 22 साल के एमटेक में पढ़ रहे छात्र की हत्या में भारतीय मूल के दो भाई को आस्ट्रेलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार के इन्हें मेलबर्न मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। करनाल के मुनक क्षेत्र के गगसीना गांव के नवजीत सिंह की ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में चाकुओं से सीने पर तीन वार कर हत्या की थी। उसकी हत्या के आरोप में 26 वर्षीय अभिजीत और 27 वर्षीय रॉबिन गार्टन को मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न शहर से गिरफ्तार किया। पुलिस उन्हें विक्टोरिया प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही है। बता दें के कि नोबल पार्क के नवजीत संधू की हत्या और नोबल पार्क के अन्य व्यक्ति को घायल कर दोनों भाई भाग रहे थे।

## भारतवंशी कारोबारी ने हिंदू फाउंडेशन को दिए 10 लाख डॉलर

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी व्यवसायी रमेश भुटाडा ने हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) को 10 लाख डॉलर का चंदा दिया है। उन्होंने कहा- एचएएफ को अगले चार वर्षों में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया। मार्च 2023 में उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित हिंदू विश्वविद्यालय को 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का दान किए थे। यह अमेरिका का एकमात्र संस्थान है जिसमें हिंदू दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाती है।

ह्यूस्टन में एचएएफ के प्रतिभागियों ने भी 450,000 अमेरिकी डॉलर जुटाए। उन्होंने कहा- भारतीय और हिंदू समुदायों पर निशाना साधने की हद पार कर ली है। जिसे गवर्नर गेविन न्यूसम ने वीटो कर दिया है।

### युद्ध विजय का जश्न...



**मॉस्को :** रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की हार का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को विजय दिवस मनाया। सोवियत संघ को 1945 में नाजी जर्मनी के खिलाफ मिली जीत का जश्न रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पिछले करीब एक चौथाई सदी के शासन का अहम हिस्सा रहा है। इस युद्ध में सोवियत संघ के करीब दो करोड़ 70 लाख लोग मारे गए थे। पुतिन बोले- ये मौका सभी पीढ़ियों को एकजुट करता है। ● एजेंसी

## एक्सिस बैंक से 22.29 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में सात पर मामला दर्ज

**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस बैंक से 22.29 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक फाइनेंस कंपनी के सात निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि अदालत के निर्देश पर कफ परेड पुलिस थाना में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी एक्सिस बैंक के 43 वर्षीय सहायक वाइस प्रेसीडेंट की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, बेटर वैल्यू लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के निदेशकों ने मार्च 2016 और मार्च 2020 के बीच एक दूसरे के साथ मिलकर साजिश रची और एक्सिस बैंक से लिया गया ऋण नहीं चुकाया। कंपनी का 2005 से एक्सिस बैंक के साथ लेनदेन था और समय-समय पर ऋण लिया गया था।

# पासपोर्ट कानून के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती



- प्रशांत भूषण की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने टाली सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वकील प्रशांत भूषण की एक याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। इस याचिका में प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान को चुनौती दी है।

प्रशांत भूषण के वकील जयंत भूषण के उपलब्ध न होने के चलते जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने याचिका पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी। प्रशांत भूषण ने पासपोर्ट कानून के प्रावधान के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में प्रावधान में संशोधन की मांग की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने जनवरी 2016 में प्रशांत भूषण की याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिका में पासपोर्ट कानून, 1967 की धारा 6(2)(एफ) की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जिसमें कहा गया है कि किसी अपराध के आरोपी को पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता। साल 1993 में एक नोटिफिकेशन के जरिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया और बदलाव के तहत आरोपी को अदालत से एनओसी जारी करने पर एक साल के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है।

## विज्ञान | वैज्ञानिक बोले-आकार व निर्माण का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी खोज

# सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** खगोल वैज्ञानिकों ने सुदूर अंतरिक्ष में मनमोहक निहारिका देखी है। जिसका आकार हाथ के आकार जैसा निरन्तर फैल रहा है। यह खोज निहारिकाओं के रूप रंग के आकार व निर्माण का पता लगाने मे महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह निहारिका सीजी 4 आकाशगंगा के भीतर मौजूद है।

यह हास्य ग्लोब्यूल्स निहारिका है। इस तरह की 31 निहारिकाओं का पता अभी तक मिल चुका है। इसका आकार कुछ हाथ जैसा नजर आता है। जिस कारण इसका उपनाम भगवान का हाथ भी रखा गया है। जिसे देख प्रतीत होता है कि ब्रह्मांड में यही वह हाथ है, जो ब्रह्मांड को संचालित करता है। बहरहाल यह निहारिका वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह नेबुला पृथ्वी से लगभग 1400 प्रकाश वर्ष दूर है और इसके भीतर गैसों का उत्सर्जन बना हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि निश्चित रूप से यह अलौकिक और असाधारण है। पहली बार कोई ऐसी आकृति देखने को मिली है। विक्टर एम. ब्लैंको 4-मीटर टेलीस्कोप से इसकी तस्वीर ली गई है।

इस दूरबीन का कार्य करोड़ों आकाशगंगाओं का सर्वेक्षण करना है। इस निहारिका में तारों का निर्माण हो रहा है। इसके सिर का हिसा लगभग 1.5 प्रकाश-वर्ष व्यास में फैला हुआ है और पूंछ लगभग 8 प्रकाश-वर्ष लंबी है। इसका सिर घना और अपारदर्शी है, जो पास के तारों से रोशन नजर आता है। खास बात यह है कि यह विसरित लाल चमक से घिरी हुई है, जो इसे मनमोहक रूप प्रदान करता है।



नई मनमोहक निहारिका।

### विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है यह नेबुला

नेबुला संभवत: एक विशाल सुपरनोवा विस्फोट का अवशेष है, और यही कारण हो सकता है कि ग्लोब्यूल्स का अपना अनोखा आकार है। वे मूल रूप से रिंग नेबुला की तरह गोलाकार निहारिका रहे होंगे। यह विस्फोट 10 लाख वर्ष पूर्व हुआ होगा। अलास्का एंकोरेज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

## पाक में फिर आतंकी हमला, 7 श्रमिकों की मौत, एक घायल

**कराची।** पाकिस्तान में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। अशांत बलूचिस्तान प्रांत के बंदरगाह शहर ग्वादर में गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में सात श्रमिक मारे गए और एक घायल है। आतंकी हमले को लेकर अभी किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

ग्वादर पुलिस के अनुसार, अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक आवासीय क्वार्टर पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मृत और घायल व्यक्ति इलाके में नाई की दुकान में काम करते थे और पंजाब के खानेवाल जिले के रहने वाले थे। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि आतंकियों और उनके मददगारों को इसका जवाब दिया जाएगा।

# बेहतर संबंध निभाने में भारत अग्रसर

- जयशंकर बोले-भारत-मालदीव संबंधों का विकास पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित

नई दिल्ली, एजेंसी

तनाव के बीच पहली बार भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को मजबूत करने में सक्षम बनाया।

मूसा से मुखातिब विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, निकटतम पड़ोसियों के रूप में, हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, भारत का सवाल है मालदीव के साथ रिश्ते हमारी पड़ोसी प्रथम नीति और सागर (सागर) दृष्टिकोण पर आधारित है। जयशंकर ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज की हमारी बैठक सफल होगी।

बता दें कि हिंद महासागर में आपसी समुद्री सहयोग के लिए भारत सागर की नीति पर चलता है। इसका मतलब सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन (सागर) है। विदेश मंत्री मूसा का भारत दौरा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं। मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने चुनावी अभियान में 'इंडिया आउट' जैसे नारों का सहारा लिया, तो दूसरी तरफ उनके मंत्रियों ने पीमए मोदी के लक्षद्वीप प्रवास पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। इसके बाद पर्यटन पर आधारित देश मालदीव को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था। विदेश मंत्री जयशंकर ने बातचीत की शुरुआत में ही मालदीव को दो टूक संदेश भी दिया।



नई दिल्ली में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर के साथ मौजूद एस जयशंकर।

### पड़ोसियों से साझेदारी बहुत मूल्यवान

द्विपक्षीय वार्ता के दौरान जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से कहा, दुनिया आज अस्थिरता के साथ-साथ और अनिश्चितता के दौर से भी गुजर रही है। ऐसे समय में दुनिया के सामने कोरोना महामारी जैसी विकराल चुनौती भी आई। प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक कठिनाइयों के दौरान हमने देखा कि पड़ोसियों के साथ घनिष्ठ साझेदारी बहुत मूल्यवान है।